CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

हल्द्वानी, सोमवार 24 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 89 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीएलओ की मौत के आंकड़े वास्तविकता से बहुत अधिक, स्थिति अत्यंत चिंताजनक: खड़गे पेज 2



केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे खेल टाइम्स



सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार सम्पादकीय



बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### एसआईआर अभियान: 19 दिन में 6 राज्यों में 15 बीएलओ की मौत

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) अभियान के बीच बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) की मौतें चिंता का कारण बन गई हैं। 21 नवम्बर की रात से 22 नवम्बर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। मध्य प्रदेश के भोपाल में दो बीएलओ को हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पश्चिम बंगाल में एक महिला बीएलओ ने भी आत्महत्या कर ली। मृतकों के परिजनों ने ज्यादा काम और लक्ष्य पूरा करने के दबाव को मौत का कारण बताया है। निर्वाचन आयोग की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार बड़े राज्यों में राजस्थान में सर्वाधिक 60.54 फीसदी फॉर्म डिजिटलाइज हुए हैं। वहीं, केरल में सबसे कम 10.58 फीसदी फॉर्म डिजिटल हो पाए हैं। कुल 98.98 फीसदी फॉर्म बंट चुके हैं।

### मैदानों में कड़ाके की सर्दी शुरू, चार शहरों में एक्यूआई 300+

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में सर्दी के साथ धुंध का असर बढ़ने लगा है। इसके कारण शहरों में प्रदूषण भी बढ़ गया है। शनिवार शाम को भिवाड़ी, जयपुर, कोटा, टोंक में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। 8 शहरों में एक्यूआई 200 से ऊपर रहा। यूपी और बिहार में अब तक सर्दी से राहत थी, लेकिन सोमवार से तापमान गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इसके कारण, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य का तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की आशंका है। बिहार में 24 नवम्बर के बाद तापमान गिरने लगेगा। 27-28 नवम्बर तक भीषण सर्दी पड़ सकती है। कई शहरों में अभी से घना कोहरे छाने लगा है।

### शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ से संबंधित विधेयक नहीं आएगा: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिए केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है। इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने के बारे में कोई बातचीत नहीं चल रही है। पोस्ट में कहा गया है कि संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है।

# देश में एक दिसम्बर से केस लिस्टिंग का नया सिस्टम: जस्टिस सूर्यकांत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बोले- मेरा फोकस अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या कम करना, आज शपथ ग्रहण
- जस्टिस सूर्यकांत एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे
- लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी सब इसका करेंगे स्वागत



**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट के 53वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले संकेत दिए कि वे एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे। उन्होंने केवल इतना इशारा किया कि सरप्राइज केसों की लिस्टिंग को लेकर है। लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी कि सब इसका स्वागत करेंगे।

देश के सबसे बड़े ज्यूडिशियल ऑफिस का चार्ज संभालने से पहले, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डेजिग्नेटेड, जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उनका मेन फोकस देश की अदालतों में पेंडिंग केसों की भारी संख्या को कम करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के उन मामलों का निपटारा करेंगे, जो हाईकोर्ट में लास्ट स्टेज में हैं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लटके हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने मीडिएशन को भी एक गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि यह लिटिगेंट्स को कोर्ट के बाहर तेजी से सेटलमेंट दिला सकता है। अगर पेंडिंग और प्री-लिटिगेशन केस मीडिएशन से सुलझाए जाते हैं, तो कोर्ट पर बोझ काफी कम हो जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर लीगल जर्नलिस्ट्स के एक ग्रुप को एड्रेस कर रहे थे। जस्टिस सूर्यकांत की बकेटलिस्ट के अनुसार एरियर (पेंडिंग केस) को इंडिविजुअल कोर्ट लेवल पर और पैन-इंडिया बेसिस पर, दोनों तरह से एड्रेस किया जाना चाहिए। एक बड़ा चैलेंज मामलों का ओवरलैप होना है। कई जरूरी केस 5, 7 या 9 जजों की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच को भेजे गए हैं और इस वजह से, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी कई दूसरे केस नहीं देख पा रहे हैं। हजारों मामले इन बड़ी बेंचों के फैसलों का इंतजार करते हुए रुके हुए हैं। इस वजह से, हाईकोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट भी कई कानूनी सवालों की वजह से अटके हुए हैं, जो अभी तक सुलझे नहीं हैं। हालात को करीब से समझने के लिए लगभग एक हफ्ते का समय लगेगा और इस काम में भी कुछ समय लगेगा। एक क्राइटेरिया यह है कि सबसे पुराने केस पहले लिए जाएं। हालांकि, कुछ नए मामले भी हैं जिन पर तुरंत और सच में ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल कोर्ट और एआई के इस्तेमाल को भी ज्यूडिशियल सिस्टम के कामकाज में शामिल किया जा सकता है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो मतलब का बदलाव ला सकती है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब हर लिटिगेंट आखिरी फैसला सुनाने के लिए एक इंसानी कोर्ट की उम्मीद करता है। इसलिए, मुकदमेबाजी में एआई की सीमित लेकिन उपयोगी भूमिका है।

### शीर्ष उल्फा कमांडर, बॉडी गार्ड ने किया सरेंडर

**गुवाहाटी।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के एंटी-टॉक ग्रुप के एक शीर्ष कमांडर और उसके एक साथी ने रविवार को असम राइफल्स के सामने सरेंडर कर दिया। अरुणोदोई दहोतिया उर्फ बिजित गोगोई नाम का यह कमांडर, संगठन की 709 कंपनी से जुड़ा था, जिसे उल्फा (इंडिपेंडेंट) के नाम से भी जाना जाता था। दहोतिया को उल्फा (आई) चीफ परेश बरुआ का भरोसेमंद साथी भी माना जाता है। दहोतिया के साथ उसके एक बॉडी गार्ड, फ्रांसिस असोम ने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

# एआई के गलत इस्तेमाल पर रोक जरूरी: पीएम मोदी

## कहा: अपराध और आतंकवाद में एआई का प्रयोग खतरनाक

जोहान्सबर्ग, वार्ता



- जी-20 में ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम
- इससे बचाव के लिए मजबूत नियम और कानून बनाने चाहिए
- एआई पर अंतर्राष्ट्रीय समझौता होना जरूरी
- एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन जाएगा

**पीएम मोदी** ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी-20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतर्राष्ट्रीय नेता शामिल रहे।

मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल काम्पैक्ट (यानी अंतर्राष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी , सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले मोदी ने बताया था कि, शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा कि मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने एक्स पर बताया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर। इसके साथ ही मोदी ने जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत- ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### जी-20 में पहली बार मेजबानी हैंडओवर नहीं हुई

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 20वां जी-20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी।

अमेरिका चाहे तो सोमवार से डीआईआरसीओ (दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय) के दफ्तर से जी-20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी-20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है।

- ट्रम्प के न आने से नाराज था साउथ अफ्रीका, अमेरिका बोला: यह ठीक नहीं किया

साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने रविवार को जी-20 समिट के समापन का ऐलान किया। दरअसल, हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। ट्रम्प ने कहा कि साउथ अफ्रीका में गोरे ईसाइयों को मारा जा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा जैसा था: सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा की तरह था, जहां हर म्यूजिशियन ने एक साथ मिलकर काम करने वाली भूमिका निभाई, इसी तरह 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी जगहों को तबाह कर दिया।

उन्होंने कहा कि मिलिट्री ऑपरेशन में हालात के बदलने के साथ बदलाव का अंदाजा लगाने की दूर की सोच दिखाई देती है। यह एक ऐसा जवाब था, जो उस पल में नहीं बल्कि सालों की सोच से बना था कि कैसे इंटेलिजेंस, सटीकता और टेक्नोलॉजी मिलकर एक्शन में बदल सकती हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले किए और उसके बाद भारत के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। न्यूक्लियर हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच करीब 88 घंटे तक चली मिलिट्री लड़ाई 10 मई की शाम को एक समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गई। सेना 21वीं सदी में दुनिया प्रतिस्पर्धा और टकराव से भरी है।

- हर म्यूजिशियन ने भूमिका निभाई, 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए

### बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है।

कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। राजनाथ सिंह ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत- पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। यह पाकिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा प्रांत है। जिसकी राजधानी कराची है। प्रांत में उर्दू, सिंधी और अंग्रेजी बोली जाती है।



**कहा: आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, पर सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा**

# दिल्ली ब्लास्ट: उमर को जमात से मिले थे 40 लाख

- हिसाब गड़बड़ हुआ तो उमर व मुजम्मिल झगड़े
- पुलिस ने फरीदाबाद में मस्जिद, घर, होटल, गोदाम खंगाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 नवम्बर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डा. उमर और डा. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था।

एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपये मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था। इधर, फरीदाबाद में पुलिस ने धौज गांव समेत 4 थाना क्षेत्रों में शनिवार को सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम ने दिनभर मस्जिदों, दुकानों, होटलों, घरों व गोदामों में चेकिंग की। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था।

# पाकिस्तानी पत्रकार ने फेक न्यूज फैलाई: फ्रांसीसी नौसेना

## हमने राफेल गिरने की बात नहीं मानी, गलत तरीके से पेश किया अफसर का बयान

- हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते हुए राफेल गिरने का किया था दावा
- रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत : फ्रांसीसी नेवी



**पेरिस।** फ्रांसीसी ने ऑपरेशन सिंदूर में राफेल गिरने की पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर की रिपोर्ट को फर्जी बता दिया है। नौसेना ने कहा है कि राफेल गिरने की बात न तो कभी मानी गई और न ही किसी अधिकारी ने ऐसा बयान दिया।

हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते राफेल गिरने का दावा किया था। फ्रांसीसी नेवी ने बताया कि रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत है। रिपोर्ट में जैक्स लौने कहा गया, जबकि सही नाम कैप्टन यवन लौने है। नेवी ने कहा कि कैप्टन लौने के पद और जिम्मेदारियों को भी बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। फ्रांस के मुताबिक कैप्टन लौने ने न तो राफेल गिराए जाने की कोई बात कही और न ही भारत-पाकिस्तान झड़प को लेकर कोई दावा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल पूछे जाने पर सिर्फ इतना कहा था कि वे इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। इसके बावजूद रिपोर्ट में इसे पुष्टि की तरह पेश किया गया। हामिद मीर ने अपनी रिपोर्ट में कैप्टन लै.नि. के बयान का झूठा हवाला देते हुए भारत के राफेल फाइटर जेट गिरने की बात की। हामिद के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल के गिरना चीन के जे-10 से. की तकनीकी क्षमता की वजह से नहीं, बल्कि ऑपरेशन को संभालने के तरीके वजह से हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल में कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं किया गया। राफेल किसी भी स्थिति में जे-10सी को हरा सकता है। पाकिस्तानी पत्रकार ने कैप्टन लोनै के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया कि दोनों देशों के 140+ फाइटर जेट एक-दूसरे के सामने थे। इतनी बड़ी संख्या में टारगेट होने से किसी भी विमान को मार गिराना आसान था। पाकिस्तान इस जटिल स्थिति को बेहतर तरीके से संभालने में कामयाब रहा। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान का मिस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क एक बार फिर बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि हामिद मीर की रिपोर्ट में राफेल जेट्स को लेकर वही पुराने, मनगढ़ंत दावे दोहराए गए, जिन्हें अब फ्रांसीसी नेवी ने भी झूठा बता दिया है। मालवीय ने यह भी आरोप लगाया कि हामिद मीर के कुछ भारतीय मीडिया संस्थानों से करीबी संबंध हैं, जिससे पाकिस्तान की प्रोपेगेंडा मशीनरी को बढ़ावा मिलता है। एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिकी संसद में पेश हुई इस रिपोर्ट ने भारत के साथ हुई सैन्य टकराव में पाकिस्तान की जीत पर मुहर लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने रविवार को पूरे प्रदेश में गर्व और सम्मान के साथ झंडा दिवस मनाया। लखनऊ में पुलिस डीजीपी राजीव कृष्णा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर पुलिस फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। डीजीपी ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो भी भेंट किया। मुख्यमंत्री की तरफ से यूपी पुलिस के इस अवसर की तस्वीरें साझा की गई हैं। यह आयोजन यूपी पुलिस के इतिहास और गौरव को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन पीएम द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्ट कार्य और पेशेवर दक्षता के लिए आधिकारिक पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

### उपराज्यपाल ने जम्मू में सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिल्ली में पिछले हफ्ते हुए जानलेवा विस्फोट के बाद के हालात की रविवार को समीक्षा की और यहां एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में सुरक्षा बलों की सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया। यह सूचना आधिकारिक सूत्रों ने दी। बैठक में पुलिस, आर्मी, सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ इंटेलिजेंस एजेंसियों और प्रशासन के उच्च अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने के साथ-साथ, सर्दियों की तैयारियों, खासकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के हालात का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्हें जम्मू-कश्मीर में टेरर इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री योगी ने साढ़े तीन करोड़ लोगों को दी बड़ी राहत

# यूपी में अभी नहीं बढ़ेंगे बिजली के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- छह साल पुराने रेट पर ही बनेगा बिल
- बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं अधिकारी: शर्मा

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लगातार छठवें साल बिजली दरें न बढ़ने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

बिजली दरें बढ़ाने को लेकर पावर कॉरपोरेशन की तरफ से नियामक आयोग को प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अब सरकार के इस कदम से अब उपभोक्ताओं को बिजली जलाने के एवज में अतिरिक्त पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब उन्हें छह साल पहले वाली बिजली की जो दरें तय हैं, उन्हीं से बिल का भुगतान करना होगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जनता के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय से स्पष्ट है कि सरकार उपभोक्ता सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ऊर्जा विभाग की पूरी टीम उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आगामी वर्षों में भी सरकार ऐसे निर्णय लेती रहेगी, जो आम जनता के हित में हों। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की जन-केन्द्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल में सरकार ने बिजली के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। यह उपलब्धि प्रदेश को देश का पहला ऐसा राज्य बनाती है, जिसने लंबी अवधि तक अपने उपभोक्ताओं को स्थिर और किफायती बिजली दरों का लाभ प्रदान किया है। यूपी विद्युत नियामक आयोग ने घोषणा की है कि घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित सभी श्रेणियों के लिए बिजली के टैरिफ लगातार छठवें वर्ष भी पहले की ही तरह रखे गए हैं। किसी भी उपभोक्ता पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इस निर्णय से न सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारियों, उद्योगों और किसानों को भी लाभ होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और रोजगार को भी मजबूती मिलेगी। बिजली दरों में स्थिरता उद्योगों को अपनी लागत नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे प्रदेश में निवेश का माहौल भी बेहतर होता है। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय में जब देश के कई राज्यों में बिजली दरें बढ़ाई जा रही हैं।

### गीता का ज्ञान लोगों को बनाएगा स्मार्ट: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म ने हमें सिखाया है कि अच्छे कर्म का फल अच्छा मिलता है और बुरे कर्म का फल बुरा होता है। हमें गीता ने बताया कि फल की इच्छा से इतर निष्काम कर्म ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

सीएम ने स्मार्ट सिटी को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का क्या फायदा जब स्मार्ट सिटीजन ही नहीं होंगे। ऐसे में गीता का ज्ञान लोगों को स्मार्ट बनाने के लिए है। स्वार्थगत तुष्टिकरण के बादल छंट रहे हैं, सनातन का उदय हो रहा है। सीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गीता के संदेश को घर घर और जन जन तक पहुंचाने का है।

# बीएलओ की मौत के आंकड़ों की स्थिति चिंताजनक: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



- बीजेपी की वोट चोरी बीएलओ की जानलेवा बनी
- हम नहीं जागे, तो बिखर जाएगा लोकतंत्र: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है।

यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी सरकार के मतदाता सूची गहन विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा ष्काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं। मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे कहीं अधिक है। जो बेहद चिंता. जनक है। इन परिवारों को न्याय कौन दिलाएगा।ष श्री खड़गे ने चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है। हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है। सत्ता का दुरुपयोग कर संस्थानों के कर्मचारियों से आत्महत्या करवाना, संविधान की धज्जियां उड़ाना और लो. कतंत्र को दुर्बल बनाना भाजपा की सत्ता की भूख का नतीजा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब बस ! अगर अभी भी हम नहीं जागे तो लोकतंत्र के आखरी स्तंभों को गिरने से कोई नहीं बचा सकता। जो लोग एसआईआर और वोट चोरी पर चुप हैं वो इन निर्दोष बीएलओ की मृत्यु के कसूरवार है। आवाज़ उठाइए, लोकतंत्र बचाइए।

# पुलिस झंडा दिवस उत्कृष्ट कार्य उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए: राज्यपाल

लखनऊ, वार्ता



- नीरा रावत ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को फ्लैग लगाया

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने को रविवार को राजभवन में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन, उत्तर प्रदेश, नीरा रावत ने फ्लैग लगाया।

इस मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर हुए संवाद में राज्यपाल ने कहा कि पुलिस झंडा दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम न बनकर पूरे वर्ष में अपराध नियंत्रण, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस इस बात का उत्सव होना चाहिए कि कितना अपराध कम हुआ, कौन-कौन से नवाचार किए गए और समाज सेवा में कितना योगदान दिया गया। राज्यपाल ने नौ से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों की सभी बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत सबसे पहले राजभवन उत्तर प्रदेश से हुई, जिसके बाद इसे विश्वविद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और पुलिसकर्मियों की पुत्रियों तक विस्तारित किया गया है। संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार आयुष्मान कार्ड सात सदस्यों वाले परिवार को ही मिलता है।

# एसआईआर कोई सुधार नहीं थोपा गया जुल्म: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

- विशेष गहन पुनरीक्षण एक सोची-समझी चाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार और चुनाव आयोग को घेरने की कोशिश की है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है, अब इसके नतीजे भी सामने आने लगे। एसआईआर की वजह से पिछले करीब 3 हफ्तों में 16 बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की जान चली गई। राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर एक सोची-समझी चाल है, जहां नागरिकों को परेशान किया जा रहा है और बीएलओ की अनावश्यक दबाव से मौतों को कॉलैटरल डैमेज मानकर अनदेखा किया जा रहा है। यह नाकामी नहीं, षड्यंत्र है और सत्ता की रक्षा में लोकतंत्र की बलि है। राहुल गांधी ने कहा कि इन बीएलओ में से किसी ने काम के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली, तो किसी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। आज भी सैकड़ों बीएलओ भारी तनाव में एसआईआर का काम कर रहे हैं।

### असम में उग्रवाद नियंत्रित करने में तरूण गोगोई की अहम भूमिका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उन्हें राज्य में उग्रवाद को नियंत्रित करने और सौहार्द स्थापित करने वाला नेता बताया। खड़गे ने कहा कि श्री गोगोई की निर्णायक भूमिका ने असम में उग्रवाद को नियंत्रित करने, सौहार्द स्थापित और राज्य में शांति एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गोगोई की पुण्यतिथि पर हम उनके योगदान को याद करते हैं। पूर्वोत्तर भारत के सबसे सम्मानित और कद्दावर नेताओं में से एक श्री गोगोई ने अपना जीवन असम के विकास और कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उग्रवाद पर अंकुश लगाने और राज्य में सद्भाव, शांति और प्रगति लाने में उनकी निर्णायक भूमिका को लोग सदैव याद रखेंगे। जोरहाट के ताई-अहोम परिवार में जन्मे श्री गोगोई 1971 से 1985 तक पांच बार लोकसभा सदस्य चुने गए और इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सरकारों में केंद्रीय मंत्री भी रहे।



सेंसेक्स 85632.68
निफ्टी 26192.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में दिखेगा वैश्विक कारकों का प्रभाव

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अगले सप्ताह वैश्विक कारकों का प्रभाव दिख सकता है। घरेलू स्तर पर शुक्रवार को रुपये में एक प्रतिशत से ज्यादा की भारी गिरावट का असर भी आने वाले सप्ताह में दिख सकता है। इसके अलावा, निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी होने हैं, लेकिन वे शुक्रवार शाम जारी होंगे जिससे उनका असर आने वाले सप्ताह में नहीं दिखेगा।

शेयर बाजारों के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को बाजार तेजी में खुले, लेकिन अगले ही दिन लुढ़क गए। मंगलवार और शुक्रवार को फिर तेजी दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नि“टी.50 सूचकांक इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अंतिम कारोबारी दिवस पर इसमें गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 669. 14 अंक द्ध0.79 प्रतिशतत्र मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। नि“टी-50 भी 158.10 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 26,068. 15 अंक पर पहुंच गया। खास बात यह रही कि जहां दिग्गज कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही,वहीं मझौली और छोटी कंपनियों की सूचकांक साप्ताहिक गिरावट में रहा। नि“टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.55 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 2.22 प्रतिशत लुढ़क गया। यह दिखाता है कि बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा नकारात्मक रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 में साप्ताहिक तेजी और अन्य 13 में गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 3.06 फीसदी चढ़ा। इंफोसिस में 2.80 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 2.62 फीसदी, पावरग्रिड में 2.34, टाइटन में 2.10, मारुति सुजुकी में 1.92 और रिलायंस में 1.78 फीसदी की मजबूती दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.57 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.49, टीसीएस का 1. 45 और सनफार्मा का 1.33 प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने सबसे अधिक 7.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। टाटा स्टील का शेयर 3.53 फीसदी, बीईएल का 2.52, अडानी पोर्ट्स का 2.13, बजाज फाइनेंस का 1.30, अल्ट्राटेस सीमेंट का 1. 14 और एशियन पेंट्स का 1.04 प्रतिशत लुढ़क गया।

### मदरसा शिक्षक से होगी 16.59 लाख की रिकवरी

**लखनऊ।** यूपी में राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार पर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान के पाकिस्तान से अवैध संबंध उजागर होने के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित किया गया है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शिक्षक को विदेश में रहते हुए भी वेतन और अन्य लाभ दिलाए। इस मामले में 16.59 लाख की वसूली और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा इस मामले से जुड़े जितने भी अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उन सभी को विभागीय जांच के दायरे में लाया गया है। ये भी संभावना है कि आगे और अधिकारियों और कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। ये मामला आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान से जुड़ा है, जिसके पाकिस्तान से अवैध कनेक्शन पाए गए थे। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शमशुल हुदा खान को विदेश में रहते हुए भी वर्षों तक वेतन, चिकित्सा अवकाश और स्वैच्छिक सेवा. निवृत्ति (वीआरएस) जैसे लाभ दिलाए।

# गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट दालें मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। गेहूं और चीनी के दाम घट गए जबकि दालों में तेजी देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत लगभग स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,819.66 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं नौ रुपये की टूटकर 2,848.14 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 11 रुपये फिसलकर 3,301.38 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मूंगफली तेल औसतन 60 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 43 रुपये और वनस्पति की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में साप्ताहिक तेजी रही। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल और मूंग दाल के भाव लगभग स्थिर रहे। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 32 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल-दलहन : दाल चना 7858.64 रुपये, मसूर काली 8113.10 रुपये, मूंग दाल 10087.75 रुपये, उड़द दाल 10380.68 रुपये, तूअर दाल 10544.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2848.14 रुपये और चावल 3819.66 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्र 3301.38 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4319.72 रुपये और गुड़ 4976. 91 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एआई के...**

हुए। इसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान मोदी ने कहा कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है, आईबीएसए को दुनिया को एक संद. ेश देना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी हो गया है।

ये संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकता से बहुत दूर हो चुकी हैं। अब बदलाव का समय आ गया है। आतंकवाद के मुद्दे पर कोई दोहरा मापदंड नहीं चल सकता। तीनों देशों को इस लड़ाई में पूरा समन्वय रखना होगा। तकनीक का इस्तेमाल इंसानों के विकास के लिए किया जाए। इसके लिए एक नया 'आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस' बनाया जाना चाहिए। खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए 'आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजि. लिएंट एग्रीकल्चर' शुरू किया जाए। यह कोष जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि को मजबूत बनाने में मदद करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बायकाट के बावजूद 20वीं जी-20 समिट के पहले दिन शनिवार को सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। वहीं, ट्रम्प ने आखिरी सेशन में 2026 की मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। इस बार के जी-20 समिट में दो बड़ी परंपराएं टूट गईं और यही वजह है कि यह बैठक ऐतिहासिक रूप से अलग मानी जा रही है। पहली परंपरा मेजबानी सौंपने की है। हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, इस साल के मेजबानी देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' (अध्यक्षता का प्रतीक) सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमे. रिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। 2024 में जी-20 की मेजबानी अमेरिका (सैन फ्रांसिस्को) ने की थी, इसलिए गवेल ट्रम्प को ही सौंपना था। लेकिन उनकी गैरहाजिरी की वजह से साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने खाली कुर्सी को मेजबानी सौंपने का ऐलान किया है।

# लखनऊ घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग उठी

- 52 देशों के जजों ने की विश्व शांति के लिए सुधार की अपील

**लखनऊ।** लखनऊ घोषणा पत्र में 52 देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में तत्काल सुधार की अपील की। विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। यह सम्मेलन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावना पर आधारित रहा, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लखनऊ में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का रविवार को सफल समापन हुआ। प्राइवेट सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। समापन पर 52 देशों के 160 से अधिक मुख्य न्यायाधीशों और न्यायविदों ने सर्वसम्मति से 'लखनऊ घोषणा पत्र' जारी किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन)में सुधार की अपील की गई। यह सम्मेलन 20 से 23 नवंबर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ की मेयर, सुषमा खर्कवाल ने घोषणा पत्र जारी करते हुए यूएन में तत्काल सुधार, विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सभी देशों के प्रयासों पर बल दिय। सम्मेलन में न्यायविदों ने यूएन सुधार, मूलभूत अधिकारों की रक्षा, सभी धर्मों के सम्मान और स्कूलों में नागरिक व शांति शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेयर ने कहा कि यह घोषणा पत्र समता और शांति आधारित नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रात: सत्र में 'बिल्डिंग टुमारोज़ लीगल आर्किटेक्चर' विषय पर चर्चा हुई, जिसमें मिस्र, इस्वातिनी, अर्जेंटीना और सामोआ के शीर्ष न्यायाधीशों ने मध्यस्थता, न्यायिक सहयोग और निरंतर संवाद को वैश्विक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहले दिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि न्याय न केवल समता का बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके भविष्य का आधार बनना चाहिए। वहीं सम्मेलन संयोजिका गीता गांधी किंगडन ने कहा कि यह मंच गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान को दिशा देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## सीएम ने लक्ष्य सेन को खिताब जीतने पर दी बधाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन पर वार्ता कर बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य सेन की यह शानदार उपलब्धि उत्तराखण्ड ही नहीं, सम्पूर्ण देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की मेहनत, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करता है कि लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ हर कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने लक्ष्य सेन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और देवभूमि उत्तराखंड का नाम इसी प्रकार रोशन करते रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में किया प्रतिभाग

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के तहत उत्तराखंड पवेलियन में उत्तराखंड दिवस समारोह एवं इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नाट्यशाला थियेटर में उत्तराखण्ड के लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस वर्ष व्यापार मेले की थीम ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' रखी गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला हमारी संस्कृति, हस्तशिल्प, और समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का अवसर प्रदान करता है। यही नहीं इस मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से हमारी लोक संस्कृति और उत्तराखंडी परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिलती है।

# एक युग का अंतः शहर क़ाज़ी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी के आखरी दीदार को लगी लंबी कतारें, ग़मगीन फिज़ा में किया सुपुर्द-ए-खाक़

■ हजारों की भीड़ उमड़ी, हिन्दू-मुस्लिम सभी वर्गों ने शिरकत की, शहर के कई बाजार रहे बंद

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की रूहानी व इल्मी शख्सियत शहर काजी व जमीअत उलमा-ए-हिन्द उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी को रविवार दोपहर नम आंखों के साथ सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। शनिवार देर शाम 75 वर्ष की उम्र में उनका इंतकाल हो गया था।

रविवार सुबह ठीक 9 बजे मौलाना कासमी को भंडारी बाग स्थित आवास से अंतिम दर्शन के लिए जामा मस्जिद, पलटन बाजार लाया गया। मस्जिद के भीतर और बाहर दूर-दूर तक जनसमूह की कतारें नजर आईं। बुजुर्ग, नौजवान हर वर्ग से लोग उनके अंतिम दीदार के लिए पहुंचे। मस्जिद के आसपास की गलियाँ मानो इंसानी सैलाब से भर गईं।

सुबह 11 बजे उनकी नमाज-ए-जनाजा दारूल उलूम देवबंद के उस्ताद, मुफ्ती रियासत कासमी साहब ने अदा कराई। जनाजे में शिरकत करने वालों की तादाद इतनी ज्यादा थी कि पलटन बाजार से लेकर गांधी रोड, तहसील चौक तक सड़कें और गालियाँ भर गईं। पल्टन बाजार से उनका जनाजा तहसील बाजार, तहसील चौक, गांधी रोड, इन्नामुल्ला बिल्डिंग, प्रिंस चौक से होकर चंदर नगर कब्रिस्तान पहुंचा। जनाजे को कंधा देने के लिए होड़ लगी रही। हर कोई शहर काजी को कंधा देकर सवाब (पुण्य) पा लेना चाहता था।

**अंतिम यात्रा में यह रहे मौजूद**

नमाज के बाद जनाजा जुलूस को पलटन बाजार से चंदर नगर कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां मौलाना कासमी को नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शहर काजी की तदफीन में शहर मुफ्ती सलीम अहमद कासमी, जमीअत के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, सरदार अमर जीत सिंह, महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी, कालिका मंदिर समीति के सदस्य, कालू भगत, जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कासमी, देहात काजी मौलाना रिसालुद्दीन हक्कानी,

मुफ्ति नाजिम अशरफ, मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, अब्दुल सत्तार, मुफ्ती अयाज अहमद, हाफिज मौहम्मद शाहनजर, मुफ्ती ताहिर कासमी, मुफ्ति वासिल कासमी, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी, मदरसा बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष गुलजार अहमद, हाजी सुलेमान अंसारी, मौलाना अब्बास कासमी, मौलाना अब्दुल कादिर, मुफ्ति हुजैफा कासमी, मौलाना आमिर कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, आकिब कुरैशी, इताअत खान, ताहिर अली, जामा मस्जिद पलटन बाजार के अध्यक्ष नसीम अहमद, सचिव वसीम अहमद समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

### हिन्दू-मुस्लिम सभी वर्गों ने दी अंतिम विदाई

मौलाना कासमी के जनाजे में सभी धर्मों और वर्गों के लोग शामिल हुए। हिन्दू समाज के कई गणमान्य लोग और संगठनों के प्रतिनिधि भी जनाजे में मौजूद रहे, जो इस बात का प्रमाण है कि मौलाना कासमी ने अपने जीवन में इंसानियत, सद्भाव और भाईचारे का जो पैगाम दिया, उसने हर दिल को छुआ था। उनकी अदम्य लोकप्रियता और इज्जत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पलटन बाजार, तहसील चौक, गांधी रोड सहित तमाम बाजार नमाज-ए-जनाजा तक पूरी तरह बंद रहे।



## सबके प्यारे थे शहर काजी: हरीश रावत

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जो अच्छे लोग होते हैं, ईश्वर/अल्लाह उन्हें बहुत प्यार करता है। ऐसे ही सबके प्यारे थे देहरादून के शहर काजी हजरत कासमी साहब। अपनी धार्मिक निष्ठा के साथ-साथ वे सामाजिक समन्वय और समावेशिता के प्रतीक थे। उनका जाना बहुत खलेगा। उनके निधन की खबर ने मुझे झकझोर दिया, हृदय अत्यंत दुखी है। अल्लाह, उन्हें अपने पास उच्च स्थान दे और उनके परिजनों को इस बड़े दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## शहर काजी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेसी



**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** मरहूम शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना पार्टी पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। शहर काजी को प्रदेश कांग्रेस की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए धस्माना ने कहा कि शहर काजी साहब एक बेहतरीन खुश मिजाज व अमन पसंद धार्मिक नेता थे और हमेशा शहर में अमन चौन और आपसी धार्मिक सौहार्द के पक्षधर रहे। धस्माना के साथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, अभिनव थापर, पार्षद ऐतात खान, पार्षद आयुष गुप्ता, कमर सिद्दीकी,दिनेश कौशल, शहजाद, फारुक व यामीन खान आदि साथ रहे।

## उनकी सादगी व अखलाक को हमेशा याद रखा जाएगा: रौतेला

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योती रौतेला ने कहा कि देहरादून शहर काजी मौलाना मुहम्मद अहमद कासमी साहब के इंतकाल की खघ्बर बड़े दुख के साथ प्राप्त हुई। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इल्म, इंसाफ, अमन और मोहब्बत की खिघ्दमत में लगा दिया। उनकी सादगी, उच्च अखघ्लाक और समाज को जोड़ने वाली सोच को हमेशा याद रखा जाएगा। अल्लाह तआला उनसे रजामंद हो, उनकी मगफिरत फरमाए और जन्नतुल फिरदौस में बुलंद मुकाम अता करे।

## आजादी के बाद से देहरादून के तीसरे शहर क़ाज़ी थे मौलाना कासमी

**मोहम्मद शाह नज़र**

**देहरादून।** शहर काजी हजरत मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी साहिब का जीवन एक ऐसे रहबर का जीवन था जिन्होंने शहर, समाज और दीन, तीनों की सेवा को अपना फर्ज समझकर निभाया। वर्ष 1981 में महज़ 31 साल की आयु में मौलाना कासमी ने जामा मस्जिद पलटन बाजार के इमाम और शहर क़ाज़ी की बड़ी जिम्मेदारी को संभाला था, तब से लगातार 44 साल तक शहर क़ाज़ी के तौर पर मौलाना कासमी ने देहरादून के मुसलमानों की रहनुमाई की। मस्जिद के अध्यक्ष नसीम अहमद ने बताया कि बादशाह ओरंगजेब के समय से ही इस मस्जिद को शाही मस्जिद का दर्जा प्राप्त है, आजादी के बाद पहले मौलाना मो. मिन और फिर हाफिज़ अय्यूब शहर क़ाज़ी रहे, 1981 से मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी शहर क़ाज़ी हैं। कासमी लंबी अवधि तक जमीअत उलमा-ए-हिंद उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड में वे मान्यता समिति के सदस्य रहे।

मौलाना तहफ्फुज खत्मे नुबुव्वत के संरक्षक रहे और इस अहम जिम्मेदारी को हमेशा ईमानदारी, सलीके और इल्मी हिकमत के साथ निभाया। उन्होंने हमेशा आक्रोश के बजाय इल्म, दलील और अमन के रास्ते को तरजीह दी। फ्रेंड्स ऑफ एजुकेशन नामी तंजीम का क्याम किया।

■ 31 वर्ष की आयु में जनवरी 1981 में संभाली थी जिम्मेदारी

■ साइकिल से आते थे मस्जिद



# महिलाओं के हाथ में 281 सहकारी समितियों की कमान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की सहकारी समितियों के चुनावों में महिला सशक्तिकरण की जबरदस्त छाप देखने को मिली है। प्रदेशभर की कुल 668 समितियों में से 281 समितियों की कमान महिलाओं के हाथों में रहेगी, जबकि 159 समितियों में उपाध्यक्ष पद पर भी महिलाओं ने जीत दर्ज की है। इसके अतिरिक्त विभिन्न समितियों के संचालक मण्डल में 2517 महिलाएं निर्वाचित हुई हैं, जो सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का प्रणाम है। इसके साथ ही उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है जहां सहकारिता में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया गया।

उत्तराखंड में सहकारिता आंदोलन को गति देने के लिये राज्य सरकार ने सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये 33 फीसदी आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। सरकार के इस निर्णय ने सहकारी समितियों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की मजबूत नींव रखी है। प्रदेश की कुल 671 प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (एम-पैक्स) में हुये चुनावों में कुल 6486 संचालक निर्वाचित हुये जिनमें से लगभग 39 फसदी यानी 2517 महिलाएं विजेता बनी। जिनमें अल्मोड़ा जनपद में 254, बागेश्वर 66, चम्पावत 101, नैनीताल 213, पिथौरागढ़ 281, ऊधमसिंह नगर 154, चमोली 174, देहरादून 173, हरिद्वार 191, पौड़ी 382, रूद्रप्रयाग 138, टिहरी 237 तथा उत्तरकाशी में 153 महिलाएं संचालक मंडल में निर्वाचित हुई।

सिर्फ संचालक मण्डल में ही नहीं बल्कि महिलाओं ने पदाधिकारी स्तर के पदों पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्रदेश की कुल 668 निर्वाचित समितियों में से 281 समितियों की कमान अब महिलाओं के हाथों में रहेगी। जिनमें अल्मोड़ा जनपद में 25, बागेश्वर 7, चम्पावत 10, नैनीताल 19, पिथौरागढ़ 35, ऊधमसिंह नगर 18, चमोली 16, देहरादून 15, हरिद्वार 21, पौड़ी 58, रूद्रप्रयाग 14, टिहरी 30 तथा उत्तरकाशी की 13 समितियां शामिल हैं। इसी प्रकार 159 समितियों में महिलाओं ने उपध्यक्ष के पद पर जीत हासिल की। सहकारी समितियों में महिला प्रतिनिधित्व न केवल सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला नेतृत्व और सामुदायिक विकास को भी सशक्त बनायेगा।

■ संचालक मण्डल में 2517 महिलाओं का दबदबा, 159 बनी उपाध्यक्ष, उत्तराखंड के सहकारिता चुनावों में दिखी महिला सशक्तिकरण की छाप

प्रदेश की सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी सहकारिता आंदोलन में एक नई ऊर्जा और गति का संचार करेगी। साथ ही महिलाओं के नेतृत्व से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता जैसे मूल्य और अधिक मजबूत होंगे। – **डॉ. धन सिंह रावत, सहकारिता मंत्री, उत्तराखंड।**



# भाजपा ने तेज की पार्षद, सभासद और समितियां में नामित सदस्यों के लिए कयावद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** नगर निकायों में पार्षद एवं सभासद के साथ विभिन्न विभागों की समितियां में नामित सदस्यों के मनोनयन के लिए भाजपा संगठन ने अपनी कयावद तेज कर दी है। पार्टी का प्रयास है कि सरकार के कार्यों का अधिक से अधिक लाभ जनता तक पहुंचाने के मकसद से होने वाली इन नामित नियुक्तियों में अभिरुचि अनुसार योग्य व्यक्तियों का चयन हो।

प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड नगर निकाय चुनाव पूर्ण होने के बाद सरकार सभी नगर निगमों में पार्षद और नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में सभासद, तय नियमावली अनुसार मनोनीत करने जा रही है। इसी तरह विभिन्न सरकारी विभागों की समितियां में भी उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का भी शीघ्र मनोयन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रमुख रूप हैं, समाज कल्याण, विद्यालय एवं शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उद्योग, पेयजल, कौशल विकास एवं सेवायोजन आदि विभाग में सदस्यों एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में एक उपाध्यक्ष और सदस्य नामित होने हैं। जो जिला स्तर पर ब्लॉक स्तर पर भी नामित किए जाने हैं।



उन्होंने कहा, राज्य के विकास और जनता को अधिक लाभ दिलाने की दिशा में नामित होने वाले व्यक्तियों में योग्यता, अभिरुचि, उपलब्धता, सक्रियता, क्षेत्रीय, सामाजिक समीकरणका संज्ञान रखा जाता है। इसमें पार्टी संगठन का प्रयास है

अच्छे लोगों का चयन हो ताकि सरकार के काम सुचारू रहे और जनता की समस्या का आसानी से निराकरण हो सके। लिहाजा इन सभी मानकों पर जो भी कार्यकर्ता उचित पाए जाते हैं उनका अधिक से अधिक मनोनयन कराने की दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। फिलहाल इस विषय को लेकर हमारी कयावद तेज हो चुकी है और सक्षम एवं योग्य कार्यकर्ताओं की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सर्दी में सिर से छिन गया छत का सहारा

**विकासनगर।** सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ धामी सरकार का बुलडोजर एक्शन लगातार जारी है, जिससे अतिक्रमणकारियों एक बार हड़कंप मच गया है। रविवार को तहसील विकासनगर की टीम ने ढकरानी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई शुरू की है। प्रशासन की टीम ने पूर्व में भी डाकपत्थर, नवाबगढ़, भीमावाला, ढकरानी, ढालीपुर और कुल्हाल क्षेत्र में यूजेवीएनएल की सरकारी जमीनों पर बड़े पैमाने पर हुए अवैध कब्जों को कब्जा मुक्त कराया था। इस बार भी इन्हीं क्षेत्रों में बीते सप्ताह चिन्हित किए गए 116 अवैध कब्जों और उस पर किए गए निर्माणों को बुलडोजर की मदद से कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं महिलाएं कार्रवाई को गलत बताते हुए बुलडोजर के आगे लेट गई, उनका कहना था कि हमारे ऊपर से बुलडोजर चढ़ा कर मकान ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करेगा।



# कर्तव्यनिष्ठा ही पटेल को सच्ची श्रद्धांजलिः रेखा

## सोमेश्वर विधानसभा में रन फॉर यूनिटी, कांग्रेस के कई नेता भाजपा में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सोमेश्वर में 'रन फॉर यूनिटी' पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या अपने निजी आवास से शहीद स्मारक तक आयोजित इस यात्रा में सम्मिलित हुई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक धागे में पिरोने का महान कार्य किया था। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए ही सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। रन फॉर यूनिटी में भाजपा जिला




अध्यक्ष महेश नयाल, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, मंडल अध्यक्ष सोमेश्वर सुंदर सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष ताकुला जगदीश डंगवाल, मंडल अध्यक्ष स्याहीदेवी गणेश जलाल, मंडल अध्यक्ष मजखाली दीपक बोरा, मंडल अध्यक्ष कंडारकुआं हरीश परिहार, मोहन दोसाद, देवेंद्र नयाल, अंजलि जोशी, महेश्वर सिंह, संजीव श्रीवास्तव, खड़क सिंह नेगी, जयंत सिंह कैड़ा, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी पीतांबर प्रसाद सहित कई स्कूलों के बच्चे, शिक्षक और समाजसेवी मौजूद रहे। वहीं, ताकुला ब्लॉक के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शेर सिंह बिष्ट ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने अपने साथियों समेत कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बचीकुची कांग्रेस पार्टी जल्द ही नेता विहीनता की स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकारों की नीतियों के चलते जनता का जो रुझान है, उसे देखते हुए अब हर कोई भाजपा के साथ आना चाहता है। इस अवसर पर पिंकी आर्या, दीवान राम, ग्राम प्रधान लोद हिमांशु मैनाली, उप प्रधान लोद हेमंत रमोला, ग्राम प्रधान लद्यूडा पंकज पांडे, गांव लोक से सामा. जिक कार्यकर्ता मनोज रमोला, ग्राम प्रधान उत्तरौडा घुड़दौड़ा मोहन राम, पूर्व आईबी निदेशक राजेंद्र पांडे, ग्राम प्रधान बंगसर जगदीश तिवारी, ग्राम प्रधान पड़ौलिया मनोज कुमार, गांव गुरा से राकेश जोशी, ग्राम प्रधान डौनी बिशन राम, गांव बचुराडी से कुंवर सिंह रावत ने भी भाजपा की सदस्य ग्रहण की।

### दौलाघट में बनेगा प्रदेश का पहला कान्हावन

**अल्मोड़ा।** दौलाघट में प्रदेश के पहले कान्हावन का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री एवं सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। उन्होंने कहा कि यह कान्हावन योजना क्षेत्र की स्वच्छंद घूमने वाली गौमाताओं को आवास, पोषण तथा सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके साथ-साथ बायोगैस संयंत्र और गोमूत्र व गोबर से बनने वाले उत्पादों के जरिये स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जो पशु आमतौर पर फसलों के लिए हानिकारक माने जाते थे, वे गौमाताएं भविष्य में रोजगार का नया माध्यम बनेंगी। रेखा आर्य ने कहा कि प्रदेश की पहली कान्हावन योजना का शुभारंभ उनके विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर से होना गौरव की बात है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण आजीविका के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

## देशसेवा को समर्पित 'घाटी' सुविधाओं से महरूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** आज़ादी के समय महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से लेकर कई स्वतंत्रता संग्रामों में योगदान देने वाले और आज भी अपने अस्सी प्रतिशत युवाओं को सेना में भेजने वाले पुंगर घाटी क्षेत्र की बुनियादी जरूरतें आज भी अधूरी हैं। प्रचुर खनिज संपदा होने और राज्य व केंद्र को बड़ा राजस्व देने के बावजूद यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से आज तक दूर है।

रविवार को पुंगर घाटी विकास मंच के बैनर तले ग्रामीणों ने क्षेत्र में एक बैठक आयोजित की। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, बैंक



पुंगर घाटी विकास मंच ने उठाई आवाज़

सहित कई जनहित मुद्दों को लेकर चर्चा की।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला बालीघाट-धरमधर मोटर मार्ग चिड़ंग, चौरा, दोफाड़, बनलेख, रीमा सहित कई स्थानों पर अत्यंत जर्जर और जानलेवा स्थिति में है। सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण कार्य लगातार टलता रहा है। वक्ताओं ने कहा तूपेड़, चौरा, दोफाड़, बनलेख, सनेती सहित कई इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य और प्रवक्ताओं के पद लंबे समय से रिक्त हैं। क्षेत्र के इकलौते कन्या इंटर कॉलेज दोफाड़ में व्यावसायिक पाठ्यक्रम न होने से अभिभावक मजबूरन बच्चों को शहरों में भेज रहे हैं। चौरा, दोफाड़, बनलेख, उद्यमस्थल और स्याकोट स्वास्थ केंद्रों में डाक्टरों और तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे मरीजों को जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। बालीघाट से दोफाड़-नौघर क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थापना की घोषणा दस वर्ष बाद भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि बैंक न होने पर विधवा पेंशन, पूर्व सैनिक व दिव्यांगजन हर माह जिला मुख्यालय जाने को विवश हैं। कहा कि क्षेत्र उपखनिज बहुल और भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील होने के बावजूद क्षेत्र में एनडीआरएफ टीम, फायर स्टेशन या आपदा बचाव इकाई की स्थापना अब तक नहीं हो पाई है। ग्रामीण महिलाओं को आज भी पेयजल, सिंचाई, खाद-बीज की समस्या, जंगली जानवरों के आतंक और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से एक पत्र जिलाधिक. ारी को भेजकर पुंगर घाटी का त्वरित स्थलीय निरीक्षण करने और सभी विभागों को कठोर कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है। इस दौरान जगदीश कालाकोटी, सुरेश सिंह, आनंद सिंह, मनमोहन सिंह, भगवत सिंह, रेखा, पूजा, आशा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### मारपीट मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अल्मोड़ा।** बीते दिनों धारानौला क्षेत्र में मारपीट मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने आरोपियों पर जानलेवा हमला करने तथा वाहन में तोड़-फोड़ करने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। भगवत सिंह रावत निवासी धारानौला ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि बुधवार रात्रि करीब 10 बजे अपनी कार से सवारी छोड़ने के बाद वापस लौट रहा था। इस बीच सिकुड़ा बैंड के पास एक रेस्टोरेंट से सिगरेट खरीदी। रेस्टोरेंट मालिक ने 15 रुपये देने को कहा। इसके बाद रेस्टोरेंट संचालक से रुपयों को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस बीच रेस्टोरेंट के अंदर बैठे लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कहा कि इसके बाद वह वापस धारानौला को आ गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसके बाद त्रिलोक बिष्ट और हिमांशु एक अन्य व्यक्ति के साथ धारानौला पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि अचानक आरोपियों ने लाठी-डडों व लोहे की रोड से जानलेवा हमला कर दिया। वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों से स्थानीय लोगों ने बमुश्किल उनकी जान बचाई। बताया कि हमले में कई जगह चोंटे लगी है। जबड़ा भी टूट गया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी त्रिलोक बिष्ट और हिमांशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समूह व एकल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां

### एनसीसी दिवस पर 81 यूके बटालियन में कैडेट्स ने किया प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** एनसीसी दिवस के अवसर पर 81 यूके बटालियन बागेश्वर के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने समूह नृत्य, एकल नृत्य और एकल गीत जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और आत्मविश्वास ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रेनिंग जेस. ीओ भोपाल सिंह रावत ने की। इस दौरान कई विद्यालयों के एनओ और सीटीओ अपने-अपने कैडेट्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर



कैडेटों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सफलता में पीटीबीडी कॉलेज के कैडेट्स तथा 81 यूके बटालियन के पीआई स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पीआई स्टाफ में सीएचएम सुनील कुमार, हवलदार भीम गुरूंग, हवलदार रिद्धि बद्र थापा, डीएफआर शबीर अहमद बट, हवलदार लुक बद्र घट्टी और हवलदार विजयेंद्र थापा शामिल रहे। सीओ सत्येंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अनुशासन, देशभक्ति और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, टीम भावना और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण को सशक्त करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम में कैप्टन एमएस धामी (जीआईसी मंडलसेरा), लेफ्टिनेंट दीपा खाती (सीपीएस बागेश्वर), थर्ड ऑफिसर हेम चंद्र पांडेय (एनएमआईसी), थर्ड ऑफिसर हिमांशु चौबे (सीपीएस बागेश्वर), सीटीओ प्रियांका भाकुनी (आनंदी अकादमी) और सीटीओ शिवानी थापा (एमवीएम) मौजूद थे।

### पीएम धन धान्य कृषि योजना में अल्मोड़ा का चयन

**अल्मोड़ा।** प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत अल्मोड़ा जिले का चयन होने पर जनपद स्तरीय कार्ययोजना तैयार करने के लिए विकास भवन में बैठक हुई। सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने उत्पादकता बढ़ाने और काश्तकारों की आय बढ़ाने के लिए ब्लाक स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वद्धि, फसल विविधीकरण व सतत् कृषि प्रणाली को बढ़ावा, फसल कटाई पश्चात भंडार क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधा में सुधार, अल्पकालीन एवं दीर्घ कालीन ऋण सरलीकरण एवं बेहतर सेवा विस्तार प्रणाली प्रमुख है। बताया कि योजना का क्रियान्वयन 11 कृषि एवं संबंधित रेखीय विभागों की 36 योजनाओं को शामिल कर किया जाना है। सीडीओ ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अपने विभाग से संबंधित मुख्य सूचकांक को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा मुख्य ख्रषि अधिकारी अल्मोड़ा को रेखीय विभागों से प्राप्त कार्ययोजना को संकलित कर शीघ्र प्रेषित करने एवं संकलित कार्ययोजना की पुनः समीक्षा करने के लिए समस्त संबंधित अधिका. रियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने एवं अपने विभाग से संबंधित कार्ययोजना को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। वहीं मुख्य कृषि अधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से योजना की जानकारी एवं विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए प्रस्तुतीकरण किया गया। यहां डीडीओ संतोष पंत मौजूद रहे।

## समाजहित में काम करने को प्रेरित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** 79 यूके बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल राजेश कौशिक के दिशा निर्देशन में ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला की एनसीसी इकाई के द्वारा एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय के एनसीसी प्रभारी सेकंड अफसर मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया कि आज विद्यालय में एनसीसी दिवस मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से एनसीसी ध्वज का ध्वजारोहण किया तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में इस वर्ष के बेस्ट कैडेट भावना गंगोला हिमांशु बर्गली और सोनाक्षी को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त



शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक फादर साबु ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि कैडेट्स को अनुशासन में रहना चाहिए तथा लोगों को समय-समय पर स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन सिंह बिष्ट ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स समय-समय पर विद्यालय का गौरव बढ़ाते हैं। पिछले वर्ष विद्यालय के कैडेट्स पवन बधानी ने गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी तरह अन्य कैडेट्स को भी विद्यालय व समाज के हित में कार्य करने को प्रेरित किया।

## लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** शनिवार की देर शाम को कालाढूंगी रेंज अंतर्गत नयागांव की वन चौकी पर जब वन कर्मचारियों ने लकड़ी के दस्तावेज चैक किए तो उनको कुछ



शक हुआ जिस कारण वन विभाग ने लकड़ी से भरे ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। कालाढूंगी रेंज अधिकारी मुकेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया रविवार को वन चौकी नयागांव पर कर्मचारियों द्वारा लकड़ियों से भरे ट्रक संख्या यूके04 सीसी 9453 यह ट्रक वन डिपो कालाढूंगी से लड़की भर के ला रहा था जिसके दस्तावेज चैक किए गए तो उसमें क्षमता से अधिक लकड़ी होने की आशंका लगी जिसके आधार पर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। ट्रक में तकनीकी खराबी के कारण ट्रक स्टार्ट नहीं हो पा रहा ट्रक को कल कालाढूंगी रेंज कार्यालय लेजाकर उसमें भरी लकड़ी की गिनती की जाएगी। उसके बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ट्रक को कब्जे में ले कर कार्बेट फॉल परिसर में खड़ा किया गया है। वन विभाग द्वारा करवाई में की जा रही देरी विभाग की कार्यप्राणी पर सवाल खड़े करती हैं।

## एक नजर...

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**बागेश्वर।** जिले के गरुड़ ब्लॉक, जिनखोला निवासी मनोज जोशी (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मनोज देवाल बाजार में किराए के कमरे में रहता था, वह जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। शनिवार शाम लगभग पांच बजे से मनोज का परिवार उससे संपर्क नहीं कर पा रहा था। उसकी पत्नी, मां और बहन ने कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। चिंता बढ़ने पर उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मकान मालिक ने मनोज के कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस थाने में दी। जिसके बाद देवाल चौकी प्रभारी देवेंद्र भारती की टीम ने दरवाजा तोड़ा। कमरे में मनोज अचेत अवस्था में लेटा हुआ था। पुलिस ने मनोज को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी। देर रात परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके पश्चात शव का पंचनामा भर पीएम के लिए मोर्चरी में रखा। रविवार को शव का पीएम करने बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। इधर बताया जा रहा है कि मनोज की पिछले 6 माह पूर्व शादी हुई थी। उनके घर में मां एक बहन है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस मनोज के मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। हालांकि पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों का सही पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।

### कमस्यार घाटी में भालू की दस्तक पर अलर्ट

**बागेश्वर।** धरमघर रेंज के अंतर्गत कमस्यार घाटी में भालू की बढ़ती गति. विधियों को देखते हुए बागेश्वर वन प्रभाग अलर्ट हुआ। क्षेत्र के चन्तोला, सिमायल, औलानी, नरगोली, देवतोली और भैसूड़ी जैसे प्रभावित गांवों में भालू की आवाजाही पर नजर रखने के लिए विभाग ने ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं। साथ ही वन क्षेत्र और आबादी की सीमा पर एनाइडर डिवाइस स्थापित कर जंगली जानवरों को ग्रामीण क्षेत्रों से दूर रखने की व्यवस्था की गई है। कांडा क्षेत्र के कई गांवों में शुक्रवार भालू के दिखाई देने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल सर्च अभियान शुरू किया। वर्तमान में गश्ती दल दिन-रात प्रभावित गांवों में गश्त कर रही हैं। ग्रामीणों को सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विभाग ने कचरा निस्तारण, झाड़ी कटान, आसपास पर्याप्त रोशनी रखने और सतर्क रहने की अपील की है। वन विभाग अन्य क्षेत्रों से मिल रही वन्यजीव घटनाओं पर भी गंभीरता से कार्य कर रहा है। सभी वन क्षेत्रों में सुबह और शाम नियमित गश्त के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। विभागीय अधिका. रियों ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विभाग इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 1926 जारी किया गया है,

### सीएम के मीडिया समन्वयक पहुंचे एसएसजे

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मीडिया समन्वयक मदन मोहन सती सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मुलाकात की। आगामी दिसंबर में प्रस्तावित उत्तराखंड राज्य भविष्य, संभावनाएं और चुनौतियां आदि दृष्टिकोण विषय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। मौके पर मदन मोहन सती ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय पहुंच विवि के शैक्षिक, अकादेमिक और संरचनात्मक विकास को लेकर जानकारी ली। विभिन्न संकायों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय में परफार्मिंग आर्ट, जर्नलिज्म, पर्यटन आदि जैसे नवीन पाठ्यक्रमों के भविष्य और उनके संच. ालन को लेकर चर्चा की। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने उनको विवि की समस्या, जन संसाधनों की स्थिति और चुनौतियों के बारे में बताया। वहीं विश्वविद्यालय मुख्यालय में आगामी माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी बैठक हुई। यहां जिसमें कुलसचिव डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट, वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी, प्रो. पंकज कुमार साह आदि मौजूद रहे।

### देवकी लघु वाटिका का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** दर्जा राज्य मंत्री बलबीर घुनियाल की जड़ी बूटी सलाहकार समिति उत्तराखंड सरकार द्वारा जनपद बागेश्वर आगमन पर देवकी लघु वाटिका मंडलसेरा का अवलोकन किया। यहां उन्होंने वाटिका में विशेष औषधिय बहु उपयोगी रोजगार पूरक बेहद दुर्लभ सीलिंग प्रजाति के पौधे की जानकारी प्राप्त की। साथ ही मुगा रेशम की खेती के साथ संयुक्त रूप से पशुओं से सुरक्षित फसलों जैसे हल्दी, अदरक, अरबी, काली-सफेद मुसली, कपूर कचरि, लेमन ग्रास, तुलसी, ऐलोवरा, चंदन की नर्सरी का अवलोकन किया। टीम ने वाटिका के प्रयासों को पर्यावरण, पलायन, रोजगार के लिए सार्थक बताया एवं औषधीय पौधों की जानकारी अनुभव लिखित रूप में प्रदान करने की अपील की गई। टीम ने केंद्र सरकार तक किशन सिंह मलड़ा की पहल पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर प्रभा गड़िया भाजपा जिला अध्यक्ष, दीपा आर्या पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष, नीमा धपोला, सरिता चौहान, महेश सिंह खेतवाल, रघुवीर सिंह, मथुरा प्रसाद, कमल सिंह परिहार, पंकज सिंह मेहता, विवेक तिवारी नगर अध्यक्ष मौजूद थे। रमा मलड़ा पूर्व ग्राम प्रधान मंडलसेरा, मनीषा मलड़ा आदि द्वारा टीम का स्वागत किया गया।

### निलंबन आदेश को शीघ्र निरस्त करने की मांग

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की रानीखेत इकाई की आपातकालीन बैठक निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अपर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता कक्ष में आहूत की गयी। उत्तराखंड शासन द्वारा निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अभियंताओं के निलम्बन की कार्यवाही के संबंध में बिना स्पष्टीकरण के उपरोक्त अभियंताओं का निलम्बन न्यायसंगत प्रतीत नही होता है। उक्त निलंबन आदेश को शीघ्र निरस्त न किये जाने की दशा में समस्त उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के सदस्य कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं आंदोलन के लिए बाध्य होगें। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शासन-प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों का होगा। बैठक में इं. कुलदीप सिंह, इं. ललित मोहन अंगारी, इं. चेतन रावल मौजूद रहे।

### श्री गुरु नानक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी रोड स्थित श्री गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का समापक समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मशाल की ज्योति से दीप प्रज्वलित कर गोदावरी, कावेरी, अलकनंदा और मंदाकिनी हाउस के द्वारा सुंदर मार्च पास्ट कर किया गया। ट्रैक एंड फील्ड में आयोजित दौड़ व खेलों का अभिभावक व श्रोतागण द्वारा मन मुग्ध होकर आनंद लिया गया वही योग जुंबा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में अभिभावक की भी दौड़ में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार मल्लिक द्वारा सफल खेल आयोजन के पीछे बच्चन की मेहनत और उत्साह के साथ-साथ अभिभावक व शिक्षकों की मेहनत का हाथ बताते हुए सभी को हार्दिक बधाई और अभिवादन दिया। कार्यक्रम का समापन प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## बॉर्डर पर सघन चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, थाना आईटीआई प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला व पैगा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने मयफोर्स के अलीगंज पैगा बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश के थाना भगतपुर मुरादाबाद पुलिस के साथ संयुक्त टीम बनाकर सघन अभियान चलाकर बाहर से उत्तराखंड में आ रहे वाहनों की चेकिंग की। चैकिंग में प्रभावी कड़ी कार्रवाई करते हुए समाचार लिखे जाने तक लगभग 200 वाहनों को चेक किया गया और एमवी एक्ट के अंतर्गत कुल 18 चालान किए गए, जिसमें 02 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने मौके पर ही काली फिल्म हटवाई और



चालकों को निर्धारित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अपने निर्देश में स्पष्ट कहा कि काली फिल्म का प्रयोग पूर्णतः प्रति. बंधित है। एसएसपी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखेंगे और किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस द्वारा आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और बिना किसी अवैध संशोधन के सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिवहन को बढ़ावा दें।

### अर्थशास्त्र विभाग ने कराई क्विज प्रतियोगिता

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गत दिवस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में विभाग की कुल 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एसो. प्रोफे. डॉ. रमा अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्योति गोयल एवं शोध छात्रा शरमीन द्वारा संपादित की गई। उक्त प्रतियोगिता में काजल कश्यप बीए पंचम सेमेस्टर ने प्रथम, आलिया परवीन बीए पंचम सेमेस्टर एवं सोनाक्षी बीए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय, परी, शगुफ्ता, उंजिला परवीन बीए पंचम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्त में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं समस्त प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## विशाल कांबोज हत्याकांड में छह को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** विशाल कांबोज हत्याकांड मामले में एडीजे द्वितीय रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सुनवाई के बाद दोष सिद्ध होने पर सभी छह दोषियों को आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर छह महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई। केलाखेड़ा के ग्राम टांडाखेम निवासी रमेश चंद्र ने 25 मई 2022 को बाजपुर कोतवाली में तहरीर दी थी।

बताया कि 25 मई 2022 को उसका बेटा विशाल कांबोज अपने मित्र गगन और विक्रमजीत के साथ बाजपुर गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे मुंडिया तिराहे के पास मानवद. ीप उर्फ मानव निवासी शिवनगर महाराजपुर के पास थाना स्वार जिला रामपुर, शाहरूख, अरमान, जुनैद व आसिफ निवासीगण ग्राम घनसारा थाना बाजपुर, रवि सैनी निवासी खमरिया बाजपुर ने उसके बेटे विशाल को लाठी-डंडों से पीटा। बेटे पर हमले की सूचना पर वह अपने रिश्तेदार नारायण चंद्र निवासी रामनगर थाना केलाखेड़ा के साथ मौके पर पहुंचा जहां पर हमलावरों ने विशाल की पीट-पीट कर उसके सामने हत्या कर दी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने दूसरे दिन 26 मई को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बृहस्पतिवार को पीड़ित पक्ष के अधि वक्ता ने बताया कि नामजद सभी आरोपी अक्तूबर 2023 से जमानत पर थे। बीती 20 नवंबर को अदालत में सुनवाई के बाद आरोप सिद्ध होने पर सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एडीजे द्वितीय रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में शनिवार को हत्याकांड के दोषी आसिफ, जुनैद, मानवदीप उर्फ मानव, रवि सैनी, अरमान और शाहरूख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आदेश में कहा कि आजीवन कारावास की सजा में पूर्व की सजा भी समायोजित की जाएगी।

### विला बेचने के नाम पर 7 लाख रुपये हड़पने व धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** द्रोण विहार निवासी एक महिला ने एक युवक पर उसके 7 लाख रुपये हड़पने और पैसे वापस मांगने पर उसे व उसके परिवार को रातों-रात में नामो निशान मिटाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। द्रोण विहार, प्रकाश सिटी के सामने, बाजपुर रोड, काशीपुर निवासी गायत्री पाण्डेय पत्नी स्व. मनोज पाण्डेय ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बाजपुर रोड, काशीपुर निवासी लोकेश सिंह पुत्र निजपाल सिंह से 2 दिसम्बर 2022 को एक विला खरीदने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा किया था और एडवांस के तौर पर 7 लाख रुपये का भुगतान किया था। गायत्री पाण्डेय ने बताया कि उनके बार-बार कहने पर भी लोकेश सिंह ने उक्त विला की रजिस्ट्री नहीं करवाई और उक्त विला को किसी और को बेच दिया। जब उन्होंने अपने 7 लाख रुपये वापस मांगे तो पैसे देने से मना कर दिया। गायत्री पाण्डेय ने बताया कि जब उन्होंने लोकेश सिंह से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने उनके साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि 'रातों-रात में पूरे परिवार का नामो-निशान मिटा देंगे'। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से वह इतनी भयभीत हो गई हैं कि वह अब हमेशा डर के साये में जी रही हैं। बीते कुछ दिनों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछा किए जाने की भी शंका हो रही है, जिससे भय के कारण उन्होंने अपनी बहू को उसके मायके भेज दिया है। अब वह केवल अपनी वृद्ध सास और छोटे पुत्र के साथ भय की स्थिति में जीवन यापन कर रही है। घर से बाहर निकलना भी उन्हें असुरक्षित प्रतीत होता है। उन्होंने लोकेश सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनकी रकम वापस दिलवाये जाने की मांग की है। तहरीर के आधार पर आईटीआई थाना पुलिस ने लोकेश सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट के सुपुर्द की है।

# ज़मानत पर बाहर आया, मौत

## बेसुध हालत में मिला था धमेन्द्र, मौत के तीन बाद हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक अपराधी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जो कुछ साल जेल में बिताने के बाद हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था। यह व्यक्ति गंभीर रूप से 15 नवंबर को किच्छा सड़क किनारे घायल और लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ मिला था। घायल को स्थानीय लोग पहले किच्छा अस्पताल लाए लेकिन हालत में सुधार ना होने पर उसे 16 नवंबर को सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। बीते 20 नवंबर को उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। व्यक्ति की शिनाख्त नहीं होने पर उसका शव मोर्चरी में ही पड़ा रहा। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर आज रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 15 नवंबर को किच्छा की सड़क किनारे एक बेसुध और लहूलुहान व्यक्ति पड़ा हुआ मिला। स्थानीय लोगों व पुलिस ने घायल अवस्था में व्यक्ति को किच्छा के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत बिगड़ गई, और डाक्टरों ने उसे 16 नवंबर को सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसने बीते 20 नवंबर को दम तोड़ दिया। जब मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस द्वारा शव के बारे में तीन दिन लगातार प्रचार-प्रसार करने के बाद शनिवार शाम मृतक की पहचान छरैली, उसहैत बदायूं निवासी 26 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ झल्लू के रूप में हुई। धर्मेंद्र के परिवार ने उसकी शिनाख्त की और बताया कि वह पंजाबी मोहल्ला किच्छा का निवासी था। बताया जा रहा कि मृतक धर्मेंद्र एक आर्म्स एक्ट मामले में जेल गया था और हाल ही में वह जमानत पर रिहा हुआ था। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। जिसके बाद परिजनों ने रानीबाग चित्रशिला घाट में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## जहर गटक लेने से युवक की मौत

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक ने तहरीर पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार रामनगर सावल्दे निवासी 22 वर्षीय इंदर गिरी पुत्र स्व. लाल गिरी ने बीते शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। इंदर की हालत बिगड़ती देख परिजन द्वारा उसे स्थानीय अस्पताल लाए लेकिन युवक की हालत नाजुक देख उसे सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा कि इंदर तीन भाईयों में सबसे छोटा था। परिजनों द्वारा बताया गया कि इंदर बीते कुछ दिनों से नौकरी को लेकर काफी परेशान रहने लगा था। कई जगह नौकरी की तलाश की लेकिन नौकरी नहीं मिली। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## हादसे में स्कूटी सवार ने जान गंवाई

**हल्द्वानी।** शनिवार देर शाम गौलापार में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुट गई। बताया जा रहा कि कार चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम निवासी 29 वर्षीय सुंदर सिंह पुत्र चंदन सिंह किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा कि बीते शनिवार शाम वह गौलापार से स्कूटी में सवार होकर काठगोदाम की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान कुंवरपुर, रामबाग के पास उसकी स्कूटी सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में सुंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल को लोगों ने सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा और पुलिस को सूचना दी। अस्पताल पहुंचने के बाद सुंदर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

## खटीमा और सितारगंज में मिले दो भ्रूण फॉरेंसिक एक्सपर्ट नहीं मिला

**हल्द्वानी।** पहले खटीमा और फिर सितारगंज में एक के बाद एक दो भ्रूण मिले। किसने और किन हालातों में भ्रूण को फेंका यह अभी साफ नहीं है, लेकिन फॉरेंसिक एक्सपर्ट के न होने से पहला भ्रूण तीन दिन तक मोर्चरी में पड़ा रहा। जब दूसरा भ्रूण भी हल्द्वानी पहुंचा तो रविवार को दोनों का पोस्टमार्टम किया गया। बता दें कि बीते 19 नवंबर को खटीमा और सितारगंज में बीते शनिवार को भ्रूण मिले। दोनों को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी मोर्चरी लाया गया। यहां उनका पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार पांच दिन पहले खटीमा में जबकि दो दिन पहले सितारगंज से एक भ्रूण बरामद हुआ है। लोकल में फॉरेंसिक जांच की सुविधा न होने के कारण दोनों को हल्द्वानी लाया गया। यहां जांच के बाद पोस्टमार्टम किया गया है। दोनों पांच से छह महीने के भ्रूण हैं। किसने दोनों फेंका, इसकी स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि दस दिन पहले भी काशीपुर से एक नवजात शिशु मृत अवस्था में मिला था।

## वाहन चालक पर बाइक सवार ने लोहे की रॉड से किया हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार सुबह मुखानी थाना क्षेत्र में एक मुर्गा लदे वाहन के चालक पर बाइक सवार युवक ने हमला कर दिया। न केवल चालक को लोहे की रॉड से पीटा, बल्कि वाहन में तोड़फोड़ भी की। मुखानी पुलिस ने पीड़ित चालक की तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक सवार युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मूलरूप से खड़ी बाजार रानीखेत व हाल निवसी गौलापार अब्दुल कादिर ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका वाहन यूपी23टी-9019 मुर्गा चुगना कंपनी से पोल्ट्री माल लोड करके हल्द्वानी की ओर जा रहा था। जिसे चालक रिफाकत मलिक निवासी मजीत गदरपुर चला रहा था। तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे आम्रपाली इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार रवि सागर नामक युवक ने अपनी बाइक वाहन के आगे लगा दी। फिर उसने चालक को बाहर खींचकर उस पर लोहे की भारी रॉड से हमला कर दिया, इतना ही नहीं बाइक सवार ने वाहन के शीशे तोड़ने के साथ वाहन की बौंडी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर में आरोप है कि हमले के दौरान आरोपी ने चालक से धर्म विशेष को लेकर अपशब्द कहे और गाली-गलौज की। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# प्रोत्साहन का लालच, करोड़ी की ठगी, तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के एक बीयर डिस्ट्रीब्यूशन से जुड़ा एक बड़ा प्रोत्साहन घोटाला सामने आया है, जिसमें करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। मां शीतला डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रो. लि. ने एन्हाउजर बुश इनबेव इंडिया लिमिटेड के तीन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि इन अधिकारियों ने ग्राहकों को मर्सिडीज कार देने का झांसा देकर भुगतान रोकवाया और कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। इस मामले में तहरीर के साथ ईमेल प्रमाण भी पुलिस को सौंपे गए हैं। पुलिस ने इस मामले में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मां शीतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रबंधक संजीव कुमार ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा कि एन्हाउजर बुश इनबेव इंडिया लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर अभिनव डंडोना, एरिया मैनेजर जगनिवास दुबे और स्टेट हेड आशीष सूरी ने बिना किसी अनुमति और अधिकार के ग्राहकों को प्रोत्साहन स्वरूप मर्सिडीज कार देने का वादा किया। इस झांसे में फंसकर ग्राहकों ने कंपनी का शेष भुगतान रोक दिया, जिससे संजीव की कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। संजीव ने पुलिस को दी तहरीर के साथ उन ईमेल्स की प्रतियां भी दिया है, जिनमें कार देने के वादे का उल्लेख किया हुआ है। उनका कहना है कि उनकी कंपनी पिछले 15 साल से उत्तराखंड में एन्हाउजर बुश इनबेव इंडिया लिमिटेड के बीयर उत्पादों की एकमात्र अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर है, और राज्य में कोई भी अन्य व्यक्ति या संस्था उक्त उत्पादों की बिक्री नहीं कर सकती। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक घर के पास से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात पर मुक. दमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। नरीपुर, लामाचौड़ निवासी सतीश ने बताया कि 16 नवंबर को उनके निवास स्थान से बाइक चोरी हो गई थी। काफी ढूंढने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। पीड़ित ने मुखानी पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शहरी विकास एजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क निर्माण की मांग को लेकर रविवार को सद्भावना विहार कॉलोनी पीलीकोठी के स्थानीय लोगों ने पहाड़ी आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल और नगराध्यक्ष भुवन पहाड़ी के नेतृत्व में शहरी विकास एजेंसी और उनकी ठेकेदार फर्म के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले एक साल से कॉलोनी की सड़कों की खुदाई की गई थी, लेकिन कार्य पूरा नहीं हुआ। साथ ही सड़कों में पड़े चैंबर भी गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। इसके अलावा सीवर लाइन डालने का काम भी समय पर पूरा नहीं हो पाया, जबकि ठेकेदार ने दिवाली के बाद काम शुरू करने का वादा किया था। स्थानीय लोगों ने चेताया कि अगर शीघ्र ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह लोनिवि और नगर निगम के साथ सड़क जाम करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में मुकुल वर्मा, अशोक वर्मा, संतोष पांडे, महेश चंद पाठक, जुगल किशोर पांडे, चंद्रशेखर पांडे, सावित्री, रामलाल सक्सेना, राहुल बेलवाल, हरिश्चंद्र पांडे, रूपचंद, गोपाल लाल पांडे, विनोद रौतेला, रेवती देवी, नारायण सिंह किरोला, आनंद सिंह रावत, किशन सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह, रमेश चंद जोशी, केशव जोशी, कैलाश चंद, गोविंद पंत, प्रदीप पंत, एसके श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह बोरा, मालती देवी, हरगो. विंद पांडे, मथुरादास जोशी, कैप्टन मेहरा, कैलाश चंद पाठक, लोकेश पंत आदि मौजूद रहे।



# प्रभातफेरी निकाली, पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित दो दिवसीय धार्मिक आयोजनों के तहत आज रविवार दूसरी और अंतिम प्रभात फेरी भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। प्रभात फेरी का आयोजन सुबह 5 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा से प्रारंभ हुआ। यह फेरी नैनीताल रोड, सुभाष नगर रोड और ठंडी सड़क होते हुए पुन: गुरुद्वारा साहिब पहुंची। इस दौरान स्थानीय समुदाय ने मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा की और श्रद्धा के साथ प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभात फेरी के समापन के तुरंत बाद, गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर विशेष अखंड साहिब पाठ की शुरुआत की गई। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथि ज्ञानी ठाकुर सिंह जी ने अरदास की और पाठ का आयोजन शुरू किया। इस धार्मिक अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने लंगर हॉल में प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार हरजीत सिंह सच्चर, अमरजीत सिंह बंटी आनंद, जसपाल सिंह कोहली, दिलप्रीत सिंह, हरजीत चड्डा, बलजीत कौर, सतवंत कौर सहित कई लोग मौजूद रहे।



# धाकड़ प्रदर्शन से कोल्ट्स क्रिकेट ने झटकी ट्रॉफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी मात्र 130 रन ही बना सकी। 130 रनों का लक्ष्य लेकर पहली पारी खेलने मैदान में उतरी डीके स्पोर्ट्स अकादमी के बल्लेबाज हार्दिकराज के 120, शुभ 37 और आरव जोशी ने 30 रनों की मदद से 219 रनों पर पारी घोषित कर दी। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी अपनी दूसरी पारी में 169 रनों पर आल आउट हो गयी। कार्तिक रावत 89, जयवर्धन 27 और वंश रावत 22 रन ही डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाजो का सामना कर सके। डीके स्पोर्ट्स अकादमी के गेंदबाज अनामय पाण्डे ने 3, देवांग, ईशान और ओम ने 2-2 विकेट लिए। अपनी दूसरी पारी में 81 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स अकादमी की पूरी टीम मात्र 55 रनों पर आल आउट हो गयी। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कृष रावत और उत्कर्ष ने 4-4 विकेट लेकर 25 रनों से फाइनल मैच का खिताब अपने नाम किया। मैच के अंपायर सौम्य और हरप्रीत सिंह कम्बोज रहे जबकि स्कोरर की भूमिका रवि सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि हल्द्वानी विधायक व जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित हृदयेश व विशेष अतिथि बीना बल्यूटिया ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता में दोहरा शतक लगाने के लिए हार्दिकराज, देवांश, गजेंद्र, बजवाल, मेहुल गोस्वामी, इशांत जोशी और एक मैच में 10 विकेट लेने वाले विनय जोशी, वेदांत यादव आदि खिलाड़ियों को भी पुरुस्कृति किया गया। जबकि फाइनल मैच का मैन ऑफ-द मैच वंश रावत, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, हार्दिकराज सिंह बिष्ट, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज देवांग नेगी, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक ओम बोरा व मैन ऑफ डी सीरीज ईशान जोशी के नाम रही। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिक. ारी, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, प्रकाश रावत, विजय आर्या, सोनू आर्या, प्रकाश भगत मनोज पंत आदि मौजूद रहे।




वंश मैन ऑफ-द मैच, हार्दिकराज सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

## नृत्य वाटिका शरदोत्सव में द्वितीय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 25वें शरदोत्सव मेले में नृत्य वाटिका एवं डांस एकेडमी कमलुवागंजा हल्द्वानी के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में नृत्य वाटिका ने ग्रुप डांस श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम नृत्य वाटिका अकादमी में आयोजित किया गया। जहां मुख्य आयोजनकर्ता एवं फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्की योगी और मुख्य अतिथि ट्रिपल ए मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रबंध निदेशक जीएस रावत ने टीम को 5000 रुपये नकद, प्रमाणपत्र और ट्राफी प्रदान की। मंचन के दौरान डांस कोरियोग्राफर स्मिता और उनकी टीम की सराहना की गई। कार्यक्रम में डांस योगा अकादमी की निदेशक बबीता हलदर, ममता पंत, शालिनी पंत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर शिक्षकों का मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन की त्रैमासिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बीआरसी भीमताल में संपन्न हुई।

बैठक का संचालन महामंत्री बंशीधर कांडपाल द्वारा किया गया। त्रैमासिक बैठक में संगठन ने एक स्वर में कहा उपशिक्षा अधिकारियों ने उल्लास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के वेतन को बिना किसी स्पष्ट कारण के रोकने के आदेश दिए हैं, जो गलत है, साथ ही विकासखंड धारी और ओखलकांडा के औपबंधिक शिक्षकों की सामान्य भविष्य निधि और गोल्डन कार्ड की कटौती जून माह से बंद कर दी गई थी। इसके बाद शिक्षकों ने कई बार खंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा से संपर्क किया, लेकिन नवंबर माह तक कोई समाधान नहीं निकला। इस कारण शिक्षकों में गहरा रोष उत्पन्न हुआ। संगठन कहा कि जनपद में जो 129 शिक्षक पदों की नियुक्ति की जा रही है, उन्हें पहाड़ी विकासखंडों में ही दिया जाए, क्योंकि इन क्षेत्रों में शिक्षक की भारी कमी है। इसके अतिरिक्त संगठन ने यह आह्वान किया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संगठन 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर टेट की बाध्यता को समाप्त करने और 25 नवंबर को पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचे। संगठन ने कहा कि शिक्षा विभाग में एनजीओ की बढ़ती घुसपैठ चिंता का विषय है। एनजीओ द्वारा बार-बार शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाता है, जो अक्सर केवल खानापूर्ति ही होती है और इससे शिक्षकों के समय की बर्बादी होती है। बैठक में जिले की पूरी कार्यकारिणी व आठों विकासखंडों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष और शिक्षक प्रति. निधि मौजूद रहे।



# नए लेबर कोड आधुनिक गुलामी की संहिताएंः पाण्डेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार द्वारा 21 नवंबर को चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता 2019, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-शर्त संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और औद्योगिक संबंध संहिता 2020 को अधिसूचित किए जाने का भाकपा (माले) ने कड़ा विरोध किया है। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि ये कोड श्रम सुधार नहीं बल्कि व्यापार करने में सुगमता के नाम पर श्रमिकों के अधिकारों को छीनने और बड़े कारपोरेट हितों को मुनाफा पहुँचाने वाले औजार हैं। पाण्डेय ने आरोप लगाया कि नए कोड सुरक्षा अनुपालन और मजदूरी संबंधी जरूरतों को कमजोर करते हैं तथा संगठन बनाने और सामूहिक कार्रवाई जैसे ऐतिहासिक श्रमिक अधिकारों को खत्म करते हैं। उनका कहना है कि इससे असंगठितकरण, ठेकाकरण और बंधुआ मजदूरी जैसे हालात और गहरे होंगे। विरोध कार्यक्रमों के तहत ऐक्टू 24 नवंबर को लेबर कोड की प्रतियां जलाएगा, जबकि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 नवंबर को प्रतिवाद व अवज्ञा दिवस की घोषणा की है।



# साहित्यकार त्रिभुवन गिरी महाराज का नागरिक सम्मान

## कुमाऊंनी साहित्य में पकड़ रखने वाले गिरी को अल्मोड़ा रंगमंच का पुरोधा बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिएटिव उत्तराखंड-मयर पहाड़ संस्था के तत्वावधान में तथा समय साक्ष्य एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के सहयोग से साहित्यकार और रंगकर्मी त्रिभुवन गिरी महाराज का नागरिक सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रो. देव सिंह पोखरिया, डा. हयात रावत मंचाशीन रहे। संच. ालन करते हुए डा. नीरज पांगती ने त्रिभुवन गिरी के जीवन पर प्रकाश डाला। नवीन बिष्ट ने त्रिभुवन गिरी महाराज के कृतित्व और व्यक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अपने आप में एक ग्रंथ है। पहरू पत्रिका के पूर्व संपादक डा. हयात सिंह रावत ने त्रिभुवन गिरि को लेकर कहा कि कुमाऊंनी साहित्य की कोई ऐसी विधा नहीं है जिसमें त्रिभुवन गिरी का नाम न हो। उनके लेखन का एक स्तर है। उन्होंने सच्चे अर्थो में साहित्य साधना की है। साहित्यकार दीपक कार्की ने कहा कि त्रिभुवन गिरी के सानिध्य में 1977 के साथ रहा। उनका कुमाऊंनी साहित्य बहुत समृद्ध है। उनका साहित्य ठेठ कुमा. उनी में लिखा गया है। रंगकर्मी और पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब के प्रभात लाल साह गंगोला ने कहा कि अल्मोड़ा के रंगमंच के वे पुरोधा है। वे स्क्रिप्ट को बहुत गहनता से पढ़ते है और उसका सीन निर्मित करते है। विद्वान प्रो. देव सिंह पोखरिया ने कहा कि त्रिभुवन गिरी महाराज बहुआयामी चित्रकार, कलाकार, रंगकर्मी, साहित्यकार है। उनके साहित्य में विविधता है। उनका बाँजि कुड़िक पहरू कुमा. उनी साहित्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उनके लेखन से कुमाउनी साहित्य जगत में ऊर्जा, उत्साह, उमंग आई है जो कुमाउनी काव्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा के गणित विभाग के सभागार में क्रिएटिव उत्तराखंड-म्यर पहाड़ संस्था द्वारा आयोजित एक साहित्यिक कार्यक्रम में अल्मोड़ा के रंगकर्मी, साहित्यकार और रंगकर्मी त्रिभुवन गिरी महाराज को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। क्रिएटिव संस्था के दयाल पांडे ने बताया कि यह हर्ष का विषय है कि हम उनको सम्मानित कर रहे है। साहित्यकार नीरज पंत ने त्रिभुवन गिरी का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति आर्या, हेम पंत, हिमांशु पाठक, नरेंद्र बंगारी, डा. माया गोला, डा. आशा शैली, नीरज पंत, प्रभात लाल साह गंगोला, ध्रुव टम्टा, बीना चतुर्वेदी, हर्ष काफर, डा. दलीप सिंह बोरा, ललित तुलेरा, कंचन तिवारी सहित साहित्यकार और रंगकर्मी मौजूद रहे।




## नृत्य और नाटक में श्रीसनातन धर्म विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक स्पर्धा के अंतर्गत श्रीसनातन धर्म संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय ने प्रतिस्पर्धात्मक नृत्य और नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय को आगामी राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का गौरव प्राप्त हुआ है, जिससे जिले का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद जायसवाल, सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा यशोदा प्रसाद सिमल्टी, और विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने प्रतिभागियों की कला और संस्कृत वाचन की सराहना की। साथ ही उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक घनानंद जोशी, जानकी त्रिपाठी, आरती त्रिपाठी, डा. नारायण दत्त थुवाल, डा. मोहित जोशी, साकेत पाठक आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की मौत

**जंगल किनारे पेड़ पर टहनियां काटने के दौरान हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** गांव बैकुंठपुर में रविवार को बकरी के लिए चारा काटते समय पेड़ पर चढ़े पूर्व सैनिक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, 74 वर्षीय मदन चंद पुत्र हीरा चंद रविवार को अपनी पत्नी गोविंदी देवी के साथ घर से करीब 200 मीटर दूर चारा लेने गए थे। वह गुडेल के पेड़ पर चढ़कर टहनियां काट रहे थे, जबकि उनकी पत्नी नीचे उन्हें एकत्र कर रही थी। इसी दौरान टहनी काटते समय उनकी दराती टहनियों के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। करंट लगते ही वह पेड़ की टहनियों में फंसकर छटपटाते रहे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर एएसआई सुरेंद्र बोरा ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के अनुसार, मदन चंद वर्ष 2004 में सेना से रिटायर हुए थे। उनके परिवार में पत्नी गोविंदी देवी और दो बेटे योगेश व चंदन हैं, जो बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि मदन चंद अपनी पत्नी के साथ रहते थे, जबकि उनका पुत्र इन दिनों मुंबई में रहता है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय भाजपा नेता रमेश राय तथा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।

# उपनलकर्मियों पर एस्मा लगाए जाने से भड़के कांग्रेसी

**सरकार का पुतल फूंक जताया विरोध, किया जोरदार प्रदर्शन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** पिछले कई माह से अपनी मांगों को लेकर देहरादून में आन्दोलन कर रहे उपनलकर्मियों पर सरकार द्वारा एस्मा लगाये जाने के विरोध में आज महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन के साथ सरकार का पुलता फूंका।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को अपनी मांग उठाने का अधिकार भी छीना जा रहा है। उन पर एस्मा लगाकर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज महिला उत्पीड़न बढ़ रहा है, बेरा. `जगार युवक सड़कों पर उतर कर आन्दोलन कर रहा है, आम जनता तमाम मूलभूत परेशानियों से जूझ रही है, विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया जा रहा है। प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी परेशान जनता की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इसका बदला आम जनता आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव में लेगी। ममता रानी ने कहा कि यदि उपनल कर्मियों की न्यायोचित मांगों का सरकार उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार समाधान नहीं करेगी तो कांग्रेस पार्टी अपना आन्दोलन और तेज करने को बाध्य होगी। पुतला फूंकने वालों में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, उमा सरकार, प्रीति साना, मोहन कुमार, नरेश सागर, अनुज सिंह, रामस्वरूप भारती, देवेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, राधेश्याम, मुरारी लाल, चमन सागर, सीपी शर्मा, अर्जुन विश्वास, अरविन्द, छत्रपाल, दिनेश मौर्य, बाबू विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

## एक नजर

# 12 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर डायनेस्टी ने लहराया परचम



**सभी विजेता टीमें तीन व चार दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हरिद्वार में प्रतिभा करेंगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय सभी 12 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी ने कीर्तिमान रच दिया। कार्यक्रम का आयोजन अमर इंटर कॉलेज भंजूराम रुद्रपुर में 21 व 22 नवंबर को किया गया।

विद्यालय का यह विजय अभियान अनवरत 12 वर्षों से चला आ रहा है। जनपद स्तर पर आयोजित कनिष्ठ वर्ग में संस्कृत नाटक, समूहगान, आशुभाषण, श्लोकोच्चारण, समूह नृत्य वाद विवाद में प्रथम प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में संस्कृत नाटक, समूहनृत्य, वाद विवाद, आशुभाषण, श्लोकोच्चारण तथा समूहगान में प्रथम स्थान पर रहा। समस्त 12 टीमें आगामी 3 व 4 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हरिद्वार में प्रतिभाग करेंगी। नाटक का निर्देशन विद्यालय के अध्यापक सुरेश ओली, समूह गान संगीत प्रशिक्षक नरसिंह कुंवर, रेनू उपाध्याय, ऊधम सिंह, कु. सीमा, श्लोकोच्चारण पूरन चंद्र पांडेय, नृत्य राहुल कुमार व अनुज कुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए। इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, दिगंबर भट्ट, रमेश चंद्र जोशी, चामू दानू, रूचि, बसंत रावत, दीपा मेहरा, किरन खर्कवाल, पिंकी कापड़ी, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी, हेमलता बोरा आदि ने समस्त विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के बड़े भाई का आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जनपद ऊधम सिंह नगर के जसपुर क्षेत्र के विधायक आदेश सिंह चौहान के बड़े भाई राकेश सिंह का आकस्मिक निधन हो गया । क्षेत्र के गणमान्य लोगों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं,क्षत्रिय बंधुओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में एक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया।घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मोहल्ला खताड़ी निवासी आरव बाईक पर सवार होकर बैलपड़ाव से रामनगर की ओर जा रहा था।इसी दौरान ग्राम छोई के समीप सामने से आ रही अज्ञात कार चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।घायल की ओर से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# बिजनौर की टीम ने काशीपुर को हराकर जीता सेमीफाइनल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड स्थित जैन ग्लोबल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। रुद्रा लायन क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम में इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।

चौथी शंकुल सक्सेना स्मृति में यह 20-20 ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसका सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ काशीपुर जिला के भाजपा सह प्रभारी और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सेमी फाइनल मैच बिजनौर क्रिकेट क्लब और किंग्स फोडर्स क्रिकेट अकैडमी काशीपुर के मध्य खेला गया। सेमी फाइनल के मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है और खेल प्रतियोगिता से प्रतिभाएं निखरकर सामने आती है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र से निकले हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर रहे हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सेमीफाइनल खेलने वाली दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी।

बिजनौर टीम के कप्तान विशाल यादव और काशीपुर टीम के कप्तान जतिन विर्क, अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और अमरनाथ यादव स्कोरर सत्यम सागर। पहले खेलते हुए काशीपुर की टीम ने 179 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए 19 ओवर में बिजनौर की टीम ने 180 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अमन नवाज रहे। इस दौरान आयोजक नवीन टम्टा, नीरज कत्याल, पंकज पांडे, सुधांशु उपाध्यक्ष, सुनील टम्टा, सर्वेश चुघ, अमित गौड, हिमांशु कन्नौजिया, गुफरान अहमद, अजय मिश्रा समेत तमाम खेल प्रेमी मौजूद थे।

# जीडी गोयनका स्कूल का वार्षिक समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

**प्रसिद्ध फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेता तरुण खन्ना रहे मुख्य अतिथि**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, डिब्डिबा, बिलासपुर में वार्षिक समारोह "VIBRATIONS 3-0" का आयोजन अत्यंत उल्लास और गरिमा के साथ किया गया। इस वर्ष का विषय "नवांकुर विजन फॉर 2030" रहा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता, एकता और सतत विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेता तरुण खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि निपुण गोयनका, प्रबंध निदेशक जीडी गोयनका ग्रुप रहे। अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ "द गोयनकन ग्लोरी" (March of Honour) और "प्रकाश स्तंभ "The Illumination of Wisdom" के साथ हुआ। मंच पर एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने "शिक्षा " द लाइट विदिन", "समानता-डांस फॉर इक्वालिटी", "शांति सूत्र- द पाथ ऑफ जस्टिस" और "रंग भारत के" जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, समानता, न्याय और एकता का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपाली पुरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों और विद्यार्थियों की प्रगति का विस्तृत विवरण दिया। अध्यक्ष अतुल गोयल, अकादमिक निदेशिका रूचि गोयल तथा विद्यालय के निद. `शकगण रोहित गोयल, निधि गोयल, मुकुंज गोयल एवं शिवाली गोयल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं, समारोह में उनका विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि तरुण खन्ना ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोयनकन विद्यार्थी आने वाले भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रमीय उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विधायक ने किरतपुर में किया मार्ग सुधार के कार्य का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एनएच 74 से किरतपुर ग्रामसभा होते हुऐ उत्तर प्रदेश की सीमा मनिहारखेड़ा को जाने वाले मुख्य मार्ग के सतह सुधार के कार्य का विधायक शिव अरोरा द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा किरतपुर क्षेत्र के मुख्य मार्ग जो काफी खस्ता हाल में थे बरसात के कारण रोड में गड्ढे हों गए थे जिसको लेकर स्थानीय लोगो को उस मार्ग के प्रयोग में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था आये दिन टुक टुक पलटने की घटना सामने आती थी वहीं मार्ग के सतह सुधार से आवागमन पहले बेहतर होगा, जिसका कार्य आरम्भ हों गया है। वही मार्ग का कार्य आरम्भ होने से स्थानीय लोगो ने काफी राहत महसूस की इसी प्रकार जहां-जहां अन्य क्षेत्रों में सड़को की हालत खराब है उसको सही करवाने या बनवाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रधान आशीष यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्ण पासवान, राजेश पासवान, विनोद धामा, गुरमीत सिंह, आशीष कुमार, चंदन नेगी, राजेश तिवारी, सहायक अभियंता पीडब्लूडी केशव लाल, मनोज मदान, मोनू कबीरा, संजीव गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, रामकुमार शर्मा राज दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# मारपीट पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विवाद के चलते पांच लोगों पर एक युवक से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वार्ड 13 निवासी शमशुद्दीन पुत्र मासूम अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि श्मशान घाट के पास 30 अक्तूबर की रात पहाड़गंज निवासी साजिद पुत्र अकरम, फैजान पुत्र रफिक अहमद, फैसल पुत्र अतहर उर्फ पप्पू, सलमान पुत्र डा. खुर्शीद और अन्य उनके मोहल्ले के रिक्शा चालक जाकिर से मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर उन लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पिकअप वाहन चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर के ग्राम चिलकिया क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक पिकअप वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है।वाहन स्वामी रफत अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। चोरी की यह वारदात आसपास लगे कैमरों में कैद हुई है।जिसमें दो युवक वाहन लेकर फरार होते दिखाई दे रहे हैं।

रविवार को ग्राम चिलकिया निवासी वाहन स्वामी रफत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे चिलकिया क्षेत्र के निवासी हैं और उनका पिकअप वाहन संख्या यूके 19 सीए 1515 रोज की तरह घर के बाहर खड़ा था।उन्होंने बताया कि रात करीब 2 बजे दो अज्ञात चोरों ने गाड़ी को घर के बाहर से चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरों में आरोपी वाहन को तेलीपूरा रोड की ओर ले जाते हुए दिखाई दिए। पीड़ित ने पुलिस से वाहन बरामद करने और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।आरोपी सीसीटीवी कैमरों में वाहन ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# एसके स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय अंतरविद्यालयी खेल का हुआ समापन



**ट्रॉफी और मेडल प्राप्त कर सभी प्रतिभागियों के चेहरे खिले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एसके पब्लिक स्कूल मझोला में चल रहे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। खेल का आरंभ विद्यालय के प्रबन्धक जगजीत सिंह, प्रशास. निक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य मोहनचन्द्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती माँ को मालार्पण कर किया। खेल समारोह में सभी बच्चों के माता-पिता ने पधार कर सभी टीमों का उत्साह वर्धन किया तथा जीत की शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग खो-खो में न्यू ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल को पीछे कर अल्कैमिस्ट अकैडमी खटीमा ने जीत प्राप्त की। जूनियर बालिका वर्ग खो-खो टीम में एसके पब्लिक को हराकर न्यू ज्ञानदीप पब्लिक ने जीत प्राप्त की। सीनियर बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल-एच को हराकर एसके पब्लिक स्कूल ने जीत प्राप्त की। सीनियर बालक वर्ग में खो-खो खेल में नोजगे पब्लिक स्कूल-एच को हराकर डायनेस्टी मोर्डन गुरुकुल अकैडमी ने विजय प्राप्त की। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में एसके पब्लिक स्कूल को हराकर हैल्पलाइन पब्लिक स्कूल ने जीत प्राप्त की। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में एसके पब्लिक स्कूल को हराकर शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल खटीमा ने जीत प्राप्त की। रस्सा-कस्सी सीनियर बालिका वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल अमरिया को हराकर अल्कक्ष्या पब्लिक स्कूल ने जीत प्राप्त की। रस्सा-कस्सी सीनियर बालक वर्ग में नोजगे को हराकर डायनेस्टी मार्ध्डन गुरुकुल अकैडमी छिनकी ने जीत प्राप्त की। ट्रॉफी व मेडल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।

# पुलिस ने जनपद में चलाया ऑपरेशन 'कालनेमि'

**157 की हुई जांच, दस के हुए चालान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देश पर संपूर्ण जनपद में ऑपरेशन कालनेमी के तहत व्यापक सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए 157 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 10 व्यक्तियों को फर्जी पाए जाने पर पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि कोतवाली जसपुर में 27 व्यक्तियों की चेकिंग की गई। जबकि कोतवाली कुंडा में 4, कोतवाली काशीपुर में 6, कोतवाली आईटीआई में 12 व्यक्तियों की चें. कंग, 01 का पुलिस एक्ट में चालान, कोतवाली बाजपुर में 13 व्यक्तियों की चेकिंग, 1 का चालान, कोतवाली केलाखेड़ा में 4 व्यक्तियों की चेकिंग, 2 के चालान, कोतवाली गदरपुर में 9 व्यक्तियों की चेकिंग, 3 के चालान, थाना दिनेशपुर में 3 व्यक्तियों की चें. कंग,कोतवाली पंतनगर 2 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना ट्रांजिट कैंप में 6 व्यक्तियों की चेकिंग,कोतवाली रुद्रपुर में 25 व्यक्तियों की चेकिंग, 3 के चालान, कोतवाली किच्छा में 15 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना पुलभट्टा में 12 व्यक्तियों की चें. कंग, कोतवाली सितारगंज में 1 व्यक्ति की चेकिंग, थाना नानकमत्ता में 2 व्यक्तियों की चें. कंग, कोतवाली खटीमा में 13 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना झनकईया में 3 व्यक्तियों की चेकिंग ई गई। उन्होंने बताया ए जनपद में कुल 157 संदिग्धों की चेकिंग व 10 फर्जी व्यक्तियों के पुलिस एक्ट में चालान किए गए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और अपराध मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है।

# राज्य आंदोलनकारी भाजपा व कांग्रेस से भींख न मांगे: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी ने एक विज्ञप्ति जारी कर सरकार द्वारा एक दिन पूर्व 8 नवंबर को रजत जयंती वर्ष मनाने की घोषणा को महज छलावा बताया है।

उक्रांद नेता धामी ने उत्तराखंड की जनता के त्याग बलिदान एवं संघर्ष का सरेआम अपमान है। उन्होंने भाजपा के इस अपमान. जनक शासनादेश का कांग्रेस द्वारा विरोध नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की है। उक्रांद जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी ने विज्ञप्ति में कहा है कि कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियां पिछले 25 वर्षों से लगातार ही उत्तराखंड के संसाधनों को अपने-अपने तरीके से इस्तेमाल कर रही हैं। इसका दुष्परिणाम आज तक उत्तराखंड वासी झेलते आ रहे हैं। उत्तराखंड में 2017 से 2022 तथा 2022 से 27 तक कांग्रेस के भगोड़े और भाजपा के दिल्ली की कृपापात्र विधायकों की ताकत से ही सरकारें संचालित हो रही हैं। जनता कि वास्तविक जनमत को कमजोर करके भाजपा के भ्रष्टाचारी कांग्रेस के तीन दर्जन से भी ज्यादा गढ़वाल और कुमाऊं के नेताओं को अपनी पार्टी में दल बदल करवा कर अपनी शक्ति में इजाफा किया है। 2027 के चुनाव में भी भ्रष्ट कांग्रेसियों की ताकत से ही भाजपा पुनः प्रदेश में सरकार बनाने का सपना देख रही है। प्रदेश की जनता को इससे सतर्क रहना प्रदेश के हित में है।

# बेटी ने पिता पर लगाया सौदा और आपत्तिजनक हरकतें करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक युवती ने अपने पिता पर उसका सौदा करने और आपत्ति. जनक हरकतें करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि पिता ने नशे के लिए उसका सौदा किया और विरोध करने पर मारपीट की।

एसएसपी कार्यालय पहुंची युवती ने पिता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ट्रांजिट कैंप निवासी लगभग 22 वर्षीय एक युवती ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पिता नशे का आदी है। घर में नशेबाजी और बाहरी लोगों की आवाजाही के कारण माहौल असुरक्षित रहता है। उसके अनुसार, पिता कई दिनों से उसे किसी अधेड़ व्यक्ति के साथ शादी के नाम पर बेचने की कोशिश कर रहा था। विरोध करने पर वह उसे घर से निकालने, भोजन-पानी से वंचित करने और जान से मारने की धमकियां देता था। आरोप है कि 8 नवंबर की सुबह वह कॉलेज जाने से पहले पानी भरने जा रही थी। आरोप है कि तभी उसका पिता अचानक निर्वस्त्र अवस्था में उसके पास आ गया और आपत्तिजनक हरकतें करते हुए उसे गलत नीयत से पकड़ने का प्रयास करने लगा। वह किसी तरह खुद को छुड़ाकर अपने कमरे की ओर भागी, जबकि पिता लड़खड़ाते हुए उसका पीछा करता रहा और सीढ़ियों पर गिर पड़ा। आरोप है कि पिता उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहा है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# रामनगर महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया एनसीसी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी इकाईयों द्वारा एनसीसी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।एनसीसी की 79 व 24 यूके बटालियन की उप इकाईयों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण,राष्ट्र गान एवं राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् के उपरान्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ.साकेत बडोला, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे व विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्या ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

एनसीसी कैडेट निशा एवं मधु द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम संयोजक एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) डीएन जोशी ने स्वागत उद्बोधन कर एनसीसी की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ.साकेत बडोला ने एनसीसी दिवस की बधाई देते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनसीसी



कैडेट्स को पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के सन्दर्भ में कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं वन विभाग के संयोजन में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएसमौर्या ने एनसीसी के लाभों को बताकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे ने सभी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की बधाईयां देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने एनसीसी इकाइयों की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका की सराहना की। 79 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.)डी.एन. जोशी ने व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, एकता एवं अनुशासन व युवा शक्ति पर विचार व्यक्त किए। भूगोल विभाग प्रभारी डॉ.सिराज अहमद ने एनसीसी के लाभों को बताते हुए राष्ट्रीय एकता में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। 24 यूके बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) कृष्णा भारती ने एकता और अनुशासन को धारण करने के लिए युवाओं का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत एकल गायन,समूह गायन,एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। कैडेट आकाश रावत व रूचि नेगी ने एनसीसी संगठन पर विचार व्यक्त किए। कैडेट अनुज कुमार ने कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत किया। समूह गीत में हिमांशी, निधि, रूचि व हर्षिता ने प्रस्तुति दी।एकल नृत्य में तनुजा जोशी,निकिता रावत,मानसी सती,मधु एवं अनुष्का ने लोकनृत्य प्रस्तुत किए।

# टीकाकरण के दस दिन बाद हुई नवजात की जान गई

**■ मामले की जांच के लिए सीएमओ ने गठित की समिति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** उप जिला अस्पताल में तैनात एएनएम द्वारा लापरवाही से टीका लगाए जाने के 10 दिन के भीतर नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं सीएमओ ने मामले की जांच को समिति गठित की है।

सितारगंज वार्ड नंबर 6 निवासी राकेश कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को उनकी बहू कंचन ने पुत्र को जन्म दिया था। 12 नवंबर को उप जिला अस्पताल में तैनात एएनएम ने नवजात को चार टीके लगाए थे। राकेश ने बताया कि टीका लगने के बाद से ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। टीका लगाने वाली जगह से लगातार रक्तस्राव हो रहा था। इसे देखते हुए वह बच्चे को दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों ने महज औपचारिकता निभाने के बाद उन्हें वापस भेज दिया। स्थिति खराब होने पर 18 नवंबर को नवजात को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे आईसीयू में रखा गया। इसके बावजूद रविवार को बच्चे की मौत हो गई। घटना से परिवार गमजदा और नाराज है।

परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी।

# लधियाघाटी का लाल दीपक सिंह सीमा पर शहीद, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

**■ आज सोमवार को सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** लधियाघाटी क्षेत्र के खरही गांव का जवान अग्निवीर दीपक सिंह (23) देश की रक्षा करते हुए जम्मू कश्मीर में शहीद हो गया। शनिवार को अग्रिम चौकी पर अपनी ड्यूटी निभाते समय गोली लगने से उसका निधन हो गया। जैसे ही यह दुखद समाचार गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया और हर आंख नम हो गई।

दो वर्ष पूर्व अग्निवीर योजना के माध्यम से सेना में भर्ती हुए दीपक का सपना था कि वह स्थायी सैनिक सेवा के लिए चयनित होकर पूरे जीवन देश की सेवा करें। परिजनों के अनुसार दीपक दस दिन पहले ही छुट्टी बिताकर यूनिट लौटा था और माता-पिता से वादा कर गया था "जल्द वापस आऊंगा" पर नियति को कुछ और ही मंजूर था। अब दीपक तिरंगे में लिपटा घर लौटेगा। दीपक अपने चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था।

परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उसके शहीद होने की खबर मिलते ही मां तारी देवी सहित पूरा परिवार बेहाल है, जबकि पिता शिवराज सिंह को लोग ढांढस बंधाने घर पहुंच रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात दीपक की ड्यूटी के दौरान चली गोली कहां से चली, इसकी जांच सेना द्वारा की जा रही है। घायल अवस्था में उसे सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दीपक की शहादत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने एक और वीर सपूत खो दिया। इसके अलावा विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, भाजपा कार्यकारणी के सदस्य सतीश चन्द्र पाण्डेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल, जिला पंचायत सदस्य सोनू बोहरा, ब्लॉक प्रमुख शंकर सिंह अधिकारी, पूर्व प्रमुख लक्षिमण सिंह लमगड़िया, पूर्व सदस्य भोला सिंह बोरा तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बाबा श्याम सिंह ने भी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

वीर सपूत का पार्थिव शरीर आज देर रात गांव पहुंचने की उम्मीद है। सोमवार को पूरे राजकीय सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## एक नजर

# स्वतंत्रता सेनानी नजीबुल्लाह के परिवार को सम्मान दिलाए प्रशासन : अवधेश पंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर सेनानी नजीबुल्लाह के परिवार को सम्मान दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई है। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार कल्याण महापरिषद (रजि.) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पंत ने जिलाधिकारी चंपावत को पत्र लिखकर 80 वर्षीय सहिदन खातून जो स्वतंत्रता सेनानी नजीबुल्लाह की जीवित पुत्री हैं को शासन की ओर से निर्धारित सम्मानों और सुविधाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है।

श्री पंत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी नजीबुल्लाह के दस्तावेजों और उपलब्ध अभिलेखों का संज्ञान लेते हुए प्रशासन को चाहिए कि उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी परिचय पत्र के आधार पर शहीदन खातून को सम्मान, पहचान एवं समस्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में योगदान देने वाले परिवार आज भी सम्मान की प्रतीक्षा में हों, यह बेहद संवेदनशील विषय है। प्रशासन को इसे प्राथमिकता के साथ हल करना चाहिए। अवधेश पंत ने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करते हुए स्वतंत्रता सेनानी के परिवार को न्याय दिलाएगा और उनके सम्मान की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करेगा।

# न्याय परामर्श शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अधिवक्ता परिषद ऊधमसिंह नगर ने रविवार को वार्ड एक जनपद रोड फूलसूंगी में निशुल्क न्याय परामर्श केंद्र शिविर लगाया। जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष डीडी गुणवंत, प्रांतीय महिला प्रमुख सुभाषनी द्विवेदी, जिला महामंत्री दुर्गेश मोहन शर्मा, मंत्री रेनू तिवारी और सदस्य अधिवक्ता विजय ने लोगों के विभिन्न मामलों को सुनकर निःशुल्क कानूनी परामर्श दिया। परामर्श के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, उत्तराधिकार, संपत्ति विवाद, श्रम कानून तथा अन्य कानूनी परेशानियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि ऐसे निःशुल्क न्याय परामर्श केंद्र आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे आमजन को न्याय और कानून संबंधी जानकारी सरलता से मिल सके।

# स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्या के समाधान के लिए लगेगा मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्या के समाधान के लिए ऊर्जा निगम मेगा कैंप का आयोजन करेगा। एसडीओ अंबिका यादव ने बताया कि 25, 27 और 29 नवंबर को मेलाघाट रोड पर कैंप लगेगा। ऊर्जा निगम के एसडीओ कार्यालय में आयोजित इस कैंप में स्मार्ट मीटर के विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे जो क्षेत्र के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में आने वाली समस्याओं और स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस मेगा कैंप में विद्युत विभाग के समस्त जेई और स्टाफ भी मौजूद रहेगा। स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और बिलिंग, बिल जमा करने और सभी समस्या के मौके पर निवारण भी किया जाएगा।

# लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में कोविडकालीन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर गायब!

**■ 130 मशीनें लौटकर नहीं आईं, जिम्मेदारी किसकी?**

**■ पीएम - सीएम फंड से मिली जीवनरक्षक मशीनें बिना लेखा-जोखा बांटी गईं, कई गंभीर अनियमितताओं के संकेत**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में कोविडकाल के दौरान मिले जीवनरक्षक ऑक्सीजन कंसंट्रेटरों का कोई अता-पता नहीं है। यह खुलासा तब हुआ जब हाल में कुछ रोगियों ने कंसंट्रेटर की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रशासन के पास देने के लिए एक भी मशीन उपलब्ध नहीं मिली। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कोविड फंड से इस अस्पताल को 130 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें जरूरतमंद मरीजों को घर ले जाने की सुविधा दी गई थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ये मशीनें आज तक अस्पताल में वापस नहीं लौटीं।

सरकारी संपत्ति, वह भी ऐसी जो सीधे जीवन बचाने से जुड़ी हो ख्र आखिर किसने इतनी "दरियादिली" दिखाते हुए बांट दी? किसने इसके रिकॉर्ड तैयार किए? और किसकी जिम्मेदारी थी कि इन मशीनों को वापस लिया जाए? यह पूरा मामला अब गंभीर जांच का विषय बन गया है। यह भी प्रश्न उठ रहा है कि यदि किसी मरीज को आपात स्थिति में घर ले जाने की अनुमति दी गई थी तो उसके उपयोग के बाद उसे लौटाने की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई? आखिर इन उपकरणों की निगरानी कौन करता था? मामले में पूर्व विधायक ने भी सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया था। चर्चाएं यह भी हैं कि न केवल कंसंट्रेटर बल्कि कोविडकाल में मिले अन्य उपकरणों का भी चिकित्सा संस्थान में कोई ठोस लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है।

इसी अवधि में अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट और आईसीयू भी स्थापित किए गए थे, लेकिन कोविड के बाद से ये भी उपयोग में नहीं आ रहे हैं। जबकि अस्पताल में निश्चेतक सहित आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध है। विभाग समय-समय पर अस्पताल को बदहाल स्थिति से उबारने के दावे करता रहा है, लेकिन भीतर की वास्तविक स्थिति किसी "अंदरूनी हकीकत" की ओर इशारा करती है।

## सीएमएस ने माना कि आक्सीजन कंसंट्रेटर गए हैं बाहर

**चम्पावत।** उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ वीराज रांठी ने माना कि आंक्सीजन कंसंट्रेटर चिकित्सालय के बाहर दिए गए हैं। लेकिन उन्हें उनका उपयोग होने के बाद वापिस नहीं लिया गया है। यह मामला उनके कार्यकाल का नहीं है अलबत्ता वे सारे कंसंट्रेटर चिकित्सालय में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

## फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनने की चर्चाएं भी तेज

**चंपावत।** जिला चिकित्सालय में वर्ष 2021 से 2023 के बीच फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाए जाने की चर्चाएं भी लंबे समय से तैरती रही हैं। ये आरोप कितने सच हैं यह तो जांच के बाद ही साफ होगा, लेकिन लोहाघाट जैसे नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डेमोग्राफिक परिवर्तन की चर्चाओं के बीच यह एक गंभीर संकेत माना जा रहा है। इसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# पुनर्वास की मांग को लेकर प्रहलाद पल्सिया में धरना जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** प्रह्लाद पल्सिया में रह रहे पांच परिवारों को हटाने से पहले पुनर्वास की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा। रविवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के पूर्व अध्यक्ष किरण मंडल धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। प्रह्लाद पल्सिया स्थित करीब 41 एकड़ राजस्व भूमि को एक्वा पार्क के लिए हस्तांतरित किया गया है। प्रशासन ने इस भूमि का अधिग्रहण कर इसे मत्स्य विभाग को सौंप दिया है, जहां एक्वा पार्क निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां रह रहे पांच परिवारों को हटाने के लिए 12 दिन पहले प्रशासन व पुलिस बल मौके पर पहुंचा था, लेकिन प्रभावित परिवारों और जनप्रतिनिधियों के विरोध के कारण कार्रवाई रोकनी पड़ी और जेसीबी वापस ले जानी पड़ी।

परिवारों का कहना है कि उन्हें हटाने से पहले पट्टे देकर किसी अन्य स्थान पर बसाया जाए। इसी मांग को लेकर प्रभावित परिवार और जनप्रतिनिधि लगातार धरने पर बैठे हैं। धरने के 12वें दिन केएमवीएन के पूर्व अध्यक्ष किरण मंडल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया था और वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष को एकजुट होकर ही सफल बनाया जा सकता है। धरनास्थल पर नगर पंचायत शक्तिगढ़ के अध्यक्ष सुमित मंडल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य और पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े छह लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के एक युवक से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी हो गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गौतम साहनी पुत्र सुरेश कुमार साहनी निवासी खुशी एन्क्लेव भूरारानी रोड ने बताया कि दो माह पहले उन्हें फेसबुक पर एक लिंक मिला। लिंक खोलते ही वह एक कथित व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जिसमें लगभग 90 लोग शामिल थे। ग्रुप में रोजाना शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट साझा किए जाते थे। खुद को आईआईएफसीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर ठगों ने उन्हें प्री-आईपीओ और ब्लॉक ट्रेड में अधिक मुनाफे का लालच दिया।

शुरुआत में शेयर रेट वास्तविक कंपनियों से मेल खाते दिखे, जिससे उन्हें विश्वास हो गया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों में रकम भेजने को कहा। गौतम ने बताया कि 14 से 30 अक्तूबर के बीच उन्होंने अपने और पत्नी के खातों से कुल 6,47,600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। हर निवेश के बाद पोर्टल पर नकली मुनाफा दिखाया जाता था और ज्यादा लाभ का झांसा देकर बड़े निवेश का दबाव बनाया जाता था। कुछ दिन बाद उन्हें पता चला कि पूरा पोर्टल और कंपनी प्रतिनिधि फर्जी थे। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आतंक का अंत: मंगोली में आदमखोर गुलदार पकड़ा

**■ दो हफ्ते बाद वन विभाग की मशक्कत लाई रंग**

**■ पीजी कॉलेज रोड, डैसली और देवीधार में गुलदार की बढ़ती गतिविधियों ने बढ़ाया खतरा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** दो सप्ताह से मंगोली गांव में आतंक का पर्याय बना आदमखोर गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया है। करीब पखवाड़े पूर्व इसी गुलदार ने गांव के एक व्यक्ति पर हमला कर उसकी जान ले ली थी, जिसके बाद पूरा गांव भय और असुरक्षा की चपेट में आ गया था। ग्रामीणों ने शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया था और बच्चों को स्कूल भेजने तक में डर महसूस होने लगा था।

गुलदार के हमले के बाद वन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया। टीम को कई दिनों तक जंगलों में डटे रहकर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सर्विलांस कैमरों की निगरानी, गश्त बढ़ाने और अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाने के बाद अंततः शनिवार देर रात सफलता हाथ लगी और गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े गए गुलदार को विभाग की देखरेख में सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है, जहां उसका मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। गांव में राहत, पर दहशत के निशान अभी बाकी गुलदार के पकड़े जाने की खबर सुनते ही ग्रामीणों के चेहरों पर राहत लौट आई। लोगों ने कहा कि बीते दिनों में गांव का माहौल पूरी तरह ठप पड़ गया था। खेतों में काम करने से लेकर रोजमर्रा की आवाजाही तक सब कुछ प्रभावित था। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयासों की ग्रामीणों ने सराहना की है। लेकिन इसी राहत के बीच पास के क्षेत्रों में वन्यजीव गतिविधि बढ़ने की खबर ने चिंता भी बढ़ा दी है। राय नगर चौड़ी, पीजी कॉलेज रोड और डैसली में बढ़ी हलचल नगर क्षेत्र से लगे राय नगर-चौड़ी, पीजी कॉलेज के पास, डैसली और देवीधार हनुमान मंदिर इलाके में भी पिछले कुछ दिनों से गुलदार की गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम होते ही कई बार गुलदार को सड़कों और झाड़ियों के आसपास घूमते देखा गया है। विशेषकर पीजी कॉलेज मार्ग पर विद्यार्थी और स्थानीय लोग आवागमन करते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। इसी तरह देवीधार मंदिर के आसपास शाम के समय श्रद्धालुओं की आवाजाही होने के कारण क्षेत्र और ज्यादा संवेदनशील हो जाता है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से इन क्षेत्रों में भी तत्काल पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# सीओ ने किया बाजार पुलिस चौकी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** सीओ शिवराज सिंह राणा ने रविवार को रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बाजार का आकस्मिक निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया और समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, मैस, बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारियों को अधिक से अधिक सत्यापन करने व निरोधात्मक कार्यवाही करने के लिए बताया गया व ग्राम अपराध रजिस्टरों को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही साइबर क्राइम टोल फ्री नम्बर 1930, पोक्सो, नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने को निर्देशित किया गया।

# अजमेर पहुंचने पर फरीद अहमद मंसूरी का गर्म जोशी से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष व मंसूरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव फरीद अहमद मंसूरी का अजमेर पहुंचने पर मंसूरी समाज के निजाम मंसूरी, मोहम्मद फरीद मंसूरी, कासिम मंसूरी, फरहान मंसूरी, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजस्थानी पगड़ी पहना कर व फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी। श्री मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाना होगा। अपने बच्चों को पढ़ना होगा। मंसूरी समाज में राजनीतिक बेदारी लानी होगी, हमें ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक में हिस्सा लेना होगा और अपने हक की आवाज उठानी होगी। आज हिंदुस्तान के हर प्रदेश में मंसूरी समाज पिछड़ा हुआ है। राजस्थान में 30 लाख मंसूरी समाज के वोटर वोट करते हैं, लेकिन मंसूरी समाज का किसी भी राजनीतिक दल में कोई प्रभाव नहीं है। अगर राजनीतिक पार्टियों मंसूरी समाज की ऐसे ही अनदेखी करती रही तो एक राजनीतिक दल और विपक्ष में खड़ा हो जाएगा, जिसका सीधा असर कांग्रेस पार्टी व भारतीय जनता पार्टी पर पड़ेगा। आने वाले चुनाव में मंसूरी समाज से अपील करता हूं कि वह राजनीतिक में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और अपनी जगह राजनीतिक में बनाएं तभी मंसूरी समाज उन्नति करेगा।

# चेकिंग के दौरान 18 वाहनों का चालान

**■ वाहन चालकों व यात्रियों को यातायात से संबंधित दी गई जानकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड के आदेश के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के दिशा निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में अन्तरराज्यीय बार्डर चौकी सत्रह मील मे थाना खटीमा पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर 07 रोडवेज बस, 25 बड़ी व करीब 40 छोटे वाहनों को चौक किया गया ।

चेकिंग के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नही हुई। वहीं वाहन चालकों व यात्रियों को यातायात व जागरुकता के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया । इस दौरान अनियमितता पाए गए कुल 18 वाहनों का एमवी एक्ट में चालान किया गया। पुलिस टीम सीओ विमल रावत, प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र शाह, उ.नि. अनुराग सिंह, चौकी सत्रह मील प्रभारी उ.नि. ललित बिष्ट, अ. उ.नि. पूरन चन्द्र पाण्डे, हे.का. मनोज देव, पंकज कुमार, रविन्द्र नाथ, का. सुभाष पाण्डे, मोहन बोहरा,कमल पाल, पीएसी महेन्द्र सिंह, पीएसी मनोज रायपा, पीएसी बलजीत सिंह तथा पीएसी दिनेश गिरी शामिल रहे।

# जीआईसी रेगडू में स्कूल सुरक्षा और आपदा जागरूकता प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी एवं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल के दिशा-निर्देश में जनपद की तहसील बाराकोट अंतर्गत जीआईसी रेगडू में स्कूल सुरक्षा एवं आपदा जागरूकता पर व्यापक जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कार्मिकों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं, उनसे बचाव एवं आपदा के समय सही व्यवहार के संबंध में जानकारियां दी गई। प्रशिक्षकों की ओर से भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने एवं भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित स्थानों की पहचान, परिवार एवं पालतू पशुओं को सुरक्षित रखने के उपायों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भूकंप सुरक्षा एवं बचाव, भूस्खलन व बाढ़ की स्थिति में सतर्कता, प्राथमिक उपचार, सीपीआर तकनीक, घायल व्यक्ति को सुरक्षित रूप से कैरी करने की विधि, स्थानीय संसाधनों से स्ट्रेचर निर्माण, आपदा रेस्क्यू उपकरणों की जानकारी, रैपलिंग व जुमारिंग, तथा रिवर क्रॉसिंग का प्रदर्शन कराया गया। साथ ही, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्पलाइन नंबरों, 'सचेत' एवं 'भूकम्प' एप के उपयोग की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर भरत गुसाईं,कनिष्ठ अभियंता नीरज पुजारी, एसडीआरएफ प्रभारी डूंगर सिंह अधिकारी, राम सिंह धोनी, गणेश मेहरा, किशोर सिंह एवं अमित मिश्रा की ओर से संचालित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंकज कुमार साह सहित अध्यापकों एवं अन्य कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।



# चम्पावत में साहसिक पर्यटन को नई उड़ान

**■ बाणासूर के बाद अब डांडाख्रककनई बनेगा पैराग्लाइडिंग हब**

**■ दो प्रशिक्षण बैच शुरू, पायलट 100 घंटे की सोलो उड़ान के बाद बनेंगे टैंडम पायलट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पर्यटन क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने की दूरदृष्टि अब धरातल पर दिखने लगी है। बाणासूर किले के बाद अब डांडाख्रककनई क्षेत्र साहसिक पर्यटन का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां पैराग्लाइडिंग गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है और जल्द ही यह क्षेत्र उत्तराखंड का प्रमुख पैराग्लाइडिंग हब बनने जा रहा है।

डांडा में वर्तमान में 'पैराग्लाइडिंग उड़ान अभ्यास' नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। इसमें प्रतिभागियों को सोलो पायलट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 100 घंटे की उड़ान पूर्ण करने के बाद ट्रेनिंग ले रहे पायलट टैंडम (कमर्शियल) पायलट बनने के लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण का पहला बैच 6 नवम्बर से 25 नवम्बर तक संचालित किया जा रहा है, जबकि दूसरा बैच 26 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक चलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही गति बनी रही तो डांडा-ककनई क्षेत्र में भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकती हैं। इससे पहले पैराग्लाइडिंग पायलटों ने बाणासुर किले से उड़ान भरकर जिले को नई पहचान दी थी, लेकिन एयरोस्पोर्ट्स के विशेषज्ञों ने ककनई साइट को और अधिक उपयुक्त पाया। बेहतर थर्मल, अनुकूल हवा का रुख और सुरक्षित लैंडिंग ग्राउंड इसे पेशेवर स्तर की उड़ान के लिए आदर्श बनाते हैं। यहां उड़ान भर रहे पायलट लगातार तीन घंटे तक आसमान में रोमांचक सफर का आनंद ले रहे हैं।

महाराष्ट्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक आकाश ने डांडा-ककनई को अत्यंत संभावनाशील बताते हुए कहा कि यह साइट देश की श्रेष्ठ पैराग्लाइडिंग लोकेशन में शामिल हो सकती है। पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल की पहल पर प्रदेश में नई पैराग्लाइडिंग साइटों की पहचान की जा रही है। राज्य के 120 से अधिक पैरा पायलटों को विशेषज्ञ पर्यवेक्षण में प्रशिक्षित करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन साहसिक खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षण समन्वयक बलवंत सिंह कपकोटी के निर्देशन में किया जा रहा है।

डांडा- ककनई का तेजी से विकसित होता पैराग्लाइडिंग जोन न सिर्फ साहसिक पर्यटन में चम्पावत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। आने वाले समय में यह क्षेत्र चम्पावत को उत्तराखंड का एडवेंचर कैपिटल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# शिवेश्वर राज सिंह की टीम ने जीती ट्राफी

## चतुर्थ नैनीताल कप ओपन टेनिस प्रतियोगिता संपन्न



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में चतुर्थ नैनीताल कप ओपन टेनिस प्रतियोगिता में शिवेश्वर राज सिंह की टीम ने पूरन सिंह बिष्ट की टीम को मात देकर ट्राफी पर कब्जा किया। इस दौरान मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि युवाओं और बच्चों को खेल से जोड़ो। बता दें नैनीताल के प्रतिष्ठित न्यू क्लब के कोर्ट में चतुर्थ ओपन टैनिस प्रतियोगिता अयोजित हुई। प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल खेला गया। प्रतियोगिता के फाइनल में शिवेश्वर सिंह और पूरन सिंह बिष्ट की टीमें भिड़ीं। प्रतियोगिता में नैनीताल और हल्द्वानी की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम में 6 सदस्य मौजूद थे। फाइनल मैच में शिवेश्वर सिंह की टीम ने पूरन सिंह बिष्ट की टीम को एकतरफा मुक. ाबले में 4-0 से पराजित किया। टीम इवेंट के निर्णायक मैच में टीम शिवेश्वर और राजेंद्र की जोड़ी ने पूरन और वीरेंद्र की जोड़ी को 6-4 से पराजित किया। फाइनल मुक. ाबले की मुख्य अतिथि नैनीताल नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों तथा आयोजकों और दर्शकों को संबो. धित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय स्तर पर नई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। ये बच्चे आगे चलकर नगर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों समेत युवाओं को अन्य खेलों की भांति इस खेल में भी रुचि दिखाने को कहा। उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के महासचिव सुमित गोयल और उपाध्यक्ष डीएस रावत ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए न्यू क्लब और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन प्रत्येक वर्ष समय समय पर होने चाहिए। इस मौके पर क्लब के सचिव रितेश साह समेत प्रतियोगिता के आयोजक सचिव अमर जगाती, दिग्विजय, कुंदन सिंह बिष्ट, मुदित, मोहित तथा रोटरी क्लब के जेके शर्मा, ताल चौनल की ईशा साह, क्लब के सदस्य मोनिका साह, मालाश्री, उमेश त्रिपाठी, अंजू जगाती तथा गिरीश साह व मृणाल आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक योगेश साह और सुमित गोयल थे। प्रतियोगिता के पारितोषक वितरण समारोह का संचालन अमित जोशी ने किया। अंत में प्रतियोगिता के आयोजक सचिव अमर जगाती ने सबका आभार जताया।

# नैनीताल की आस्था व यासीन रहे प्रथम

## कुविवि अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन महिला/पुरुष प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय दो दिवसीय बैडमिंटन (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता में प्रो. महेंद्र सिंह राणा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। बता दें प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी रविवार को महिला एवं पुरुष वर्ग के इंडिविजुअल मैचों का आयोजन किया गया जिसमें आयोजक सचिव डा. राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि इंडिविजुअल मैचों में महिला वर्ग में नैनीताल की आस्था बोरा प्रथम तथा काशीपुर की वानि पाठक दूसरे तथा हल्द्वानी की आशिका जोशी तीसरे तथा नैनीताल की सुपर्णा दत्ता चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष वर्ग के इंडिविजुअल मैचों में यासीन नैनीताल प्रथम, दीपक सिंह कोश्यारी रुद्रपुर दूसरे, प्रदीप कुमार नैनीताल तीसरे तथा सुजल कुमार रुद्रपुर चौथे तथा शिखर काशीपुर पांचवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय महाविद्यालय हल्दुचौड़, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर, राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय महाविद्यालय खटीमा, राजकीय महाविद्यालय रामनगर, राजकीय महाविद्यालय काशीपुर एवं राजकीय महाविद्यालय बाजपुर समेत कुल 8-8 टीमों के खिलाड़ियों ने महिला/पुरुष वर्ग में प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता का फाइनल मैच नैनीताल तथा रुद्रपुर के मध्य खेला गया जिसमें सीधे सेटों में रुद्रपुर 3-0 से विजेता रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में भूपेश दुम्का, अमन नवयाल, गोविंद परिहार व राज एवं सक्षम रहे।



समापन सत्र के अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन आफ उत्तराखंड पुष्कर राज जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी रहे। प्राचार्य सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रो. अवधेश नारायण सिंह, अध्यक्ष जिला ओलंपिक एसोसिएशन उधम सिंह नगर डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा तथा क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डा. संतोष कुमार द्वारा विजेता टीम रुद्रपुर तथा उपविजेता टीम नैनीताल के खिलाड़ियों को पदक एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर ललित बिष्ट, लोकेश पांडे, योगेश पांडे, छात्र संघ अध्यक्ष रजत बिष्ट तथा छात्र संघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कॉलेज काफलीगैर में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी संजय सिंह जनोटी के निर्देशन में एनसीसी कैडेट ने मार्च पास किया तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये, साथ ही पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अव्वल स्थान प्राप्त क्रेडिट को पुरस्कृत किया गया। दिग्विजय कुमार ने कैडेट को संबो. धित करते हुए कहा कि एनसीसी देश को महान एवं अनुशासित बनाता है तथा कैडेट को राष्ट्र सेवा का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह जनौटी द्वारा किया गया।

# सत्य साई बाबा के 100वें जन्मोत्सव पर भक्तों ने कराया धार्मिक अनुष्ठान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सत्य साई संगठन द्वारा रविवार को सेवा समिति हॉल मल्लीताल में सत्य साई बाबा के 100वें जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। कार्यक्रम में सबसे पहले 21 बार ओंकारम पाठ हुआ फिर अष्टोत्तर के बाद हवन यज्ञ किया गया और फिर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अपराह्न एक बजे महाआरती के बाद केक सेरेमनी और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या, संयोजक अल्पना साह, उप संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट, जिला



अध्यक्ष केएस नेगी समेत ज्योति साह, लीला चन्दोला, दिव्या साह, देवकी साह, गीता साह, अनीता वर्मा, अक्षिता साह, ममता भट्ट, अनुराधा चंद, सीमा पाण्डे, आरती अग्रवाल, नुपुर नेगी, अमिता साह, दीपा मुनगली, मंजू पाण्डे, डौली भट्टाचार्य, कमला शाह, मनोज साह, अजय पंत, ज्योति पाण्डे, गिरीश काण्डपाल, प्रो. पद्म एस बिष्ट, नवीन पाण्डे, सरदार सुखविन्दर सिंह, रोहित तिवारी, यश केशले, नितिन साह तथा पंकज टंडन, भारती पांडे, शिवांग साह तथा सत्यम भट्ट रहे।

## एक नजर...

### शहीदी पर्व पर हुए कई कार्यक्रम

**नैनीताल।** गुरुद्वारा साहिब में रविवार को गुरुतेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित अखंड पाठ साहिब का भोग संपन्न हुआ। इस अवसर पर जालंधर से पहुंचे संतोष सिंह के जत्थे ने कीर्तन दरबार सजाकर संगत को भाव विभोर किया। कीर्तन उपरांत गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर भी वितरित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा सभा के अध्यक्ष जोगेंदर सिंह आनंद के साथ अमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह, गगनदीप सिंह, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसबीर कौर, जगजीत कौर, सुरेन्द्र कौर, कुलदीप कौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### रवि योग में मार्गशीर्ष विनायक चतुर्थी व्रत आज

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि सोमवार (आज) रवि योग में विनायक चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार विनायक चतुर्थी व्रत पर रवि योग बन रहा है। रवि योग प्रात: 6.51 बजे से बनेगा जो रात में 9 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। रवि योग में सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं। आचार्य जोशी के मुताबिक रवि योग के अलावा शूल योग बनेगा जो प्रात:काल से लेकर दोपहर 12 बजकर 37 मिनट तक रहेगा, उसके बाद से गण्ड योग बन जाएगा। चतुर्थी पर प्रात: काल पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र है जो रात 9 बजकर 53 मिनट तक है उसके बाद से उत्तराषाढ़ा नक्षत्र है। इसके अतिरिक्त इस दिन भद्रा का साया रहेगा यह भद्रा प्रात: 8 बजकर 26 मिनट से लगेगी जो रात में 9 बजकर 21 मिनट तक रहेगी। इस भद्रा का वास पाताल लोक में है। यदि चंद्रोदय की बात करें तो विनायक चतुर्थी का चन्द्रोदय सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर होगा और चंद्रास्त रात में 8 बजकर 34 मिनट पर होगा। अलग-अलग जगह पर चंद्रोदय का समय अलग-अलग हो सकता है।

### नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के चलते रविवार को लगातार दूसरे दिन भी पर्यटकों की भीड़-भाड़ से सुबह से लेकर देर शाम तक नगर की माल रोड समेत सभी बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। इससे पूर्व पर्यटकों ने दिनभर में सुहावने मौसम के बीच नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। पर्यटकों ने नगर के दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की आवक बढ़ने की वजह से नगर के पर्यटन कारोबार से जुड़े सभी कारोबारी भी दिनभर काफी व्यस्त नजर आए। कुल मिलाकर यह वीकेंड नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों के लिए राहत लेकर आया।

### 70 पाउच टैट्रा पैक शराब के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि बनभूलपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल मोहम्मद यासीन व दिलशाद अहमद क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जिससे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 70 पाउच टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। शराब तस्करी में पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम शंकर पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता निवासी आंवला चौकी गेट बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम किया जारी

**नैनीताल।** जिला प्रशासन ने उप चुनाव के बाद अब निर्वाचित ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। शपथ ग्रहण समारोह 25 नवंबर को होगा, जबकि 26 नवंबर को ग्राम पंचायतों की पहली बैठक आयोजित होगी। निर्वाचित जनप्रति. निधियों को शपथ दिलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों की तैनाती की गई है। हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल, ओखलखंडा, धारी, बेतालघाट, कोटाबाग और रामगढ़ के विभिन्न न्याय पंचायतों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। समारोहों के लिए संबंधित अधिकारियों की सूची भी जारी की गई है, जिसमें शपथ ग्रहण कराए जाने वाले अधिकारी और स्थानों की जानकारी दी गई है।

### रुद्रप्रयाग में इन दिनों पांडव नृत्य की धूम

**रुद्रप्रयाग।** देवभूमि में इन दिनों पांडव नृत्य की धूम है। खासकर रुद्रप्रयाग जनपद की केदारघाटी के अधिकांश गांवों में पांडव नृत्य हो रहा है। धार्मिक आयोजन से देवभूमि का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। पहाड के लोग बडे उत्साह से पांडव नृत्य व लीलाओं में भाग ले रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए प्रवासी भी भारी संख्या में देवभूमि का रूख करने लगे है, जिससे विरान पडे गांवों में रौनक लोटने लगी है। दीपावली के बाद से देवभूमि में पांडव नृत्य का शुभारंभ हो जाता है। जनपद के अधिकांश हिस्सों में इन दिनों यह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है।

# बच्चों के साथ किया जाएगा ध्वजारोहण

## साथी संगठन की बैठक में सदस्यों ने कई बिन्दुओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन के जन-जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत स्थापना दिवस एवं बाल दिवस समारोह के उपरांत रविवार को संगठन की एक समीक्षा बैठक मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर क्रियाशाला रोड परिसर में संपन्न हुई।

बैठक में संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे ने शहर के विभिन्न बैंक्वेट हॉल संचालकों के साथ समन्वय स्थापित कर वहां दीवारों एवं प्रमुख स्थानों पर जन-जागरूकता स्लोगन तथा जल संरक्षण संबंधी संदेश प्रदर्शित करने का प्रस्ताव रखा जिसका सदस्यों ने स्वागत किया। वरिष्ठ संरक्षक नंदा बल्लभ गुणवंत ने वर्ष 2026 के वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर में दो प्रमुख पर्व मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस पर विशेष आयोजन शामिल करने का सुझाव दिया। मकर संक्रांति पर उत्तरायण पर्व की झांकी तथा 26 जनवरी को स्कूली बच्चों के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह खोलिया ने वर्ष 2025 तथा स्थापना दिवस के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक माह एक सप्ताह वार्ड-स्तरीय जनसंपर्क कार्यक्रमों को समर्पित किया जाएगा। इसके लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही आगामी वर्ष 2026 के वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आनंद सिंह भाकुनी, आनंद सिंह ठठोला, जीवन पैंतोला, लक्ष्मण सिंह गौनिया, जीवन सिंह रावत, आनंद सिंह रावत, विजय तिवारी, शंकर तिवारी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, भुवन चंद्र उप्रेती, मोहन चंद पांडे, किशोर कुमार जोशी मौजूद रहे।



# मांदरा गांव में भूस्खलन का खतरा गहराया प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के भिलंगना विकासखंड की बासर पट्टी स्थित मांदरा गांव के निवासी इन दिनों अनजाने भय के साये में जीने को विवश हैं। विगत दो वर्षों से यह पूरा क्षेत्र लगातार हो रहे भूस्खलन और दैवीय आपदा की मार झेल रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों की रातों की नींद हराम हो गई है। विडंबना यह है कि सिर पर मंडराते इस गंभीर संकट के बावजूद शासन और प्रशासन की ओर से सुरक्षात्मक कार्यों के नाम पर केवल कागजी औपचारिकताएं ही पूरी की जा रही हैं। ग्रामीणों का आरा. प है कि जिम्मेदार अधिकारी और विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे भविष्य में किसी बड़ी जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।ग्राम प्रधान सुचिता देवी और पूर्व प्रधान मोहन लाल भट्ट ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि गांव में पिछले दो साल से लगातार भू-धंसाव और भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। आपदा आने पर प्रशासनिक टीमें गांव का दौरा तो करती हैं, लेकिन समस्या के स्थाई समाधान के बजाय केवल आश्वासन देकर लौट जाती हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गांव के ऊपरी हिस्से में भारी भूस्खलन हुआ था, जिसके बाद भूगर्भीय सर्वेक्षण भी कराया गया। उस समय ग्रामीण निर्माण विभाग ने सुरक्षा कार्यों हेतु 8. 67 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था, लेकिन एक वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी उस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है।

# गहरी खाई में गिरी कार, पूर्व प्रधान का शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल के घनसाली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक अत्यंत दुखद सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार की देर रात एक शादी समारोह की खुशियों में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे होल्टा नैलचामी के पूर्व प्रधान की कार दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना बडियार गांव के समीप घटित हुई, जहां अनियंत्रित होकर कार सड़क से फिसलकर लगभग 50 से 60 मीटर गहरी दुर्गम खाई में जा गिरी। इस भीषण हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस तंत्र



फाईल फोटो

सक्रिय हो गया, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार के खाई में गिरते ही उसके परखच्चे उड़ गए। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को सूचित किया गया, जिसके पश्चात एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम

**■ विवाह समारोह से लौटते समय हुआ भीषण हादसा क्षेत्र में शोक की लहर**

आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचकर टीम ने देखा कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में खाई में फंसा हुआ था और उसमें सवार व्यक्ति की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। रात्रि का समय और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद अभियान चलाया और शव को खाई से बाहर निक. ालने में सफलता प्राप्त की। शव को खाई से निकालने के बाद एसडीआरएफ ने उसे अग्रिम कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय बेलम सिंह गुसाईं पुत्र शिवराम गुसाईं के रूप में हुई है, जो होल्टा नैलचामी गांव के पूर्व प्रधान थे। वे एक विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वापस अपने निवास स्थान की ओर जा रहे थे, तभी काल ने उन्हें अपना ग्रास बना लिया। इस दुखद घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जोशी ने 169 दिव्यांगजनों को वितरित की ट्राईसाइकिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान परिसर में एलिम्को के माध्यम से आयोजित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल (इलेक्ट्रिक) वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की सीएसआर निधि से 169 दिव्यांगजनों को निशुल्क इलेक्ट्रिकमोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें वितरित की गईं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इस सराहनीय पहल के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।




उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ रुपए की धनराशि इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि विकलांग से दिव्यांग जैसे सम्मान जनक नाम प्रधानमंत्री मोदी ने दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान हेतु निरंतर नई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लक्ष्य उनके जीवन को अधिक सुलभ, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाना है।

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल व इंटर की मार्कशीट में मेरी माता का नाम भूलवश शेहनाज परवीन व जन्मतिथि 05/01/ 2005 दर्ज हो गया है जबकि सही नाम मेहनाज परवीन MEHNAZ PARVEEN व सही जन्मतिथि 05/01/2006 है। मोहम्मद आदिल रज़ा पुत्र श्री मोहम्मद जहांगीर मोहल्ला छीपीयान, वार्ड 11, जसपुर (उधम सिंह नगर) 24/11/2025

## कोटद्वार- दुगड्डा हाईवे पर खाई में गिरा डंपर, चालक की मौत

**कोटद्वार।** रेत, बजरी व सीमेंट लेकर कोटद्वार से संगलाकोटी जा रहा डंपर कोटद्वार- दुगड्डा हाईवे पर आमसौड़ के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को दुगड्डा चौकी इंचार्ज किशन दत्त शर्मा ने बताया कि शनिवार रात लगभग साढ़े आठ बजे कोटद्वार से डंपर संख्या यूके 14 सीए 3453 रेत, बजरी व सीमेंट लेकर संगलाकोटी के लिए निकला। ट्रक में चालक के अलावा कोई नहीं था। इस बीच डंपर आमसौड़ के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया।

# नशा मुक्ति को धार देने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**■ एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई एनसीओआरडी की बैठक, स्कूलों से लेकर मेडिकल स्टोर तक निगरानी बढ़ाने के निर्देश मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विभागों ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिले को नशा मुक्त बनाने और युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सभागार में नारकोटिक्स कोर्डिनेशन सेंटर की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में नशीली दवाओं और मन प्रभावी पदार्थों से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई कार्यवाहियों की गहन समीक्षा की गई। एडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ एक मिशन के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल खानापूर्ति तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए। बैठक के दौरान एडीएम ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग और स्कूलों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाए और उन्हें नशा न करने की शपथ दिलाई जाए। इसके अलावा, शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने, स्कूलों में शिकायत पेटिका को सक्रिय करने और संदिग्ध मामलों में ड्रग टेस्टिंग कराने के भी निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने अफीम, खस-खस और पोस्त जैसी अवैध खेती के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया है। एडीएम ने संबंधित विभागों को संयुक्त टीम बनाकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण और छापेमारी करने को कहा है, ताकि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। उन्होंने यह भी ताकीद की कि अगली बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्तर पर की गई कार्यवाहियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। औषधि निरीक्षक, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ऋषभ धमा ने सदन को अवगत कराया कि उनके विभाग द्वारा मेडिकल स्टोरों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में अब तक जिले के 18 मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया है, जिसमें से 6 संदिग्ध नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। अनियमितता पाए जाने पर 5 मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि दो दुकानों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

# छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन के टिप्स दिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान की पहल के अंतर्गत कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का विशेष आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डा. दीपक पांडे, डा. युवराज पंत और प्रो. सरिता श्रीवास्तव रहे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डा. दीपक पांडे (पीडियाट्रिशियन एमबीबीएस एमडी कोर टीम सदस्य) तथा संकल्प संपूर्ण स्वास्थ्य राष्ट्रीय कार्यक्रम आईएपी जामनगर गुजरात ने छात्र-छात्राओं के साथ इंटरैटिव सेशन किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक आत्म नियमन, स्व देखभाल व समग्र स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए माइंडफुलनेस के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी और व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यशाला की अध्यक्ष प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक, नोडल अधिकारी प्रो. सुचि बिष्ट, कार्यशाला संयोजक प्रो. लता पांडे, कार्यशाला सह संयोजक प्रो. छवि आर्या रहीं। कार्यशाला का सफल संचालन और आयोजन सह संयोजक प्रो. छवि आर्या, आयोजक सचिव प्रो. अमित जोशी तथा सदस्यों प्रो. महेंद्र राणा और प्रो. अर्चना नेगी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में डीएसबी परिसर के शिक्षकगण (कॉमर्स फैकल्टी, साइंस फैकल्टी, आर्ट्स फैकल्टी, लॉ फैकल्टी, बी एड फैकल्टी) के शिक्षणेत्तर कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड, उत्तरकाशी

पत्रांक –353 /ल0सिं0/निविदा/स0अ0उ0 /2025-26 दिनांक: 20,नवम्बर, 2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या –04

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय स्वीकृत योजनाओ के निर्माण कार्य हेतु लघु सिंचाई विभाग, में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 05.12.2025 के अपराहन् 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशी राश्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र मान्यता प्राप्त बैंक के द्वारा प्रदत्त, फ0डी0आर0 अथवा डाकघर, बचत पासबुक के रूप में अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी के पद नाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्रके साथ रू0 100.00 के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैद्यता की सभी शर्तों के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड कार्यालय उत्तरकाशी से दिनांक 04.12.2025 तक कार्यालयावधि में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 05.12.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक लघु सिंचाई उपखण्ड कार्यालय उत्तरकाशी में जमा कराये जायेंगे, जो कि उसी दिन सांय 2.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्राम सभा | विकास खण्ड | 3% धरोहर धनराशि | निविदा की वैद्यता | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ग्राम बनाडी में जोंकाणी तोक में गूल मरम्मत कार्य। | बनाडी | चिन्यालीसौड | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 2 | ग्राम कैन्थेगी में इग्यूलडा नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | कैन्थेगी | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 3 | ग्राम बनाडी में बेन्धारा तोक में गूल मरम्मत कार्य। | बनाडी | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 4 | ग्राम बरेठ में होजे नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | बरेठ | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 5 | ग्राम जेष्टवाडी में काफला खाल नामे तोक में गूल मरम्मत। | जेष्टवाडी | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 6 | ग्राम मोरगी में सिलसा खाल नामें तोक में गूल मरम्मत कार्य। | मेरगी | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 7 | ग्राम टिपरी दशगी के हरैला तोक में गूल मरम्मत कार्य । | टिपरी दशगी | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 8 | ग्राम भुयारा गड्डू गाड से थली नामे तोक तक नहर मरम्मत। | भुयारा | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 9 | ग्राम दिचली क्यारी मे करिला नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | दिचली | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 10 | ग्राम कवागड्डी में सिला तोक में गूल मरम्मत कार्य। | कवागड्डी | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 11 | ग्राम जसपुर में डुगडा बन्धा में नहर मरम्मत कार्य । | जसपुर | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 12 | ग्राम भडकोट के धार नामें से सेरा तक गूल मरम्मत काय। | भडकोट | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 13 | ग्राम तराकोट के खादरा तोक से हन्द्रली तोक तक गूल मरम्मत । | तराकोट | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 14 | ग्राम बनाड़ी के सौतड़ा नामें तोक में गूल मरम्मत कार्य। | बनाड़ी | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 15 | ग्राम टिपरी के सिल्ला तोक में गूल मरम्मत कार्य। | टिपरी | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 16 | ग्राम चिलोट के हन्द्राली तोक में गूल मरम्मत कार्य। | चिलोट | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 17 | कोटी भाटगांव के कांगडा नामे तोक में नहर निर्माण कार्य। | कोटी भाटगांव | चिन्यालीसौड़ | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 18 | उडरी के उपला नवाड नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | उडरी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 19 | सिगोट के बिड़गांव नामे तोक मे गूल मरम्मत कार्य। | सिंगोट | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 20 | नाल्ड के रवाडा नामे तोक में गूल निर्माण कार्य । | नाल्ड | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 21 | भेटियारा निचला सिमियारा नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | भेटियारा | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 22 | निसमोर में सार्वजनिक गूल मरम्मत कार्य। | निसमोर | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 23 | मानपुर के बिचली शिराडी नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | मानपुर | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 24 | उडरी के मध्य ढुमकी नामे तोक में गूल निर्माण कार्य | उडरी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 25 | खरवां के भैटकुडी नामे तोक में गूल निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य। | खरवां | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 26 | पटूडी के गुन्दरगला नामे तोक में सिंचाई गूल निर्माण कार्य। | पटूडी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 27 | पाब बडियार गांव के धारा नामे में गूल मरम्मत कार्य। | पाव | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 28 | थलन मंगलपुर के बोरियार नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | थलन | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 29 | निसमोर के नागला नामे तोक से विनोद के मकान तक गूल मरम्मत कार्य। | निसमोर | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 30 | धानेटी के मठियाल गाड पर हैड एवं गूल मरम्मत कार्य। | धनेटी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 31 | मानपुर के स्यमला उपली सिराडी नामे तोक मे नहर मरम्मत कार्य। | मानपुर | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 32 | नाकुरी नौताड तोक में गूल मरम्मत कार्य। | नकुरी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 33 | दिकथोल धनारी के गेरू नामे तोक में नहर मरम्मत कार्य। | दिकथोल | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 34 | सिरी गाड पारे नामे तोक में गूल निर्माण कार्य। | सिरी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 35 | मानसौड बडेथी मायडु तोक में गूल मरम्मत कार्य । | मानसौड | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 36 | मागंलीसेरा तडा नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | मगंलीसेरा | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 37 | सटियाल धार के खुलेटी नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | सटीयालधार | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 38 | ज्ञाणजा में धारकोट नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | ज्ञाणजा | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 39 | पाब तनिगला नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | पाव | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 40 | मनेरी कनेथ सेमला गूल मरम्मत कार्य। | मनेरी | भटवाडी | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 41 | किशनपुर केमड नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | किशनपुर | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 42 | भडकोट के गडेरी नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | भटकोट | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 43 | सिरी कानेगढ तोक गूल मरम्मत कार्य । | सिरी | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 44 | पंचाणगांव कवाल नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | पंचाणगांव | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 45 | मंजकोट राजकनामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | मंजकोट | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 46 | न्यूगांव हलोटू नामे तोक में गूल मरम्म्त कार्य। | न्यूगांव | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 47 | गमदिडगांव के राजगडडा नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | गमदिडगांव | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 48 | ज्ञाणजा में कुराली नामे तोक गूल मरम्मत कार्य। | ज्ञाणजा | भटवाडी | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 49 | खरवां लोलथा नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य। | खरवां | डुण्डा | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 50 | ग्राम सभा जोखणी में विल्लागांव नामे तोक में गूल मरम्मत कार्य | जोखणी | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 51 | ग्राम अलेथ में उपला अलेथ के का–टिला तोक में नहर हैड निर्माण कार्य। | अलेथ | भटवाडी | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 52 | ग्राम टिपरी बिष्ट में निचला कंडारा तोक में हौज एवं गूल मरम्मत कार्य। | टिपरी बिष्ट | चिन्यालीसौड़ | 15000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 53 | ग्राम भुयारा के घटूगाड तोक में सिंचाई गूल मरम्मत कार्य। | भुयारा | चिन्यालीसौड | 9000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 54 | ग्राम टिपरी बिष्ट के अठूनी में हौज एवं गूल मरम्मत कर्य। | टिपरी बिष्ट | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 55 | ग्राम रैथल के नालमा नामे तोक के फली तोक में गूल मरम्मत कार्य। | रैथल | भटवाडी | 14550.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 56 | ग्राम भूयारा शिवाणी नामे तोक के | भुयारा | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 57 | ग्राम रिखाणगांव के विल्लापानी नामे तोक में हौज गूल मरम्मत कार्य। | रिखाणगांव | चिन्यालीसौड़ | 12000.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 58 | मधय रवाड़ा तोक नीचेली | साड़ा | भटवाडी | 12870.00 | 45 दिन | 500+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 59 | बुगड़ा गोड से थगोई तोक | साल्ड | भटवाडी | 20910.00 | 45 दिन | 1000+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |
| 60 | डी0टी0 रोड से कुमारकोट मोटर मार्ग | कुमारकोट | डुण्डा | 22560.00 | 45 दिन | 1000+GST | 04माह | ''ई''एवं उच्चतर |

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदा खोलने की तिथि 05.12.2025 को प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक, कार्य करने हेतु इच्छुक ठेकेदार के साथ प्रीबिड मीटिंग की जायेगी।
2. निविदा केवल विभाग में पंजीकृत बैद्य ठेकेदारों को ही बेची जायेगी।
3. बिना शील्ड लिफाफे के प्राप्त निविदा प्रपत्रों व सशर्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा हेतु मैनुअल 69/70 के समस्त प्राविधान लागू होंगे।
5. निर्माण कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दिनांक 01.12.2025 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. निविदा के साथ धरोहर धनराशि केवल राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र एवं राष्ट्रीय बैंक की फ0डी0आर0 के रूप में जो जिला उत्तरकाशी के किसी भी डाकघर से बनाई गई हो एवं अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड उत्तरकाशी के पदनाम से बन्धक हो जमा करना अनिवार्य है।
7. निविदा दरों की वैधाता के लिए निविदा के साथ 100 रू0 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 1.00 रू0 का रेवन्यू टिकट पर हस्तक्षार सहित घोषणा पत्रप्रस्तुत करना होगा।
8. सफल निविदादाता को सूचना मिलने पर एक सप्ताह के अन्दर NSC/KVP/National Bank की FDR/ बैंक गारण्टी उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रौक्युरमेन्ट) नियमावली 2008 के अनुसार पांच प्रतिशत परफारमेन्स गारन्टी की धनराशि (धरोहर धनराशि सहित) अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बन्धक रखते हुए उपस्थित होना होगा अन्यथा जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
9. निविदा हेतु दी गई 5 प्रतिशत से अधिक/कम दरों पर शासनादेश संख्या 6447/।।।(2)/।।–20 (सा0)/11 दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफोरमेन्स गॉरण्टी ली जोयगी। अतिरिक्त परफोरमेन्स गारण्टी जमा न करने पर धरोहर धनराशि जब्त कर दी जायेगी।
10. सशर्त एवं अपूर्ण निविदा मान्य नहीं होगी।
11. प्रतिशत दरें ही मान्य होगी।
12. डाक द्वारा निविदा मंगाने पर निविदा मूल्य के अतिरिक्त डाक व्यय वहन करना होगा विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
13. किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
14. Shedule "B" मे दी गई मात्रा घट बढ़ सकती है।
15. ऐसे ठेकेदार जो पूर्व से विभाग में कार्य कर रहे है और वे अनुबन्ध की शर्तानुसार समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहे हो अथवा कार्य की गुणवत्ता स्तरीय न रही है, उनकी निविदा पर वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग–VI के प्रस्तर 364 को ध्यान में रखते हुए ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।
16. श्रेणी के मूल्य के अनुसार ही ठेकेदार को निविदा विक्रय की जायेगी।
17. ठेकेदार के बीजक से नियमानुसार आयकर/G.S.T/रॉयल्टी / लेबर सेस की कटौती की जायेगी।
18. शेड्यूल–बी में दिगई गयी सभी दरें सामग्री सहित है। विभाग द्वारा कोई सामग्री निर्गत नहीं की जायेगी।

**सहायक अभिन्ता,**
**लघु सिंचाई उपखण्ड, उत्तरकाशी।**

# भारत ने दृष्टिबाधित महिला विश्वकप जीता

## फाइनल में दिखा दृष्टिबाधित भारतीय टीम का दबदबा, नेपाल को सात विकेट से हराया

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी–20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टि बाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन



बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस टूर्नामेंट की सह–मेजबान श्रीलंका शुरुआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।

## अनाहत ने जीता इंडियन ओपन स्क्वैश का खिताब

**इंदौर, वार्ता।** भारतीय स्क्वैश की होनहार खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को इंदौर में अपनी सीनियर हमवतन जोशना चिनप्पा को हराकर एसआरएफआई इंडियन ओपन 2025 पीएसए चैलेंजर महिला खिताब जीता। डेली कॉलेज में मुकाबला कर रही, टॉप सीड और दुनिया की 33वें नंबर की महिला स्क्वैश खिलाड़ी, अनाहत सिंह ने अपनी ज़्डादा अनुभवी और बिना सीड वाली विरोधी के खिलाफ 54 मिनट में 3-2 (11-8, 11-13, 11-9, 6-11, 11-9) से फाइनल जीता। 17 साल की अनाहत ने पहले गेम में शानदार शुरुआत की और 7-4 से आगे हो गईं।

# कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर

वार्ड नं0 02, कालीनगर रोड, दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर) 263100

e-mail : eodin-mb-uk@nic.in Phone- 9410302603

पत्रांक 592 /ई–निविदा/2025–26 दिनांक 22/11/2025

## शुद्धि पत्र ई–निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत दिनेशपुर में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति हेतु कार्यालय पत्र संख्या 583 दिनांक 19/11/2025 द्वारा ई–निविदा (Tender ID- 2025_NPDP_88573_2) जारी की गई थी। पंचायत द्वारा जारी निविदा की तिथियों में बदलाव किया गया है, तदानुसार पूर्व में जारी तिथियों को निम्नानुसार पढ़ा जाये–

| Sr. No. | Schedule / Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Date of Online Publication | 20 Nov. 2025 | 10:00 AM |
| 2- | Document Download Start Date | 20 Nov. 2025 | 10:00 AM |
| 3- | Bid Submission Start Date | 20 Nov. 2025 | 10:00 AM |
| 4- | Bid Submission End Date | 25 Nov. 2025 | 05:00 PM |
| 5- | Offline Submission of Hard/Original Copy of Documents : End Date | 05 Dec. 2025 | 05:00 PM |
| 6- | Bid Opening Date | 06 Dec. 2025 | 12:00 Noon |

(मुहम्मद यामीन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधमसिंह नगर

(मनजीत कौर)
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधमसिंह नगर

## एसपी देहात ने किया बुग्गावाला थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

# लंबित विवेचनाओं का तुरंत निस्तारण करें : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर चंद सुयाल ने बड़ा वाला थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण करते हैं थाने की सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से जांच परख के साथ ही सफाई व्यवस्थारिकॉर्ड रूम सालों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष व दरोगाओं से साफ किया कि वह पीड़ितों को तुरंत इंसाफ दिलाऐ और विवेचकों से कहा कि जो भी लंबित विवेचनाएं हैं उनका तुरंत निस्तारण करें उन्होंने थाना अध्यक्ष को हिदायत दी की पीड़ितों को इंसाफ दिलाना प्राथमिकता में शामिल रखें वहीं सत्यापन अभियान व नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें जेल भेजें । एसपी देहात ने निरीक्षण के दौरान थाने की सफाई व्यवस्था व रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाओं के अलावा असलाह रखने की जगह को भी परखा और असलाहो का भी निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला की उपस्थिति में थाना बुग्गावाला का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया तथा थाने की विभिन्न शाखाओं में पाई गई कमियों को परखते हुए



आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार के अलावाअन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# लक्सर में 117 का सत्यापन, 30 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सत्यापन अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। यह अभियान विशेष रूप से किरायेदार, होटल-ढाबों, तथा गुड़ चरकियों में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों पर केंद्रित है ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, हरिद्वार, के आवश्यक दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, प्रभारी निरीक्षक लक्सर ने थाना क्षेत्र में विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया। इन टीमों ने आज सघन चेकिंग और सत्यापन की कार्यवाही की। यह अभियान किरायेदारों, होटल और ढाबों में कार्यरत कर्मचारियों, तथा फड़-फेरी एवं गुड़ चरखी में काम करने वाले व्यक्तियों के सत्यापन पर केंद्रित रहा सत्यापन अभियान काकार्यवाही का विवरण द्य संख्या/ राशि सत्यापन न कराने वाले 03 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 83 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। 30,000/-का चालान न्यायालय भेजा गया। 118 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। 4,500/- संयोजन शुल्क वसूला गया। लक्सर पुलिस ने यह स्पष्ट किया



है कि सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा और बिना सत्यापन के व्यक्तियों को काम पर रखने या किराए पर मकान देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रुड़की पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

# चार मकान मालिकों का चालान 3250 रूपये का वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस नेगली मोहल्ले में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सत्यापन न करने पर कई मकान मालिकों का जहां चालान काटा तो कुछ मकान मालिकों का का नगद चालान भी काटा गया तो बड़ी तादाद में किराएदारों का सत्यापन भी किया गया।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन कोतवाली पुलिस नेगली मोहल्ले में सत्यापन अभियान चलाया। एसएसपी द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन की कार्रवाई तेज किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिस पर प्रत्येक रविवार को सत्यापन की कार्रवाई अमल में ली जा रही थी। पुन: आज दिनांक 23.11. 2025 को प्रात: काल सत्यापन की प्रभावी कार्रवाई करते हुए किरायेदार,व संस्थानो पर कार्य कर रहे मजदूरो के सत्यापन टीमे बनाकर कार्रवाई की गई जिसके फल स्वरुप 4 मालिको द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था उनका 83 पुलिस अधिनियम में न्यायालय चालान किए गए तथा अन्य संदिग्ध 13 चालान नगद 81 पुलिस अधि नियम पर 3250 नगद शुल्क वसूल किया गया। सत्यापन कार्रवाई के दौरान 135 व्यक्तियों के सत्यापन किया गये। सत्यापन की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक आनंद मेहरा, चौकी प्रभारी सोत बी अपर उप निरीक्षक बालम राठौर, कांस्टेबल सुरेंद्र लाल, कांस्टेबल इतेंद्र ध्यानी, कांस्टेबल रविंद्र रावत, कांस्टेबल अनिल शर्मा आदि शामिल रहे।

## सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स व छात्रों ने किया रक्तदान

# रक्तदान से हृदय रोग का खतरा हो जाता है कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में में दिनांक 18 नवंबर 2025 से आयोजित शिविर के छठे दिन 78वे एनसीसी स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स व संस्थान के छात्र, छात्राओं द्वारा 195 यूनिट रक्तदान किया गया जो खबर लिखे जाने तक भी जरी था। कर्नल अमन कुमार सिंह, कैम्प कमांडेंट द्वारा एनसीसी कैडेट्स को रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया जिसमें किसी व्यक्ति की जान बचाना, हृदय रोग का जोखिम कम करना, नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देना और कैलोरी बर्न करना शामिल है के बारे में बताया गया । रक्तदान के अवसर पर रक्तदान हेतु आए एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राओं को बताया गया की रक्तदान करने से शरीर में आईरन का संतुलन बना रहता है जिससे हृदय रोग का खतरा



कम हो जाता है एक बार रक्तदान करने से 650 कैलोरी तक बर्न हो सकती है क्योंकी शरीर नए रक्त कोशिकाओं की निर्माण के लिए ऊर्जा खर्च करता है व रक्त दन करने से हमें मुफ्त स्वास्थ्य जांच का लाभ भी मिलता है जिसमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का पता चलता है और खतरा कम हो सकता है । रक्तदान शिविर के आयोजन में वाहिनी के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर का विशेष योगदन रहा। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमांडएंट मेजर (डॉ) गौतम वीर, कैप्टन सुशील कुमार आर्य, सूबेदार मेजर अमर सिंह रावत, लेफ्टिनेंट रत्लेश कुमार, सूबेदार पंकज पाल, बीएचएम केशवानंद, हवलदार पूर्ण सिंह, ईएसएम सतेंद्र सिंह, फर्स्ट ऑफिसर कमल मिश्रा, सेकंड ऑफिसर सुशील कुमार, सेकंड ऑफिसर रेणु देवी लेफ्टिनेंट अंजना गुसाई, केयरटेकर पंकज कुमार, केयरटेकर वंदना चौहान, केयरटेकर प्रियंका प्रजापति व रक्तदान करने वाले कैडेट्स रोहित, यूओ अनंत चौहान, वंश प्रजापति आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रविदास सेना ने किए प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भगवान रविदास सेना के तत्वाधान में संविधान दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 10 एवं कक्षा में 12 में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं एवं समाज में अग्रिम भूमिका निभाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सेवाराम भारती ने कहा कि लोगों को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए बाबा साहब को पढ़ना चाहिए और भारतीय संविधान को भी पढ़ना चाहिए हमें जीवन अपना विज्ञान के आधार पर जीना चाहिए बाबा साहब ने सभी धर्म समाज के लिए काम किया है। महिलाओं के उत्थान के लिए अधिक से अधिक काम किया है। इस अवसर पर रविदास सेवा के अध्यक्ष सोमपाल गोला जी ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने



संपूर्ण कल्याण के लिए बात कही है बाबा साहब जिस धर्म को मानते थे वह बौद्ध धर्म था दुनिया में सबसे ज्यादा अगर किसी धर्म को मानने वाले लोग हैं वह बौद्ध है बौद्ध धर्म में ना कोई जाती है ना कोई पाती है सब सामान एक हैं जिसकी बाबा साहब परिकल्पना करते थे इस अवसर पर मशहूर गाय का कविता लेखक वंदना सिद्धार्थ ने बाबा साहब के भजन गीतों द्वारा लोगों को प्रेरित किया और लोगों को जागृत किया।

यह कार्यक्रम सिद्धार्थ चेतना एवं ज्ञान केंद्र बौद्ध मठ गोदावरी होटल के निकट था । कार्यक्रम में समाजसेवी सेवाराम पत्रकार को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर चंद्रपाल सिंह किशन पाल विजय पाल चंद्रशेखर जाटव इंजीनियर तेजपाल सिंह डॉक्टर ज्ञानचंद जोशी अमरनाथ सोनू कुमार ब्रह्मपाल अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 113 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत भगवानपुर पुलिस ने 113 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को दबोचा है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 को सफल बनाने तथा जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरिद्वार पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्रांतर्गत दिनांक 12/11/2025 को दौराने चेकिंग भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति नसीम पुत्र मंजूरा निवासी कलियर, निकट स्टेट बैंक, थाना कलियर, हरिद्वार को 113 ग्राम अवैध चरस के साथ हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 406/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नाम पता आरोपी-नसीम पुत्र मंजूरा, निवासी कलियर, निकट स्टेट बैंक, थाना कलियर, हरिद्वार है। पुलिस टीम में उ0नि0 सन्तोष सेमवाल, का0 देवेन्द्र नेगी, का0 दीपक ममगाई शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने गश्त और सघन चेकिंग के दौरान एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो अवैध चाकू लेकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। चेकिंग के दौरान, पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, यह व्यक्ति भिक्कमपुर क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की तैयारी में था। लक्सर पुलिस की तत्परता और सतर्कता के चलते आरोपी को समय रहते गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शेर आलम पुत्र अख्तर ग्राम ढाब सुल्तानपुर, कोतवाली लक्सर है।

# समिति गोदामों पर पहुंची यूरिया की खेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर** खाद की किल्लत से परेशान किसानों को थोड़ी राहत मिली है। इफको से यूरिया की खेप गन्ना समिति और ब्लॉक की किसान सेवा सहकारी समितियों में पहुंचना शुरू हो गई है। गोदाम पर किसानों को यूरिया का वितरण भी शुरू हो गया है। डीएपी के लिए किसानों को अभी इंतजार करना होगा।

सहकारी गन्ना विकास समिति लक्सर से 50 हजार से अधिक किसान जुड़े हैं। इन किसानों को समिति के 14 गोदामों से खाद उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा ब्लॉक की 8 किसान सेवा सहकारी समितियों से भी किसानों को खाद मिलती है। पिछले कई दिनों से यूरिया और डीएपी की किल्लत बनी हुई है। पिछले दिनों गन्ना समिति की ओर से इफको को खाद की डिमांड भेजी गई थी लेकिन सीमित मात्रा में ही खाद उपलब्ध होने पर गोदाम एक बार फिर खाली हो गए थे।

इस बीच, इफको ने करीब 23 हजार बैग यूरिया लक्सर की समितियों को उपलब्ध कराया है। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद जोशी ने बताया कि गन्ना समिति के गोदामों पर 15 हजार और सहकारी समितियों में करीब करीब 8 हजार बैग यूरिया उपलब्ध कराया गया है। यूरिया गोदामों तक पहुंचना शुरू हो गया है। सहकारी गन्ना समिति के विशेष सचिव सूरजभान सिंह ने बताया कि इफको से यूरिया की खेप पहुंचना शुरू हो गई है। किसानों को भी यूरिया का वितरण शुरू कर दिया गया है।

# युवक ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलौर कस्बे के मोहल्ला पठानपुरा निवासी असगर के 19 वर्षीय पुत्र सलमान ने देर शाम संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घरवालों ने खाना खाने के लिए उसे आवाज लगाई तो कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया तो वह अंदर से बंद था। परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो देखा कि अंदर शव लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** झबरेडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर निगम रुड़की के वार्ड नंबर 19 में लगभग 50 लाख रुपए की कीमत से बनाने वाली सड़कों का लोकार्पण रविवार को झबरेड़ा विध ायक वीरेंद्र जाति के द्वारा क्षेत्रीय लोगों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विधायक वीरेंद्र जाति का फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र का विकास करना उनका पहला लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के साथ उन्होंने जिन-जिन क्षेत्रों में सड़कों की समस्या है वहां पर सड़कों का निर्माण करवा रहे है। विधायक वीरेंद्र जाति ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की साथ ही समस्या भी सुनी। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र की जनता की मांग थी कि क्षेत्र में जल भराव



की समस्या बनी हुई है और यहां पर सड़के नहीं बनी हुई है। इसी मांग को देखते हुए उनके द्वारा उनकी निधि से क्षेत्र में बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया गया है। साथ ही कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक वीरेंद्र जाति ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस प्रकार के कार्य आगे भी किए जाएंगे साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार और सांसद ऑन पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है और लोकसभा हरिद्वार में दो राज्यसभा सांसद और भाजपा सांसद हैं और अगर बात की जाए रुड़की नगर निगम की तो वहां भी भारतीय जनता पार्टी की मेयर और पार्षद है। परंतु उन्हें किसी प्रकार का कोई भी सहयोग क्षेत्र के विकास कार्य के लिए नहीं मिलता है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि काफी लंबे समय से क्षेत्र में समस्याएं उत्पन्न हो रही थी।

# लक्सर व खानपुर में सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जिलाधिकारी के आदेश पर शहर से देहात तक सफाई अभियान जारी है ओर यह अभियान क्षेत्र के अधिकारियों की मोनिटरिंग में किया जा रहा है। रविवार को खंड विकास अधिकारी खानपुर ने अवगत कराया है कि पहलादपुर क्षेत्रांगत सड़क किनारे की सफाई कराई गई। खंड विकास अधिकारी लक्सर परवीन भट्ट ने अवगत कराया है कि रायसी रोड एवं लक्सर रोड क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई कराई गई। बीडीओ बहादराबाद मानस मित्तल ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत मिसरपुर, लक्सर हाइवे पर साफ सफाई का कार्य कराया गया तथा उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के बाहर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य एवं देह है कि धर्मनगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है तथा शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक साफ सफाई अभियान का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है।

## कलियर में क्षतिग्रस्त स्टील गार्डर पुल बना खतरा

**कलियर।** स्टील गार्डर पुल इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पुल की दोनों ओर की एप्रोच स्लैब बुरी टूट गई है जिससे सड़क की सतह उखड़कर सरिये दिखाई देने लगे हैं। सुरक्षा दीवार न होने से वाहन फिसलने और फंसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। रात में अंधेरा होने पर जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

# मंगलौर महाविद्यालय में युवा सांसद तरुण सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** राजकीय महाविद्यालय मंगलौर में एनवाईपीएस के तत्वाध ान में युवा सांसद तरुण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ महाविद्यालय मैं सभागार को संसद की भाँतिसेटअप किया गया इसके पश्चात सत्ताधारी सरकार और विपक्ष पार्टी गठित की गई जिसमें विचारों का मंथन हुआ।

विपक्ष पार्टी की ओर से सत्ताध ारी पार्टी से कई मुद्दों जैसे एनआर सी, समान नागरिक संहिता, राजनीति संबंधी कानून, बढ़ते साइबरक्राइम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर पूरी गर्म जोशी के साथ विचारों का आदान-प्रदान हुआ प्रश्न कल के दौरान विपक्ष ने कई प्रकार के प्रश्न पूछे जिसके बड़ी बेबाकी के साथ सत्ताधारी पार्टी ने उत्तर दिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं ने पूरी गर्म जोशी के साथ बढ़-चढ़कर प्रश्नों के उत्तर से अपनी जिज्ञासा को शांत किया कार्यक्रम के अँतिम पड़ाव में संयुक्त का डॉक्टर रचना ने बताया कि किस प्रकार भारत युवाओं का देश बनकर निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करते हुए बताया कि भारत एक लोकतंत्र देश है और युवा वर्ग को राजनीति में आगे आकर अपने नए विचारों के साथ



भारत के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर राम भरोसे,डॉक्टर कालिका, डॉक्टर अनुराग, डॉक्टर ने विद्या, श्रीमती शर्मिष्ठा, सुनील कुमार, फैजान, सूर्य, रोहित, छात्र-छात्राओं में प्राची, पायल, सौम्या, नमराखान, मोनी, पारुल, रितिका, आस मोहम्मद, विपिन आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने प्रभावी ढंग से रखे अपने विचार

## रोटरी क्लब मिडटाउन ने किया इंटर स्कूल यूथ फेस्टिवल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ रुड़की मिडटाउन द्वारा इंटर स्कूल यूथ फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार रखे। छात्रों की वाक्शक्ति, नेतृत्व क्षमता और तार्किक सोच को देखकर सभी अतिथि एवं निर्णायक मंडल ने उनकी सराहना की। इस युवा महोत्सव के सफल आयोजन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश, क्लब अध्यक्ष डॉ. विकास त्यागी, रोटरी यूथ लीडरशिप चेयर रोटेरियन टीना विरक, तथा सेक्रेटरी अनुभव गुप्ता,प्रोग्राम कॉर्डिनेटर केनेथ,की उल्लेखनीय भूमिका रही।

वहीं नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें





समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

# चंडीगढ़ पर फिर सियासत

पंजाब और हरियाणा के बीच स्थित केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को लेकर फिर सियासत शुरू हो गई है। यह वही चंडीगढ़ है, जिसको लेकर पंजाब और हरियाण समय-समय पर एक-दूसरे के सामने आते रहे हैं। चंडीगढ़ का विवाद नया नहीं है, लेकिन यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पंजाब और हरियाणा की राजधानी है। दोनों प्रदेशों के सचिवालय यहीं स्थित है। 2002 में जब ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री थे, तब पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार से चंडीगढ़ को मांगा था और इसके बदले हरियाणा ने पंजाब के हिन्दी भाषी क्षेत्र अबोहर और फाजिल्का मांग लिए थे। इसके बाद से ये विवाद चला आ रहा है। अब केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। लोकसभा और राज्यसभा के बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर से शुरू) में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2025 पेश कर सकती है। अगर ये बिल अपने मौजूदा रूप में पास होता है, तो संभावना है कि चंडीगढ़ के लिए एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जा सकेगा। जैसा कि पहले यहां स्वतंत्र मुख्य सचिव हुआ करते थे। प्रस्तावित बिल पर बवाल इसलिए है, क्योंकि ये बदलाव चंडीगढ़ की प्रशासनिक पहचान को पूरी तरह बदल देगा। अभी तक चंडीगढ़ एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जिसके संचालन में पंजाब की भूमिका मानी जाती है और पंजाब के राज्यपाल उसकी कमान संभालते हैं। एसएसपी और डीसी जैसी प्रमुख नियुक्तियां भी पंजाब और हरियाणा कैडर से होती हैं, इसलिए यह शहर दोनों राज्यों की साझा राजधानी की तरह काम करता है, लेकिन प्रस्तावित संशोधन के बाद चंडीगढ़ का मॉडल बदल जाएगा। इसे राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाएगा, जिसमें एक अलग प्रशासक या उपराज्यपाल नियुक्त होगा। हालांकि गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि चंडीगढ़ की शासन व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव करने या पंजाब और हरियाणा के साथ उसके पारंपरिक संबंधों को प्रभावित करने की कोई बात नहीं है। इस मुद्दे पर पंजाब की राजनीति गरमाई हुई है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने इसे पंजाब के अधिकारों पर हमला बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखे आरोप लगाए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रस्तावित संशोधन बिल चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार को कमजोर करेगा। सीएम मान ने इसे पंजाब के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा था कि चंडीगढ़ सिर्फ पंजाब का है और राज्य अपने अधिकार से पीछे नहीं हटेगा। मान के पोस्ट के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र पर सीधा हमला बोला था और कहा था कि संविधान संशोधन के नाम पर चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार खत्म करने की कोशिश की जा रही है, जो पंजाब की पहचान और संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। केजरीवाल ने इसे पंजाब की आत्मा को चोट पहुंचाने वाला कदम बताया था। फिलहाल यह साफ हो गया है कि केंद्र सरकार के स्तर पर अभी कोई बदलाव न तो अंतिम रूप ले चुका है और न ही संसद में इसे तुरंत लाने की योजना है। ऐसे में चंडीगढ़ को लेकर चल रही बयानबाजी पर विराम लगने की संभावना है, हालांकि राजनीतिक हलकों में बहस आगे जारी रहने की पूरी उम्मीद है।

## नोटबंदी और लॉकडाउन की याद ताजा



काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है, यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है, एसआईआर इसके लिए जिम्मेदार है, भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है, काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं, मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं हैं, इन पीड़ित परिवारों को न्याय कौन दिलाएग, भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है, हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

# सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार



विनीत नारायण



पिछले दिनों एक पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। इस पोस्ट में सेवानिवृत्त कर्नल एएन रॉय का बयान सेना के उस वर्ग की भावना को स्पष्ट करता है, जो लगातार आतंकवाद, हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता वाले इलाकों में डटा रहता है। जब सैनिक सीमाओं या कश्मीर जैसे 'संवेदनशील क्षेत्रों' में आतंकवाद का सामना करते हैं, तब उन्हें कुछ फैसले अक्सर सेकंडों में लेने पड़ते हैं। इसमें औपचारिकताओं के लिए समय नहीं होता। जो भी निर्णय लेना होता है वह उन सैनिकों को दिए गए प्रशिक्षण और अपने विवेक से ही लेना पड़ता है।

इस पोस्ट ने सीधे सवाल उठाया, क्या आपने कभी अपने बेटे को खोया है? यह व्यवस्था से उपजी पीड़ा और असंतोष की प्रामाणिक अभिव्यक्ति है। इसका मूल भाव यही है कि जब सैनिक आतंकवादी का सामना करता है, तो वह कानून या न्यायालय की व्याख्याओं से अधिक, अपने प्रशिक्षण और परिस्थिति पर ही निर्भर करता है। बाद में उस पर अभियोग या अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगना उसे अपमानजनक महसूस होता है। दूसरी ओर, सर्वोच्च न्यायालय की दृष्टि संविधान की मूल भावना, 'हर नागरिक के मौलिक अधिकार' से निर्देशित होती है। न्यायालय किसी सेना या व्यक्ति का विरोध नहीं करता, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि 'राज्य की शक्ति' जवाबदेही से परे न हो। कश्मीर या किसी अशांत क्षेत्र में नागरिकों पर अत्याचार या फर्जी मुठभेड़ों के आरोप अक्सर सामने आते हैं। यदि जांच का हक छीन लिया जाए, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। न्यायालय यह नहीं कहता कि आतंकवादी को बचाया जाए, बल्कि यह मांगता है कि निर्दोष लोग आतंकवादी समझकर मारे न जाएं। यही 'न्याय का नैतिक आधार' है।

पोस्ट में आतंकवादियों के मानवाधिकारों को लेकर जो कटाक्ष किया गया है, वह भावनात्मक प्रतिक्रिया है, लेकिन मानवाधिकारों का सार आतंकवादी के प्रति करुणा नहीं, बल्कि बिना भेदभाव सिद्धांतों पर आधारित न्याय को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में है। जब किसी संदिग्ध की मौत की जांच होती है, तो लक्ष्य अपराधियों को बचाना नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग को रोकना होता है। वैश्विक संदर्भ में भी अमेरिका, ब्रिटेन या फ्रांस जैसे देशों में वॉर क्राइम्स या एक्सेसिव फोर्स पर सवाल उठते रहे हैं। सशक्त लोकतंत्र वे हैं जो अपने संस्थानों से प्रश्न पूछने का साहस रखते हैं। यह साफ है कि सेना को अपराधी न मानें और न्यायपालिका को देशविरोधी न कहें। दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा और संवैधानिक निष्ठा के दो मजबूत स्तंभ हैं। समस्या तब आती है जब संवैधानिक प्रक्रिया को देश विरोधी साजिश या सैनिक कार्रवाई को न्याय की हत्या मान लिया जाता है। इससे संवाद में विघटन और अविश्वास बढ़ता है। समुचित समाधान यही है कि सेना को 'ऑपरेशनल प्रोटेक्शन' मिले, ताकि तत्काल कार्रवाई में की गई गलती अपराध न माना जाए, लेकिन शक्ति का दुरुपयोग करने पर न्यायिक जांच की प्रक्रिया बनी रहे। ऐसे पोस्ट सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति की भावना को सीधा स्पर्श करते हैं। खतरा इस बात में है कि भावनाओं की लहरों में तथ्य और कानूनी सीमाओं की अनदेखी होने लगती है। न्यायपालिका, सेना और मानवाधिकार, ये विरोधी नहीं बल्कि लोकतंत्र के पूरक अंग हैं। सोशल मीडिया पर एकांगी नैरेटिव अंततः सार्वजनिक विश्वास को कमजोर करता है। भारत में सेना, सुप्रीम कोर्ट और मानवाधिकार को लेकर टकराव की घटनाएं केवल हाल ही की नहीं, बल्कि देश के इतिहास में समय-समय पर सामने आई हैं।

18वीं शताब्दी में, कोलोनियल शासन के दौरान सुप्रीम कोर्ट और गवर्नर जनरल इन काउंसिल के बीच अधिकार को लेकर पहली बड़ी भिड़ंत कोसिजुरा मामला में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सेना का इस्तेमाल करते हुए अपनी शक्तियां बढ़ाने का प्रयास किया, जबकि गवर्नर जनरल इन काउंसिल ने अदालत के आदेशों को चुनौती दी और सेना को अदालत के खिलाफ तैनात कर दिया। यह विवाद बंगाल ज्यूडिकेचर एक्ट 1781 के पास होने तक चलता रहा, जिसने अदालत की सीमाएं तय कर दीं और टकराव का अंत किया। इस मामले ने जता दिया कि अधिकारों की अस्पष्टता शक्ति संघर्ष का हमेंशा केंद्र रही है।

1945 में आजाद हिंद फौज के सैनिकों पर देशद्रोह और हत्या के आरोप लगे और उन पर कोर्ट मार्शल चलाया गया। ब्रिटिश सरकार ने इन सैनिकों की गतिविधियों को किंग के खिलाफ युद्ध माना, जबकि भारतीय जनता और नेताओं ने देशभक्ति की भावना को कानूनी प्रक्रिया के विरोध में जोरदार तरीके से रखा। इस संघर्ष में अदालत के आदेशों और जनता के मानस के बीच गहरा विभाजन आया। नगा पीपल्स मूवमेंट बनाम भारत सरकार केस में सर्वोच्च न्यायालय में AFSPA की वैधता को चुनौती दी गई, लेकिन अदालत ने यह माना कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर सेना को अतिरिक्त अधिकार देने का प्रावधान संविधान के खिलाफ नहीं। फिर भी, अदालत ने सेना के अधिकारों पर निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए। इस मामले में मानवाधिकार और सैन्य अधिकार की सीमा को लेकर बड़ी बहस छिड़ी।

2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान सर्वोच्च न्यायालय से सेनाध्पैरामिलिट्री तैनात करने की मांग की गई थी। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे आदेश देना न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह कार्यकार्यपालिका का दायित्व है। बावजूद इसके, कभी-कभी अदालत ने सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए हैं, जैसे 2008 के ओडिशा के दंगों या 2023 के पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों में भी कभी-कभी सेना और मानवाधिकार संस्थाओं के बीच टकराव सामने आते हैं। मगर वहीं बार-बार यह सुनिश्चित किया जाता है कि जनहित और राज्यहित के बीच संतुलन बना रहे। मणिपुर अथवा कश्मीर में जारी घटनाओं में, अदालत के आदेश, सेना के अधिकार और जनता का विश्वासकृतीनों पहलू परस्पर टकरा सकते हैं। मगर, लोकतंत्र की खूबसूरती इनमें संतुलन बनाना और संवाद की प्रक्रिया में सही समाधान ढूंढना ही होना चाहिए। जरूरत इसी बात की है कि अतीत के अनुभवों से सीखकर, आज के तात्कालिक विवादों को अंधी भावनाओं के बजाय गहन विश्लेषण और खुले संवाद द्वारा हल किया जाए। संविधान की साझा जिम्मेदारी मानते हुए सुरक्षा और अधिकार दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। संवाद के बिना, नफरत और अविश्वास बढ़ते हैं। सेना का आत्मसम्मान वही रख सकेगा, जो न्यायपालिका पर भरोसा रखे और न्यायपालिका वही सम्मान पाएगी जो सैनिक के त्याग को समझ सके। इसीलिए, सवाल पूछना गलत नहीं है लेकिन, एक दूसरे पर दोषारोपण करना लोकतंत्र के लिए रचनात्मक नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बसपा का महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया।



मसूद हसन

एक सोची-समझी रणनीति के तहत बहुजन समाज पार्टी ने बिहार में सरकार बनाने के न सिर्फ महागठबंधन के सपने को चकनाचूर कर दिया, सियासी गलियारों में चर्चा है कि बसपा ने बिहार में महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से ही नहीं दिया बल्कि राज्य में एक सीट जीतकर अपनी पैठ भी बना ली। बसपा की इस जीत में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का भी सहयोग या रणनीतिक चाल मानी जा रही है। बीएसपी ने 243 में से 143 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ा और 57 सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, जिससे गठबंधन जादुई आंकड़े को छूने से काफी पीछे रह गया।

बीएसपी ने राज्य में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में अकेली सीट जीतकर बिहार में बढ़त बना ली है। बसपा प्रमुख मायावती ने दावा किया है कि अगर चुनाव श्स्वतंत्र और निष्पक्षश होते तो उनकी पार्टी को कई और सीटें हासिल होतीं। बीएसपी उम्मीदवार सतीश कुमार यादव ने बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को 30 वोटों के मामूली अंतर से हराकर रामगढ़ सीट जीती। बीएसपी ने रामगढ़ सीट पर कब्जा कर लिया है, जिसे पारंपरिक रूप से आरजेडी का गढ़ माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों ने दावा किया है कि यह परिणाम राज्य में एकमात्र सीट हासिल करके बीएसपी के प्रवेश का प्रतीक है। बीएसपी उम्मीदवार सतीश यादव ने बिहार में अच्छे प्रतिशत वोट हासिल करके बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को हरा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आकाश आनंद को पार्टी में प्रोजेक्ट करने के इरादे से एक सीट जीतने के बाद उत्साहित और उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं का मानना है कि आकाश आनंद ही बीएसपी सुप्रीमो मायावती के असली उत्तराधिकारी हैं क्योंकि बीएसपी सुप्रीमो ने आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है, बीएसपी नेतृत्व ने कई बार उन्हें अपना उत्तराधिकारी नामित करने का संकेत दिया है। बामसेफ की पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने संकेत दिया है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी, बीएसपी सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके नेतृत्व में काम करने का निर्देश दिया है, बिहार में विधानसभा चुनाव आकाश आनंद के निर्देशन में लड़ा गया था, बिहार में अन्य राजनीतिक दलों को बड़ा झटका लगा है जबकि बीएसपी किसी तरह एक सीट हासिल करने में सफल रही है।

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया। बीएसपी की रणनीति ने 57 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया है और वे अधर में लटक गए हैं, रामगढ़ सीट पर बीएसपी की सफलता आकाश आनंद को पार्टी में स्थापित करने में मदद करेगी। उत्तर प्रदेश में भी बी एस पी का गढ़ था। पार्टी ने यूपी में अपनी सरकार बनाने के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के साथ क्रमशः एक और तीन बार गठबंधन किया है। बीएसपी ने 2007 में राज्य में आश्चर्यजनक वापसी की थी जब मायावती ने बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन 2022 में, बीएसपी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट जीती और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सेहत ही नहीं, त्वचा के लिए भी फायदेमंद हैं ये फल और सब्जियां

फलों और सब्जियों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी जरूरी होता है। फलों और सब्जियों में मौजूद फाइबर न सिर्फ पाचन को स्वस्थ रखता है, बल्कि इससे आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी लाभकारी होती है। कई ऐसे फल और सब्जियां होती हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनके सेवन से आपको सेहत संबंधी लाभ मिलने के साथ ही स्किन संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

**शकरकंद**

आपको बता दें कि सेहत के साथ-साथ शकरकंद स्किन के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। शकरकंद में बीटा केरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो हमारी त्वचा को नेचुलर रूप से हेल्दी रखने में मददगार होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी पाई जाती है। जो त्वचां संबंधी इंफेक्शन के खतरे को कम करता है। शकरकंद को उबालकर खाने से त्वचा को फायदा मिलता है।

**एवोकाडो**

स्किन के लिए एवोकाडो का सेवन भी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से आपकी त्वचा अंदर से साफ होता है। जब स्किन अंदर से साफ होती है तो बाहर भी इसका निखार साफ पता चलता है। आप चाट या फिर शेक के तौर पर भी एवोकाडो का सेवन कर सकते हैं।

**खीरा**

खीरा में पानी की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से त्वचा हाइड्रेड रहती हैं। वहीं खीरे में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। खीरे के नियमित सेवन से स्किन हाइड्रेट रहने के साथ ही मॉइस्चराइज रहती है।

**संतरा**

विटामिन सी से भरपूर संतरा त्वचा की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। संतरा में आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और ग्लोइंग रखता है। साथ ही संतरे के सेवन झुर्रियां कम होने के साथ कोलेजन बढ़ता है।

**पपीता**

हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में पपीता भी अहम भूमिका निभाता है। पपीता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन-ए, विटामिन बी और विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। साथ ही यह त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है। ऐसे में आप रोजाना पपीते का सेवन कर सकते हैं।

**अनानास**

स्किन को हेल्दी रखने में अनानास भी मददगार होता है। अनानास में विटामिन ए, सी की अधिक मात्रा पाई जाती है। इसमें मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है। वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। जो चोट को जल्दी रिकवर करते हैं। इसके सेवन से आपकी त्वचा हील होने के साथही ग्लोइंग भी बनती है।

## दही का रायता ही नहीं बल्कि कई तरीके से बनाएं चटनी

भारतीय खाने में दही को जरूर शामिल किया जाता है। अक्सर लोग सादा सदी या फिर रायता खाना पसंद करते हैं। बता दें कि पेट के लिए दही काफी फायदेमंद होता है। वहीं इसके सेवन से गट हेल्थ भी बेहतर होती है। भारतीय खाने में चटनी काफी फेमस है। सब्जी और फल से लेकर नारियल तक की चटनी बनाई जाती है। वहीं बोरिंग खाने के स्वाद को चटनी स्वादिष्ट बना देती है। इसलिए अधिकतर घरों में चटनी बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आपने दही चटनी खाई हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आइए जानते हैं दही की चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में।।।

**राजस्थानी स्टाइल में दही चटनी**

पूरे भारत देश में राजस्थानी स्टाइल की चटनी फेमस है। राजस्थान में बनने वाली लहसुन चटनी वाकई स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। अगर आपने राजस्थानी दही-लहसुन की चटनी नहीं खाई हैं, तो आप इस रेसिपी को घर पर ट्राई कर सकते हैं।

**ऐसे बनाकर करें तैयार**

- राजस्थानी स्टाइल की दही चटनी बनाने के लिए सूखे लाल मिर्च को पानी में भिगो दें।
- फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन की कलियों को भूरा होने तक भूनें।
- फिर लहसुन में 2 चम्मच धनिया के बीज, 1 चम्मच जीरा, सूखा लाल मिर्च और आधा चम्मच काली मिर्च डालकर धीमी आंच पर पका लें।
- कुछ देर में चटनी से खुशबू आने लगेगी, तब गैस को बंद कर लें। वहीं पेस्ट को ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
- जब पेस्ट ठंडा हो जाए तो इन्हें अच्छे से पीस लें।
- अब पीसे गए पेस्ट को तेल में डालकर तब तक पकाए जब तक उसका तेल अलग न हो जाए।
- फिर इसमें 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग ,करी पत्ता, 1 चम्मच सरसों और फेटा हुआ दही अच्छे से मिक्स कर दें।
- करीब 5 मिनट तक चलाने के बाद गैस बंद कर दें।
- इस तरह से आपकी दही-लहसुन की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनकर तैयार है।
- इसे आप सादे चावल से लेकर स्नैक्स तक के साथ खा सकते हैं।

**ऐसे बनाएं परफेक्ट चटनी**

- चटनी को घर टेस्टी बनाने के लिए ताजे लहसुन का इस्तेमाल करें।
- क्योंकि लहसुन के खराब होने पर चटनी का स्वाद बिगड़ जाएगा। इस चटनी के लिए अंकुरित लहसुन का इस्तेमाल न करें।
- वहीं ताजे दही का इस्तेमाल करें, क्योंकि अगर दही खट्टा होगा तो चटनी उतनी स्वादिष्ट नहीं होगी।
- अधिक मात्रा में इसमें तेल का उपयोग न करें।
- वही चटनी बनने के बाद इसको सही से स्टोर करें। जिससे कि यह 2-3 दिन चल जाए।
- आप कांच के जार में चटनी को स्टोर करके रख सकती हैं।
- चटनी अधिक पतली नहीं होनी चाहिए। क्योंकि चटनी गाढ़ी अच्छी लगती है।

**दही हरी मिर्च चटनी की रेसिपी**

हरा मिर्च भी खाने के स्वाद को दोगुना करता है। हरी मिर्च का इस्तेमाल खाने को चटपटा करने के लिए किया जाता है। आप चाहें तो हरी मिर्च की चटनी भी बना सकती हैं। आज हम आपको दही और हरी मिर्च की चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इसे घर पर बनाकर खा सकते हैं। हरी मिर्च की चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च को अच्छे से धो लें। फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप स्वादिष्ट चटनी बनाना चाहते हैं, तो मिर्च को मिक्सी की जगह सिलबट्टे पर पीसें। इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा। हरी मिर्च को बारीक पीसने के बाद इसमें दही मिक्स कर लें। फिर इसमें हींग, जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक मिला लें। इस तरह से आपकी दही-हरी मिर्च की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी।

# वेनेजुएला में तख्तापलट करा सकता है अमेरिका

## सीक्रेट ऑपरेशन की तैयारी, इलाके में घेराबंदी कर रहा, टकराव की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में वेनेजुएला के खिलाफ नया ऑपरेशन शुरू हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट भी करवा सकता है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी रायटर्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक शुरुआत सीक्रेट ऑपरेशन से हो सकती है। अभी साफ नहीं है कि यह कदम कब उठाया जाएगा और इसका दायरा कितना बड़ा होगा, लेकिन इतना जरूर है कि ट्रम्प प्रशासन इसे लेकर काफी गंभीर है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई इलाके में बड़ी संख्या में जहाज, विमान और सैनिक तैनात किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और सीक्रेट एजेंसी सीआईए इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रपति



■ ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर गिराएगा गाज

ट्रम्प ड्रग तस्करी रोकने के लिए हर तरह की ताकत का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। कैरेबियाई इलाके में बीते कुछ महीनों से अमेरिकी सेना का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ा अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर 'जेराल्ड आर फोर्ड' और उसके साथ कई युद्धपोत, एक परमाणु पनडुब्बी और एफ-35 विमान तैनात किए गए हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो पर आरोप लगाता रहा है कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं, हालांकि मादुरो इन आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताते हैं। दूसरी तरफ मादुरो का कहना है कि अमेरिका उन्हें सत्ता से निकालना चाहता है, लेकिन देश और सेना किसी भी बाहरी दखल का विरोध करेगी। अमेरिकी सेना सितम्बर से अब तक दर्जनों ड्रग बोट्स पर हमले कर चुकी है, जिनमें 80 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि अमेरिका बिना सबूत के लोगों को मार रहा है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दो महीने पहले वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। हालात और तनावपूर्ण तब हो गए जब अमेरिका की फेडरल एविएशन एजेंसी (एफएए) ने वेनेजुएला के ऊपर उड़ान भरने को लेकर चेतावनी जारी कर दी। एफएए ने कहा कि वेनेजुएला के एयर स्पेस में मिलिट्री एक्टिविटी बढ़ गई है और जीपीएस सिस्टम में दखल जैसी समस्याएं देखी गई हैं, जो उड़ानों के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं।

# मोदी ने जमैका के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के अपने समकक्ष एंड्रयू होलनेस के साथ बातचीत की और कैरेबियाई देश के साथ भारत के मजबूत और बढ़ते रिश्तों को पक्का किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के प्रधानमंत्री मिस्टर एंड्रयू होलनेस से बातचीत की। भारत और जमैका इतिहास से बनी और सांस्कृतिक जुड़ाव से मजबूत हुई दोस्ती से बंधे हैं। हमारी पार्टनरशिप मिलकर तरक्की करने के गहरी प्रतिबद्धता के साथ बढ़ती जा रही है।



**प्रयागराज। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता फॉर्म जमा करते हुए।**

# वियतनाम में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 90 लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम इलाके में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 90 हो गई। समाचार पत्र थान निएन ने वियतनाम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 12 लोग अभी भी लापता हैं। तेज बारिश और बाढ़ से इलाके में 1154 घरों और 80800 हेक्टेयर से जयादा चावल और दूसरी फसलों को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने मध्य प्रांतों में गंभीर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपाय बढ़ाने को कहा है। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने बताया कि वियतनामी सरकार ने इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित इलाकों की सहायता के लिए 700 बिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 26.6 लाख डॉलर) की आपातकालीन मदद दी है।

# गाजा में फिर एयरस्ट्राइक, 24 लोगों की मौत

## सीजफायर के बाद भी नहीं मान रहा इजरायल, 54 लोग घायल, अस्पतालों ने की पुष्टि

**गाजा/तेल अवीव।** इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने हमास ठिकानों में हवाई हमले किए, जिनमें 24 लोगों की मौत हो गई और 54 लोग घायल हुए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली सेना ने दावा किया कि ये हमले उन हमास लड़ाकों के जवाब में किए गए, जिन्होंने संघर्षविराम के बावजूद इजरायल-नियंत्रित क्षेत्र में घुसकर सैनिकों पर गोली चलाई। सेना ने इस घटना को सीजफायर का गंभीर उल्लंघन बताया।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि कार्रवाई में हमास के पांच वरिष्ठ सदस्य मारे गए, जबकि हमास ने आरोप लगाया कि इजरायल बहाने बनाकर युद्ध फिर शुरू करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इजरायल अब तक गाजा में 394 हमले कर चुका है, जिनमें 300 से अधिक लोग मारे गए और करीब 700 से ज्यादा घायल हुए। इससे पहले बुधवार को भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर 25 लोगों को मार दिया था, जब इजरायल ने दावा किया कि हमास ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। गाजा में कई इलाकों पर एक के बाद एक हुए हमलों ने पूरे माहौल को दहशत से भर दिया। गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को



■ गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए

निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए। शिफा अस्पताल के डाक्टरों के मुताबिक, घायलों में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं। इसी के साथ, अल-अवदा अस्पताल के पास एक मकान पर हुए हमले में 3 लोगों की जान गई और 11 घायल हुए। नुसेरात कैंप में एक घर पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। दैर अल-बलाह में एक और आवासीय घर को निशाना बनाए जाने से तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला भी थी। दैर अल-बलाह के खालिल अबू हातब ने भयावह दृश्य बताते हुए कहा अचानक जोरदार धमाका हुआ और चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। यह कैसा संघर्षविराम है? यहां तो कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 से शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 69733 लोग मारे जा चुके हैं, 170000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले में इजरायल में 1,139 लोगों की मौत हुई थी और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया गया था। संघर्षविराम के दौरान भी मौतों का आंकड़ा बढ़ा है, क्योंकि नए हमलों के अलावा मलबे से पुराने शव भी निकाले जा रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने दावा किया है कि फलस्तीनी संगठन हमास पूरे यूरोप में आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है। इसके लिए हमास द्वारा स्लीपर सेल द्वारा आतंकी नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

■ अब यूरोप में हमले की साजिश रच रहा हमास, इजरायली खुफिया एजेंसी ने किया दावा

एक बयान में मोसाद ने कहा कि यूरोपीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है और हथियारों को जब्त किया है। साथ ही कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और हमलों को रोका गया है। मोसाद का कहना है कि हमास का आतंकी नेटवर्क यूरोप में यहूदी समुदाय औरइजरायली नागरिकों पर हमले की साजिश रच रहा था। जर्मनी, आस्ट्रिया जैसे देशों में भी मोसाद ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वित ऑपरेशन चलाकर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पिछले सितम्बर में वियना में आस्ट्रिया की डीएनएस सिक्योरिटी सर्विस ने हथियारों का एक जखीरा ढूंढा, जिनमें विस्फोटक और हैंडगन शामिल थे। सुरक्षा बलों ने मोहम्मद नईम नामक संदिग्ध के बारे में पता लगाया, जांच में पता चला कि मोहम्मद नईम हमास के शीर्ष ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के शीर्ष नेता खलील अल-हया का करीबी बताया जा रहा है। मोसाद ने आरोप लगाया कि हमास का नेतृत्व भी यूरोप में आतंकी नेटवर्क तैयार करने में मदद कर रहा है। तुर्की में भी हमास के संगठन बेस की जांच चल रही है।

# प्रतिबद्धता के साथ हो रियो समझौते का पालन: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील के बेलेम में जलवायु वित्त के मुद्दे को सामने लाने में सीओपी प्रेसीडेंसी के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि जलवायु संरक्षण के मुद्दे पर पूरी दुनिया रियो में 33 वर्ष पहले किए वादों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगी। भारत ने यूएनएफसीसीसी सीओपी30 के समापन पूर्ण सत्र में उच्चस्तरीय वक्तव्य में सीओपी30 प्रेसीडेंसी के समावेशी नेतृत्व का पूरा समर्थन किया और सम्मेलन में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया। भारत ने सीओपी अध्यक्ष के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन समावेसिता, संतुलन पर आधारित रहा और उसने सीओपी30 का ईमानदारी से मार्गदर्शन किया। सम्मेलन में भारत ने जलवायु वित्त प्रदान करने हेतु विकसित देशों के दीर्घकालिक दायित्वों पर जोर दिया और कहा कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना से पूरी उम्मीद है कि 33 वर्ष पहले रियो में किए गए वादे अब बेलेम में उठाए गए शुरुआती कदमों के कारण पूरे होंगे। इसके साथ ही भारत ने सीओपी30 के न्यायसंगत बदलाव तंत्र की स्थापना प्रमुख परिणामों पर संतोष व्यक्त किया।

# आठ में से पांच युद्ध टैरिफ की धमकी से रुकवाए: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने टैरिफ की धमकी देकर आठ में से पांच युद्ध रुकवाए हैं। ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी टैरिफ नीति को कामयाब बताते हुए कहा कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने आठ में से पांच लड़ाइयों को सीधे टैरिफ के खतरे की वजह से रोका।

ट्रम्प ने लिखा कि हम टैरिफ की वजह से विभिन्न देशों से टैरिफ और निवेश के रूप में खरबों डॉलर्स ले रहे हैं। मैंने आठ में से पांच युद्ध को टैरिफ की धमकी से रोका, क्योंकि अगर वे लड़ना बंद नहीं करते हैं तो उन पर टैरिफ लगने का खतरा है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रोकने के लिए भी टैरिफ की धमकी देने का दावा किया था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में ट्रम्प की भूमिका की कभी पुष्टि नहीं की है। ट्रम्प



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं

ने अपने पोस्ट में लिखा कि अब अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है जबकि जो बाइडन के समय में यह इतिहास में सबसे खराब थी। ट्रम्प ने लिखा कि स्टॉक मार्केट 9 महीनों में 48वीं बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि टैरिफ ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद की है और अमेरिका को लूटने वाले लोगों पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी, अमेरिका अब तक का सबसे अमीर, सबसे मजबूत और सबसे इज्जतदार स्थिति में है और इसके वजह उन्होंने खुद के राष्ट्रपति चुने जाने और टैरिफ को बताया।

# भारत ने सीओपी-30 में ब्राजील के नेतृत्व को सराहा

**बेलेम।** भारत ने ब्राजील के बेलेम में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-30 में जलवायु न्याय की मजबूत आवाज बनकर उभरते हुए ब्राजील के समावेशी नेतृत्व की सराहना ही। साथ ही जलवायु न्याय, समानता और वैश्विक एकजुटता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

भारत ने सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व समावेश, संतुलन और ब्राजील की सामूहिक प्रयास की भावना पर आधारित रहा, जिसने पूरे सम्मेलन को सकारात्मक दिशा दी। इसके साथ ही भारत ने ग्लोबल गोल आन एडाप्टेशन (जीजीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया। साथ ही कहा कि यह फैसले विकासशील

■ सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद किया

■ यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा

देशों की जरूरतों को समझते हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे ज्यादा उन पर है। इस दौरान भारत ने दोहराया कि विकसित देशों की लंबे समय से चली आ रही जिम्मेदारी है कि वे विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराएं। भारत ने उम्मीद जताई कि 33 साल पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ेंगे। भारत ने सीओपी-30 के सबसे महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को बताया। भारत ने कहा कि यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा। इस दौरान भारत ने एकतरफा, जलवायु के नाम पर लगाए जाने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों का मुद्दा भी उठाया। साथ ही कहा कि ऐसे कदम विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं और समानता तथा साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारी के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। इस दौरान भारत ने यह भी स्पष्ट कहा कि जलवायु परिवर्तन का बोझ उन देशों पर नहीं डाला जाना चाहिए जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। भारत ने विज्ञान-आधारित, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित जलवायु कार्रवाई के प्रति फिर से प्रतिबद्धता जताई। अंत में, भारत ने ब्राजील और सभी देशों को धन्यवाद दिया।

# दुबई एयर शो में रूसी विमानों ने नमांश सयाल को दी श्रद्धांजलि

**दुबई।** दुबई एयरशो के आखिरी दिन रूसी विमानों टीम ने तेजस हादसे में मारे गए विंग कमांडर नमांश स्याल को खास श्रद्धांजलि दी। रूसी विमानों ने आकाश में मिसिंग मैन फार्मेशन बनाया। रूसी टीम ने बताया कि उन्होंने एयर शो में अपना प्रदर्शन जारी रखने का फैसला इसलिए लिया, ताकि उन भाइयों की याद में उड़ान भरी जा सके जो आखिरी उड़ान से वापस नहीं लौटे। टीम ने कहा कि तेजस क्रैश के तुरंत बाद के पल बयां करना मुश्किल थे। 21 नवम्बर को दुबई एयर शो के दौरान भारतीय तेजस जेट क्रैश हो गया था। हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी। वे विमान से इजेक्ट नहीं कर पाए थे। डेमो फ्लाइट के दौरान तेजस नीचे आकर जमीन से टकराकर क्रैश हो गया।

# अब उत्तरी अफ्रीकी देश में विद्रोह की चिंगारी भड़की

## ट्यूनीशिया में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**ट्यूनिस।** उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। शनिवार को हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रपति काइस सईद के खिलाफ राजधानी ट्यूनिश की सड़कों पर उतरे।

लोग राष्ट्रपति सईद की बढ़ती कथित तानाशाही और जेल में बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने अन्याय के खिलाफ बैनर के तले विरोध प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व जेल में बंद राजनीतिक कैदियों के परिवारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब ट्यूनीशिया आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर परेशानियों से घिरा हुआ है। इससे पहले गुरुवार को ट्यूनीशिया के पत्रकारों ने भी सरकार विरोधी प्रदर्शन किए। दरअसल पत्रकारों ने प्रेस की आजादी को दबाने और प्रमुख नागरिक समाज संगठनों के खिलाफ कार्रवाई विरोध प्रदर्शन किया।



■ प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति सईद न्यायपालिका में दखलअंदाजी कर रहे हैं। साथ ही उन पर अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने आरोप है। जेल में बंद विपक्षी नेता अब्देलहामिद जलसी की पत्नी मोनिया ब्राहिम ने कहा कि वह मार्च में इसलिए शामिल हुई क्योंकि उनका मानना है कि कई ट्यूनीशियाई लोगों के साथ बहुत नाइंसाफी हो रही है। मैं एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों की रक्षा करने आई हूं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कैदी अच्छी तरह जानते हैं कि वे अपने उसूलों, सिविल और पॉलिटिकल एक्टिविज्म के अपने संवैधानिक हक की कीमत चुकाने के लिए जेल में हैं, और आज ट्यूनीशिया में बनी सरकार उन्हें बंधक बनाए हुए है। हिरासत में लिए गए लोगों में से कुछ भूख हड़ताल पर हैं, जिसमें संवैधानिक कानून के प्रोफेसर जाहेर बेन म्बारेक भी शामिल हैं, जो 20 दिनों से जयादा समय से हड़ताल पर हैं। ट्यूनीशिया में बढ़ते दमन पर कई मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि 2022 के आखिर से 50 से ज़्यादा लोगों को, जिनमें राजनेता, वकील, पत्रकार और एक्टिविस्ट शामिल हैं, अपनी बात कहने की आजादी, शांति से इकट्ठा होने या राजनीतिक गतिविधि चलाने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

# बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी

## कहा: अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है

**ढाका।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह आए 5.7 तीव्रता के भूकंप ने कम से कम 10 लोगों की जान ले ली और राजधानी ढाका समेत कई जिलों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचाया।

वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह झटका किसी बड़े विनाशकारी भूकंप की आहट हो सकता है और अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है। शनिवार को भी देश तीन हल्के झटकों से कांपता रहा, जिससे लोगों में डर और बढ़ गया। स्थानीय समाचार पत्र में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार का भूकंप 'ढाका की नाजुकता' को साफ दिखाता है। ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की है। वहीं राजुक ने 50 से अधिक इमारतों में नुकसान की बात



■ ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की

■ राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं

कही है, और मान रही है कि जांच आगे बढ़ने पर यह संख्या और बढ़ेगी। राजुक के चेयरमैन एम. रियाजुल इस्लाम ने कहा कि हमारी जांच जारी है। कई और इमारतें जोखिम भरी मिलेंगी। राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं। बांग्लादेश भूकंप सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रो. मुनाज अहमद नूर ने कहा कि राजुक हमेशा किसी बड़े हादसे के बाद ही जागता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश नेशनल बिल्डिंग कोड का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। नूर के अनुसार, समस्या अक्सर डिजाइन में नहीं बल्कि उसके लागू होने में होती है, जैसे लोहे की मजबूती को गलत जगह लगाना। वहीं बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो. मेहेंदी अहमद अंसारी ने चेतावनी दी कि जिन इमारतों में दरारें या नुकसान दिख रहा है, उनका तुरंत मूल्यांकन होना चाहिए। जोखिम के आधार पर उन्हें श्रेणीबद्ध कर कार्रवाई होनी चाहिए। यह हाल के झटके किसी बड़े भूकंप के पूर्व संकेत यानी पूर्वाभास भी हो सकते हैं। उनका कहना है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़ी घटना में भारी जनहानि हो सकती है। वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक सईद हुमायूं अख्तर ने कहा कि भारत-बर्मा सबडक्शन क्षेत्र में बहुत ऊर्जा जमा हो रही है, जो किसी भी समय बहुत बड़े भूकंप का रूप ले सकती है। ढाका दुनिया के 20 सबसे भूकंप-जोखिम वाले शहरों में शामिल है। घनी आबादी, पुरानी और जर्जर इमारतें, और अवैध निर्माण इसे और ज्यादा असुरक्षित बनाते हैं। इतिहास की

# श्रीलंका: पहले मौके पर गिराएंगे सरकार

**कोलंबो।** श्रीलंका में सरकार और विपक्षी दल के बीच जारी तनाव के बीच पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाले विपक्षी दल ने राष्ट्रीय जनशक्ति (एनपीपी) सरकार पर चुनावी वादों को पूरा ना करने का आरोप लगाया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो पहले मौके पर सरकार को गिरा दिया जाएगा। राजधानी कोलंबो के उपनगर नुगेगोडा में शुक्रवार को आयोजित एक रैली में महिंदा राजपक्षे के बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी नमल राजपक्षे ने कहा कि हम तैयार हैं और सरकार को चेतावनी देते हैं कि हम पहले मौके पर इसे गिरा देंगे। नमल ने आगे कहा कि श्रीलंकाई सरकार को जनता से किए गए अपने वादे पूरे करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल या जमानत पर कई पार्टी नेताओं के बावजूद वह डरेंगे नहीं और संघर्ष जारी रखेंगे। बता दें कि श्रीलंकाई सरकार के खिलाफ आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, हालांकि मुख्य विपक्षी दल एसजेबी ने इसमें भाग नहीं लिया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108